जबलपुर
शनिवार, 20 जुलाई 2024

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

Government of Madhya Pradesh

MPIDC
MP INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.

MSME

The heart of Incredible India

## A Confluence of Industries at "संस्कार धानी"

## INVEST MADHYA PRADESH

REGIONAL INDUSTRY CONCLAVE

20th July, 2024, Jabalpur

Netaji Subhash Chandra Bose Cultural and Information Centre



Narendra Modi
Prime Minister



Dr. Mohan Yadav
Chief Minister

### INAUGURATION

by

## Dr. Mohan Yadav

Chief Minister, Madhya Pradesh

Guests of Honour

**Rakesh Singh**
Minister, Public Works Department, Govt. of MP

**Chetanya Kasyap**
Minister, MSME, Govt. of MP

9:00 am Onwards

3500+ Participants

500+ Buyer-Seller Meetings

5 Sectoral Sessions

Cultural Programme

CONCLAVE HIGHLIGHTS

- BUYER & SELLER MEETINGS
- THEMATIC SESSIONS
- ONE-TO-ONE MEETINGS
- EXHIBITIONS

"Strengthening MSME Fuelling Regional Growth"

FOREIGN DELEGATES

Taiwan, Malaysia, UK, Fiji, Costa Rica, Indonesia



Knowledge Partner
EY Building a better working world

Website : invest.mp.gov.in

National Partner
CII Confederation of Indian Industry

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

MPIDC(@MPIDC)/Twitter MP Industrial Development Corporation (MPIDC) MPIDC I Facebook MPIDC (@mpidc_gomp) MPIDC - YouTube

D-11035/24

Designed by M.P. Madhyam/2024

Released by the Department of Public Relations, M.P.

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी






कोलार के काली घाटी के पास शाम 4 बजे छाया अंधेरा

## बारिश पहले थोड़ी 'थमी'...अब 'जमी'

# राजधानी में 'शाम' हुई नहीं...और, 'रात' हो गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिछले तीन दिनों से उमस और रुक-रुककर हो रही बारिश के साथ शुक्रवार को प्रदेश के एक दर्जन जिलों में बारिश दर्ज की गई। छह से अधिक जिलों में तेज बारिश का दौर जारी है। शाम चार बजे घने बादलों से शाम से पहले रात जैसा नजारा बन गया। फिर घने बादल दो घंटे तक लगातार बरसे। इसके बाद रुक-रुककर बारिश का दौर जारी रहा। राजधानी सहित एक दर्जन जिलों में चार दिन तक ऐसा ही मौसम रहने के आसार बने हुए हैं। गुरुवार को भी तेज बारिश होने से आम लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली थी, लेकिन दोपहर तक तेज उमस ने दोबारा से बेहाल कर दिया। शाम को हुई बारिश से राहत मिली है।

**भोपाल समेत आधा दर्जन जिलों में तेज बारिश, आज भी जमकर बरसेगा पानी**

» चार दिन होगी लगातार झमाझम बारिश

» प्रदेश में अब तक हुई औसतन 250 मिमी बारिश

### मानसूनी सिस्टम गुना से होकर गुजर रहा

-शुक्रवार को भोपाल, विदिशा, रायसेन, राजगढ़, गुना, ग्वालियर, छिंदवाड़ा हरदा, बैतूल, सागर, सतना और बालाघाट में दोपहर बाद तेज पानी गिरा। भोपाल में 36 मिली मीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। वही, रायसेन में 25 मिमी से ज्यादा पानी बरस गया। प्रदेश में अब तक औसतन 250 मिमी बारिश हुई है, जो मानसूनी कोटे की बारिश का 30 फीसदी है। मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि मानसूनी सिस्टम गुना से होकर गुजर रहा है।

### पूर्वी हिस्से में 19 फीसदी कम बारिश

प्रदेश में 21 जून को मानसून ने आमद दी थी। इसके बाद से तेज बारिश का दौर चल रहा है। हालांकि, पूर्वी हिस्से में अभी भी मानसून अपना असर नहीं दिखा पा रहा है। यहां 19 फीसदी कम बारिश हुई है जबकि पश्चिमी हिस्से में 7 फीसदी ज्यादा बारिश है। ओवरऑल बात करें तो अब तक 6 फीसदी बारिश कम हुई है।

### आठ जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

शनिवार को अति भारी बारिश का सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, खंडवा, खरगोन, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। जबकि रायसेन, भोपाल, हरदा, बुरहानपुर, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, शाजापुर, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, मंडला, सागर में तेज बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है।



दिन में लाइट जलानी पड़ी, बोर्ड ऑफिस

## खबर संक्षेप

### भूस्खलन में अब तक 7 की मौत, 3 लापता



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले के शिरूर गांव में भारी भूस्खलन के बाद लापता हुए केरल के एक लॉरी चालक समेत तीन लोगों की तलाश के लिए अभियान जारी है। शुक्रवार को एक और शव बरामद होने के बाद 16 जुलाई को हुए भूस्खलन में मरने वालों की संख्या बढ़कर सात हो गई। जिले की उपायुक्त के. लक्ष्मी प्रिया ने बताया कि अब तक सात शव की पहचान हो चुकी है।

### द्रमुक नेता सादिक की ईडी हिरासत 4 दिन बढ़ी



**चेन्नई।** चेन्नई की एक अदालत ने द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) के बर्खास्त पदाधिकारी जाफर सादिक की धनशोधन मामले में ईडी की हिरासत शुक्रवार को चार दिन के लिए बढ़ा दी। ईडी ने तीन दिन की हिरासत अवधि पूरी होने के बाद जाफर सादिक को प्रधान सत्र न्यायाधीश एस. अली के समक्ष पेश किया। न्यायाधीश ने चार दिन की हिरासत मंजूर की।

### नीट केस: एमबीबीएस की छात्रा गिरफ्तार




**रांची।** सीबीआई ने रांची के राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान के प्रथम वर्ष के एमबीबीएस छात्रा को नीट-यूजी प्रश्नपत्र चुराने वाले इंजीनियर के साथ काम करने वाले 'सॉल्वर मॉड्यूल' का हिस्सा होने के आरोप में गिरफ्तार किया। सीबीआई ने दो दिनों की विस्तृत पूछताछ के बाद सुरभि कुमारी को हिरासत में लिया। गुरुवार को एम्स पटना के चार एमबीबीएस छात्रों को गिरफ्तार किया था।

### यूपी के पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य फरार घोषित



**लखनऊ।** पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य और उनकी पूर्व सांसद बेटी संघमित्रा को कोर्ट ने फरार घोषित कर दिया है। एमपी एमएलए कोर्ट ने पिता-बेटी को फरार घोषित कर दिया है। बिना तलाक लिए धोखाधड़ी करके विवाह करने के मामले में दायर केस में लगातार पेशी पर नहीं आने के बाद कोर्ट ने आदेश जारी किया है। दीपक कुमार स्वर्णकार ने की शिकायत पर केस चल रहा है।

## संस्कारधानी जबलपुर में आज मप्र के दूसरे रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का शुभारंभ करेंगे सीएम

# 3500 से अधिक निवेशक होंगे शामिल मप्र की निवेश क्षमताओं से होंगे रू-ब-रू

*मुख्यमंत्री 60 से अधिक इकाइयों का वर्चुअली उद्घाटन कर उद्योगपतियों से वन-टू-वन चर्चा भी करेंगे*

**संतुलित एवं समतापूर्ण विकास को मिलेगा बढ़ावा**

*आरआईसी में बैद्यनाथ समूह, आईटीसी, वोल्वो आयशर, बेस्ट कॉर्प, एसआरएफ एवं दावत समूह जैसे प्रमुख औद्योगिक समूह भाग लेंगे*

*ताईवान, मलेशिया, ब्रिटेन, फिजी, जापान और इंडोनेशिया का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रमुख विदेशी प्रतिनिधि भी इसमें शामिल होंगे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

राज्य सरकार शनिवार 20 जुलाई को सुबह 9 बजे से संस्कारधानी जबलपुर में अपना दूसरा रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव (आरआईसी) आयोजित करने जा रही है। इस कॉन्क्लेव का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में प्रमुख उद्योगपतियों, विभिन्न उद्योग संघों के प्रतिनिधियों और प्रमुख विदेशी प्रतिनिधियों समेत 3500 से अधिक उद्योग जगत की प्रमुख हस्तियां शामिल होंगी।

मुख्यमंत्री 60 से अधिक इकाईयों का वर्चुअली उद्घाटन कर उद्योगपतियों से वन-टू-वन चर्चा भी करेंगे। आरआईसी में बैद्यनाथ समूह, आईटीसी, वोल्वो आयशर, बेस्ट कॉर्प, एसआरएफ एवं दावत समूह जैसे प्रमुख औद्योगिक समूह भाग लेंगे। इसके साथ ही ताईवान, मलेशिया, ब्रिटेन, फिजी, जापान और इंडोनेशिया का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रमुख विदेशी प्रतिनिधि भी इसमें शामिल होंगे।

### कॉन्क्लेव का उद्देश्य क्षेत्रीय क्षमता का दोहन करना है



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छिंदवाड़ा और जबलपुर सहित अन्य क्षेत्रों के उद्योगपतियों के साथ बैठक कर औद्योगिक निवेश के लिए प्रोत्साहित किया। कॉन्क्लेव का उद्देश्य क्षेत्रीय क्षमता का दोहन कर औद्योगिक विकास में क्षेत्रीय असमानताओं को दूर करना है। जबलपुर क्षेत्र की औद्योगिक क्षमताओं और अवसरों से निवेशकों को रू-ब-रू करवाकर क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देना है। इस इनोवेटिव कान्क्लेव का उद्देश्य प्रमुख बाजारों से निवेशकों को एक मंच पर लाकर, सार्थक चर्चा कर सहयोग को बढ़ावा दिया जाना है।




### क्षेत्रीय सत्रों में होगी क्षेत्र विशेष में निवेश पर विस्तृत चर्चा

जबलपुर एवं आसपास के क्षेत्र की निवेश संभावनाओं पर केंद्रित 5 क्षेत्रीय सत्र आयोजित किए जाएंगे। इनमें कृषि, खाद्य एवं डेयरी प्र-संस्करण, रक्षा, खनन एवं खनिज, कपड़ा एवं परिधान तथा पर्यटन शामिल हैं। साथ ही उद्योग संघों, स्टार्ट-अप्स एवं रक्षा, कपड़ा एवं परिधान के विशेषज्ञों के साथ राउंड-टेबल चर्चा भी होगी। कॉन्क्लेव में 300 से अधिक क्रेता-विक्रेता मीटिंग्स और वन-टू-वन चर्चा भी होंगी। निवेशकों को महाकौशल का अनुभव प्रदान करने के लिए जबलपुर एक्स-पो और रक्षा प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम और नेटवर्किंग डिनर के साथ होगा, जिसमें क्षेत्र की संस्कृति और व्यंजनों का प्रदर्शन किया जाएगा।

### औद्योगिक विकास में प्रथम स्थान पर होगा मप्र

यादव ने कहा कि प्रदेश में उद्योग और व्यापारिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार हरसंभव पहल कर रही है। मार्च माह में उज्जैन में हुई इन्वेस्टर समिट में 75 हजार करोड़ रुपए से अधिक के प्रस्ताव प्राप्त हुए। इसी क्रम में 20 जुलाई को जबलपुर में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित की जा रही है। इसमें देशभर से निवेशक और औद्योगिक घराने तथा प्रदेश के उद्यमियों से निवेश के नए प्रस्ताव आने की संभावना है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के संसाधनों के आधार पर कृषि, शिक्षा, चिकित्सा तथा कुटीर-लघु-मध्यम और भारी उद्योगों के माध्यम से हम प्रदेश को प्रगति के पथ पर अग्रसर करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत हैं। राज्य शासन प्रदेश को औद्योगिक विकास के क्षेत्र में देश में प्रथम स्थान पर लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## यूपीएससी की जांच में कई खुलासे

# आईएएस पूजा खेडकर की अफसरी जानी लगभग तय!

*यूपीएससी ने पूजा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई, रद्द होगी उम्मीदवारी*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने शुक्रवार को विवादित ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर के खिलाफ कई कार्रवाई करने की बात कही है। यूपीएससी ने पूजा खेडकर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी है।

### पहचान बदलकर दी कई बार परीक्षा

यूपीएससी द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा है गया है कि इस जांच से यह पता चला है कि उसने (पूजा खेडकर) ने अपना नाम, अपने पिता और माता का नाम, अपनी तस्वीर/हस्ताक्षर, अपनी ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर और पता बदलकर अपनी पहचान बदलकर

## प्राकृतिक नजारों से यात्री होंगे रूबरू

# पातालपानी-कालाकुंड के बीच आज से फिर चलेगी हेरिटेज ट्रेन

*ट्रेन सप्ताह में प्रति शनिवार व रविवार चलेगी बुकिंग भी शुरू*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की मांग व उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए पातालपानी-कालाकुंड हेरिटेज ट्रेन फिर से शुरू की जा रही है।

यह ट्रेन 20 जुलाई से प्रति शनिवार एवं रविवार चलेगी। इस साल अप्रैल महीने में गर्मी के वजह से ट्रेन को कुछ समय के लिए बंद




किया गया था। महू में पातालपानी-कालाकुंड हेरिटेज ट्रेन का संचालन दिसंबर 2018 में शुरू हुआ था। यह ट्रेन सुरंगों और 42 से अधिक पुलों से होकर गुजरती है। ट्रेन से झरनों और पहाड़ों के दृश्य दिखाई देते हैं और मानसून के दौरान ये दृश्य काफी मनमोहक होते हैं।

## सफल हो चुका है ट्रायल

# दुनिया के सबसे ऊंचे रेल पुल से 15 अगस्त से दौड़ सकती है ट्रेन

*भारतीय रेलवे रियासी और संगलदान तक शुरू करेगा नियमित सेवा*



एजेंसी ▶▶ जम्मू

चिनाब नदी पर स्थित दुनिया के सबसे ऊंचे रेल पुल पर से 15 अगस्त से रेलगाड़ी दौड़ सकती है। इसके लिए तैयारियां पूरी की जा रही हैं। इससे पहले पुल पर से ट्रेन के ट्रायल सफल रहे हैं।

ऐसे में ट्रेन से कश्मीर जाने का इंतजार और कम होता दिख रहा है। अभी कश्मीर घाटी में बारामुला से संगलदान (रामबन) तक ट्रेन चल रही है। और देश के इस तरफ कन्याकुमारी से कटड़ा (रियासी) तक ट्रेन चल रही है। भारतीय रेलवे रियासी और संगलदान के बीच नियमित सेवा शुरू करने की तैयारी कर रहा है। इस बहुप्रतीक्षित सेवा को 15 अगस्त को हरी झंडी दिखाने के प्रयास किए जा रहे हैं। कश्मीर रेल लिंक परियोजना के तहत शुरू की गई इस सेवा के तहत यात्री जम्मू के रियासी से कश्मीर के बारामुल्ला तक यात्रा कर सकेंगे।

यह उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) परियोजना में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। भौगोलिक और टेक्टोनिक रूप से चुनौतीपूर्ण परियोजना, लंबी सुरंगों और सबसे ऊंचे पुल वाली यह परियोजना मेक-इन-इंडिया का प्रमाण है।

## भाजपा सांसद को जान से मारने की धमकी

# फोन पर कहा- हिंदुत्व की बात की तो मरवा दूंगा, एसपी से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



■ यूपी के कानपुर के नंबर से फोन आने की बात

हिन्दूवादी नेता व देवास-शाजापुर संसदीय क्षेत्र के सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी को फोन पर जान से मारने की धमकी मिली। बताया जा रहा किसी कानपुर यूपी के नंबर से सांसद को कॉल आया था। हालांकि मामले को लेकर सांसद ने एसपी संपत उपाध्याय को शिकायत करने की बात कही है। साथ ही संबंधित सिविल लाइन थाना क्षेत्र में एफआईआर भी दर्ज कराई गई हैं। बता दें सांसद महेंद्र सोलंकी दोबारा देवास-शाजापुर के सांसद बने है। जो अपने सनातनी व हिन्दू वादी छवि को लेकर प्रचलित हैं। वे जज की नौकरी छोड़ भाजपा से दूसरी बार सांसद का चुनाव लड़कर जीते हैं।

## उज्जैन में बच्चों के विवाद में फायरिंग

# पुलिस के सामने ही भाजपा नेता को लाइसेंसी बंदूक से गोली मारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन



■ भाजपा नेता की हालत खतरे से बाहर, आरोपी रिटायर्ड जवान फरार

गुरुवार रात बच्चों के पुराने विवाद ने बड़ा रूप ले लिया। बात इतनी बढ़ गई की रिटायर्ड जवान ने अपनी लाइसेंसी बंदूक से भाजपा नेता पर गोली चला दी और वहां से फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक विवाद की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी और दोनों पक्षों को समझने की कोशिश कर रही थी। इसी बीच आरोपी ने पुलिस के सामने ही गोली चला दी और वहां से फरार हो गया। पुलिस घायल भाजपा नेता को लेकर निजी अस्पताल पहुंची जहां डॉक्टर ने उपचार के बाद उन्हें खतरे से बाहर बताया है।

## केदारनाथ मंदिर से गायब हुआ 228 किलो सोना?

# शंकराचार्य के आरोप पर सीएम धामी बोले- बाबा के घर में कोई इस तरह का कृत्य करेगा तो 'बच' नहीं सकता

*धामी ने कहा कि जब से मंदिर का निर्माण और नवनिर्माण हुआ है तब से लेकर आज तक इतना सोना मंदिर में नहीं आया होगा। उन्होंने एक आंकलन देते हुए बताया कि इसका चौथाई हिस्सा ही आज तक मंदिर में आया होगा*

एजेंसी ▶▶ देहरादून

बीते दिनों ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने केदारनाथ मंदिर से 228 किलो सोना गायब होने का आरोप लगाया था। उनके इस आरोप का कई साधु-संतों ने खंडन किया था। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के आरोप लगाने के 5 दिन बाद अब उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का इस आरोप का खंडन किया है।

उन्होंने कहा कि अविमुक्तेश्वरानंद द्वारा लगाए गए सभी आरोप तथ्य से परे हैं। इस दौरान उन्होंने केदारनाथ धाम समेत चारों धाम के विकास में प्रधानमंत्री मोदी के योगदान के बारे में भी बताया।



### स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने लगाया था आरोप

बीते दिनों स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद, अनंत अंबानी की शादी के लिए मुंबई पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के आवास पर पहुंचकर मुलाकात की थी। यहां से निकलने के दौरान स्वामी ने केदारनाथ मंदिर से सोना गायब होने क आरोप लगाया था।

जबलपुर
शनिवार, 20 जुलाई 2024
- आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष-15
- वर्ष : 19, अंक : 81
- पृष्ठ : 2+12=14, मूल्य : 3.00 रुपये

मौसम
अधि. 34
न्यून. 26

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



6 एसडीजी में भारत का शानदार प्रदर्शन





मैट्रो
12 खड़े हाईवा से ट्रक टकराया आग लगी...







### माइक्रोसॉफ्ट का सर्वर डाउन...एक बग और 50 साल पीछे चली गई दुनिया

# दुनियाभर में 'हड़कंप'

## ◆ भारत समेत कई देशों में एयरलाइंस, टीवी बैंकिंग और कई कॉर्पोरेट कंपनियां सब ठप


**इंडिगो की 192 फ्लाइट रद्द, रिफंड या दोबारा बुक करने का विकल्प भी नहीं**

एयरलाइन इंडिगो ने 192 फ्लाइट रद्द कर दी हैं और सभी फ्लाइट की लिस्ट शेयर की है। इन फ्लाइट के लिए रिफंड या दोबारा बुक करने का विकल्प भी फिलहाल उपलब्ध नहीं है। कई यात्रियों को यह सूचना तक नहीं मिली कि उनकी फ्लाइट रद्द हो चुकी है। एयरपोर्ट पहुंचने के बाद उन्हें निराश होकर लौटना पड़ा।



बेंगलुरू में एयरपोर्ट्स पर चेक-इन सिस्टम ठप होने से पैसेंजर्स को लंबा इंतजार करना पड़ा।





### भारत सरकार कंपनी के संपर्क में

1 आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सरकार वैश्विक आउटेज को हल करने के लिए माइक्रोसॉफ्ट के संपर्क में है

2 इस आउटेज का कारण पहचान लिया गया है और इस मुद्दे को हल करने के लिए अपडेट जारी किए गए हैं

3 सीईआरटी टेक्निकल एडवाइजरी कर रहा है, वैश्विक आउटेज का असर एनआईसी नेटवर्क पर नहीं पड़ा है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिग्गज आईटी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट का शुक्रवार को सर्वर डाउन हो गया, जिसकी वजह से दुनियाभर में हड़कंप मच गया है। भारत समेत कई देशों में एयरलाइंस, टीवी, बैंकिंग और कई कार्पोरेट कंपनियों पर भी असर पड़ा है। वहीं, अब भारत के आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने माइक्रोसॉफ्ट से संपर्क किया है। आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सरकार वैश्विक आउटेज को हल करने के लिए माइक्रोसॉफ्ट के संपर्क में है।

उन्होंने कहा कि इस आउटेज का कारण पहचान लिया गया है और इस मुद्दे को हल करने के लिए अपडेट जारी किए गए हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने बताया कि सीईआरटी टेक्निकल एडवाइजरी कर रहा है। वैष्णव ने बताया कि वैश्विक आउटेज का असर एनआईसी नेटवर्क पर नहीं पड़ा है। इस संबंध में आईटी मंत्री ने अपने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट भी किया है।



## एयरलाइंस ने यात्रियों के लिए मैन्युअल चेक-इन का सहारा लिया



भारत में विस्तारा, इंडिगो, स्पाइसजेट और अकासा एयर को तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जिससे बुकिंग, चेक-इन और फ्लाइट अपडेट प्रभावित हो रही हैं। एयरलाइन्स ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि अब इन एयरलाइंस ने यात्रियों के लिए मैन्युअल चेक-इन का सहारा लिया है। इस बीच, भारतीय एयरलाइंस ने अपने सिस्टम को प्रभावित करने वाली मौजूदा गड़बड़ी पर बयान जारी किया। अकासा एयरलाइंस के प्रवक्ता ने कहा कि हमारे सेवा प्रदाता के साथ बुनियादी ढांचे के मुद्दों के कारण, बुकिंग, चेक-इन और बुकिंग सेवाओं के प्रबंधन सहित हमारी कुछ ऑनलाइन सेवाएं अस्थायी रूप से अनुपलब्ध रहेंगी।

### उड्डयन मंत्री ने की यात्रियों के धैर्य की सराहना...

## एयरपोर्ट पर यात्रियों के लिए खाने का प्रबंध

नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने अपनी फ्लाइट के लिए प्रतीक्षा कर रहे यात्रियों के बैठने के लिए अतिरिक्त जगह, पानी और भोजन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। दुनियाभर के देशों में हवाई अड्डों पर फ्लाइट्स में देरी के चलते यात्रियों को असुविधा का समाना करना पड़ रहा है। नायडू ने यात्रियों के धैर्य के सराहना की।

### 13.39 खरब का लग गया चूना, धड़ाम शेयर

माइक्रोसॉफ्ट ब्लू स्क्रीन एरर के पीछे की वजह बनी साइबर सिक्योरिटी फर्म क्राउडस्ट्राइक के शेयरों में जबरदस्त गिरावट आई है। इसने एक ही दिन में अपनी करीब 21 फीसदी वैल्यू खो दी। अनऑफिशियल ट्रेडिंग में कंपनी का शेयर 21 फीसदी डाउन था।

### क्राउडस्ट्राइक के सीईओ ने बताया क्यों ठप हुईं माइक्रोसॉफ्ट की सेवाएं?

## साइबर अटैक या सिक्योरिटी इंसिडेंट नहीं

क्राउडस्ट्राइक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जॉर्ज कुट्र्ज ने बताया है कि परेशानी की असली वजह क्या है और इससे कैसे निपटा जा रहा है। जॉर्ज कुट्र्ज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर तकनीकि खामी की असली वजह बताई। उन्होंने यह भी बताया कि जिस वजह से समस्या आई थी, उसे अलग कर दिया गया है और इसे ठीक कर दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि जिन कंपनियों के लोगों को परेशानी हो रही है, उन्हें आधिकारिक चैनल के जरिए क्राउडस्ट्राइक के कर्मचारियों से संपर्क करना चाहिए। क्राउडस्ट्राइक उन ग्राहकों के साथ सक्रिय रूप से काम कर रहा है।



### क्या है क्राउटस्ट्राइक ?

क्राउडस्ट्राइक एक साइबर सिक्योरिटी कंपनी है। यह दुनियाभर के अधिकांश कंप्यूटर और लैपटॉप के लिए एक एडवांस्ड साइबर सिक्योरिटी सॉल्यूशन देता है। इसको लेकर लगातार आ रही रिपोर्ट के मुताबिक क्राउड स्ट्राइक का एक एक मेन प्रोडक्ट फाल्कन है और इसी प्रोडक्ट में समस्या आई थी। क्राउडस्ट्राइक अपने यूजर्स को क्लाउड बेस्ड एंडपॉइंट प्रोटेक्शन सॉल्यूशन देती है। कंपनी का फाल्कन प्रोडक्ट नेटवर्क पर मैलिशियस यानी वायरस वाली फाइल्स का पता लगाता है।

### *यात्रियों को रूस में एयरपोर्ट पर ही गुजारनी पड़ी रात, खाने-पानी को तरसे, अब मुंबई से भेजी गई फ्लाइट*

*दिल्ली से अमेरिका जा रहे एयर इंडिया के विमान की रूस के क्रास्नोयार्स्क इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर आपात लैंडिंग के बाद यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। विमान से उतरे यात्रियों को न तो एयरपोर्ट पर ठीक से खाना मिला और न ही पानी। यात्रियों ने एक्स पर पोस्ट कर एयर इंडिया से मदद की गुहार लगाई।*


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


### खबर संक्षेप

#### पंजाब: सेना की वर्दी में दिखे चार संदिग्ध

**जम्मू।** जम्मू में आतंकी वारदातों के बाद से पंजाब में भी जवान अलर्ट मोड पर हैं। इसी बाबत



पठानकोट के मामनू के अंतर्गत चार संदिग्ध सेना की वर्दी में दिखे। इसके बाद शुक्रवार सुबह से ही पुलिस के जवान सर्च अभियान में जुटे हैं। किसान द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार संदिग्धों ने उससे मामनू जाने का रास्ता पूछा। किसान ने बताया कि वह काफी डर गया था।

#### विनय क्वात्रा बने अमेरिका में भारत के नए राजदूत

**नई दिल्ली।** आईएफएस अधिकारी विनय मोहन क्वात्रा को अमेरिका में भारत का नया राजदूत



नियुक्त किया गया है। वह जल्द ही अपना पदभार ग्रहण करेंगे। भारतीय विदेश मंत्रालय ने क्वात्रा की नियुक्ति का ऐलान वेबसाइट पर किया है। बताया है कि वह जल्द कार्यभार संभाल लेंगे। बता दें कि पहले विनय क्वात्रा भारत के विदेश सचिव रहे।

### डिंडौरी में डायरिया का प्रकोप



## मनोरी के बाद बिझौरी में अस्पताल में हुई छठवीं मौत, एक गंभीर

अमरपुर जनपद की ग्राम मनोरी में डायरिया से गत दिनों 5 लोगों की मौत हो चुकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डिंडौरी

आदिवासी इलाके में दूषित पानी पीकर लोग बीमार पड़ रहे हैं। ताजा मामला अमरपुर जनपद की ग्राम बिझौरी का है, जहां उल्टी दस्त से एक युवक की जिला अस्पताल में मौत हो गई। परिजनों ने युवक को उल्टी दस्त की समस्या के चलते जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया था।

#### स्वच्छ पानी पीने को नहीं मिल रहा

बजाग, समनापुर, अमरपुर, करंजिया सहित अन्य जनपदों में वर्षा के दौरान ग्रामीणों को स्वच्छ पानी पीने को नहीं मिल रहा है। इसी के चलते डायरिया के मरीज लगातार सामने आ रहे हैं। बताया गया कि पीएचई के साथ स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों पर लगातार लापरवाही की आरोप लग रहे हैं।

### अशोकनगर के डेंगा में उल्टी-दस्त से 18 बीमार

## स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया सर्वे, टैंकर से भेजा गया पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले के ईसागढ जनपद के अंतर्गत ग्राम डेंगा मे उल्टी दस्त के प्रकोप से 18 लोग बीमार हो गए। जिनमे 12 बच्चे शामिल है। इन सभी के द्वारा एक बोर के पानी का उपयोग किया था। जिसके आस पास गंदगी फैली थी। जानकारी मिलने के बाद गाव मे



स्वास्थ्य विभाग की 6 टीमे घर घर पहुचकर सर्वे कर रही हैं।

### जबलपुर में हाइवा के पीछे जा घुसा ट्रक

## टक्कर के बाद लगी भीषण आग ड्राइवर-कंडक्टर जिंदा जल गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर रीवा-नागपुर हाईवे पर शुक्रवार की सुबह साढ़े चार बजे एक ट्रक सड़क किनारे खड़े हाइवा से टकरा गया। टक्कर के बाद आग लगने से चालक और कंडक्टर की जिंदा जल गए।

हादसा पनागर थाना के ग्राम बननोदा के पास हुआ है। ट्रक उत्तरप्रदेश के प्रयागराज से जबलपुर तरफ आ रहा था। उसी दौरान यह हादसा हुआ हैं। जानकारी मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन जब आग बुझाई जाती तब तक चालक और कंडक्टर की मौत हो चुकी थी। पनागर नगर परिषद से पहुंची। (विस्तृत पेज 12 पर)

### डीएनए से हो सकेगी शवों की पहचान



#### *कटर मशीन से ट्रक को काट कर शवों को निकाला*

*पनागर थाना प्रभारी अजय बहादुर सिंह का कहना है कि ट्रक में आग लग जाने के कारण दोनों ही शव बुरी तरह से जल चुके थे। कटर मशीन से काटकर दोनों के शवों को बाहर निकाला गया। शवों की पहचान ट्रक मालिक भी नहीं कर पाया है। पुलिस अब डीएनए रिपोर्ट के बाद ही नाम बता पाएगी।*

### सागर हाईवे पर पलटा टमाटर से भरा ट्रक

## ड्राइवर रोकता रहा और लोग बोरियों कैरेट में भरकर लूट ले गए टमाटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

जिले में टमाटर की लूट मच गई। लोग अपने गाड़ियों में टमाटर के कैरेट रखकर भागने लगे। पास के गांव से महिलाएं, बच्चे और पुरुष आकर टमाटर को बोरियों में भरकर ले जाने लगे। लोगों को टमाटर लूटने से रोकने के लिए पुलिस बुलानी पड़ी।

जब तक पुलिस पहुंची तब तक देर हो चुकी थी। मामला सागर के खुरई का है। शुक्रवार को बांदरी थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे-44 पर रजौआ गांव के पास टमाटर से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हाईवे से गुजरने वाले लोग और आसपास रहने वाले लोगों ने टमाटर की लूट मचा दी।

### पुलिस आने तक पूरा ट्रक हो गया खाली



#### टमाटर का भाव 100 रुपए किलो

बता दें कि मध्य प्रदेश में बारिश के बाद से सब्जियों के भाव बढ़ गए है। इंदौर के मंडी में टमाटर 70-80 रुपए किलो मिल रहा है वहीं टमाटर का बाजार में भाव 100 रुपए से अधिक है। बारिश से फसल प्रभावित होने के कारण उत्पादन में कमी आई है।

### मंत्री विजयवर्गीय की अध्यक्षता में मंत्रालय में नगर पालिक निगमों की समीक्षा बैठक हुई

पर जनता का काम नहीं रूकना चाहिए

## नगर निगमों में सरकार अलग से पैसा नहीं देगी, अपने संसाधन से आय अर्जित कर निगम अपना खर्च चलाएं

### अनाधिकृत कालोनियों पर सख्ती से रोक लगाई जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि सभी नगर निगम टैक्स बढ़ाकर या फिर नया टैक्स लगाकर आय बढ़ा सकते हैं। सरकार अलग से कोई पैसा नहीं दे रही है, ऐसा कोई वादा भी नहीं किया है। आप खुद अपनी खर्चो में कटौती कर अपनी जरूरतों को पूरा कर सकते हैं।

### आय को बढ़ाकर आत्मनिर्भर बने नगर निगम, सरकार की यही रहेगी प्राथमिकता

### फायर एक्ट व किराएदारी कानून लागू करने की दिशा में अविलंब निर्णय लें



#### प्रतिष्ठित नागरिकों की सूची बनाएं

विजयवर्गीय ने कहा कि जनभागीदारी से अधिकांश योजनाओं को बढ़ावा देने पर भी सभी महापौर विचार कर सकते हैं। शहर के प्रतिष्ठित नागरिकों की सूची बनाएं, जिसमें इंजीनियर, आर्किटेक्ट, प्रोफेशनल्स, कलाकार आदि सभी प्रकार के नागरिक शामिल हों, जिन्हें शहर के विकास में साथ लेकर चलें।

#### यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए काम करें

विजयवर्गीय ने कहा कि शहरों में यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए बारात, जुलूसों आदि के लिए नियम बनाए जाएंगे। शासन के विभिन्न विभाग जैसे लोक निर्माण, गृह निर्माण मंडल, रेल्वे, विद्युत, दूरसंचार आदि विभाग, नगरीय क्षेत्रों में अपने विभागीय कार्यों को करने के पहले आयुक्त एवं महापौर से चर्चा कर लें, जिससे सड़कों पर टूट-फूट होने को रोका जा सके। इसके लिए भी आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए जाएंगे।

# संगम ढाबा बना सलीम भोजनालय व चाय लवर पॉइंट अहमद टी स्टॉल

एजेंसी ▶▶ मुजफ्फरनगर

उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा से पहले मुजफ्फरनगर में खाने-पीने और फल की दुकान लगाने वाले दुकानदारों को अपने-अपने नाम लिखकर डिस्प्ले करने के लिए कहा गया है। यही नहीं अपनी दुकानों- होटलों पर काम करने वालों का नाम भी लिखने का आदेश जारी किया गया है।

इसे लेकर स्थानीय प्रशासन का कहना है कि सामान लेने वाले को यह पता होना चाहिए कि वो किसकी दुकान से खरीदारी कर रहा है। किसी को कोई संदेह नहीं होना चाहिए। सीएम योगी ने यह व्यवस्था पूरे प्रदेश में लागू करने का निर्देश दे दिया है। यहां दुकानदार, मालिक अपना नाम दुकानों के आगे लिखकर टांग रहे हैं।

## मुजफ्फरनगर में कांवड़ रूट की दुकानों के असली नाम दिखे




### सलीम 25 साल से कर रहे हैं व्यवसाय

*दिल्ली-देहरादून नेशनल हाइवे-58 पर काफी कुछ बदला-बदला दिखा। हाइवे पर चाय की दुकान लगाने वाले एक मुस्लिम शख्स की दुकान का नाम कुछ दिन पूर्व 'चाय लवर पॉइंट' हुआ करता था लेकिन पुलिस के आदेश के बाद इस दुकान के मालिक फहीम ने अब अपनी दुकान का नाम 'वकील अहमद टी स्टॉल' रख दिया है। वहीं, 25 साल से 'संगम शुद्ध भोजनालय' के नाम से चलने वाले ढाबे का नाम अब पुलिस के आदेश के बाद 'सलीम शुद्ध शाकाहारी भोजनालय' हो गया है। सलीम का कहना है कि 25 साल से उसके ढाबे का नाम संगम शुद्ध भोजनालय था।*

**सुरक्षा के लिए 300 से अधिक वाहनों का रूट डायवर्जन**

कांवड़ यात्रा के निर्धारित मार्गों को आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए प्रदेश सरकार ने प्रशासन को सख्त निर्देश दिए हैं। इससे करीब 300 से अधिक बसों का रूट बदल दिया गया। परिवहन विभाग ने रोडवेज बसों के लिए अंतिम रूट मैप तैयार कर लिया है।

### अब उत्तराखंड में भी आदेश
## कांवड़ मार्ग पर दुकानदारों को लिखना होगा नाम



**हरिद्वार।** उत्तर प्रदेश की तरह अब उत्तराखंड में भी कांवड़ यात्रा के रूट पर दुकानदारों को होटल और ढाबे वालों को रेट लिस्ट के साथ ही अपना नाम भी लिखना होगा। हरिद्वार पुलिस प्रशासन ने रेस्तरां मालिकों को कांवड़ यात्रा मार्ग पर नाम प्रदर्शित करने का आदेश जारी किया है। एसएसपी परमेंद्र डोबाल ने बताया कि कांवड़ मार्ग पर जो होटल, ढाबे, रेस्तरां हैं या जो रेड़ी-पटरी वाले हैं उन्हें उनके मालिक का नाम अनिवार्य रूप से लिखना होगा। ऐसा न करने पर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### लहसुन-प्याज वाला खाना वर्जित

मंगलौर क्षेत्र में ढाबे पर लहसुन और प्याज का भोजन परोसे जाने से हुए हंगामे के बाद पुलिस ने ढाबा और होटल संचालकों के साथ बैठक की। कांवड़ यात्रा के दौरान लहसुन और प्याज का खाना नहीं परोसा जाएगा।

### ग्रेटर नगर निगम मेयर बोलीं
## जयपुर में लिखना होगा झटका या हलाल




उत्तर प्रदेश सरकार के प्रदेश में कांवड़ मार्ग पर खाने-पीने की दुकानों पर संचालकों और मालिकों के नाम के फरमान के बाद अब उत्तराखंड और राजस्थान में भी विशेष आदेश जारी किए गए हैं। राजस्थान की राजधानी जयपुर में मीट की दुकानों पर झटका या हलाल लिखना जरूरी होगा। यह आदेश ग्रेटर नगर निगम मेयर सौम्या गुर्जर ने दिया है।

## खबर संक्षेप

### मालगाड़ी पटरी से उतरी कोई जनहानि नहीं

**सूरत।** गुजरात में वलसाड और सूरत स्टेशन के बीच शुक्रवार को मालगाड़ी का एक डिब्बा पटरी से उतर गया। इस घटना में फिलहाल किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। अपराह्न करीब तीन बजे डुंगरी स्टेशन के पास हुई इस घटना के कारण मार्ग पर यातायात प्रभावित हुआ। मालगाड़ी सूरत जा रही थी। मुंबई-अहमदाबाद ट्रंक रूट पर यह दुर्घटना हुई।



### राहुल चाहें तो मुस्लिमों की आबादी रुक सकेगी

**गुवाहाटी।** असम के सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने मुस्लिम आबादी पर कहा कि उनके राज्य में मुस्लिम आबादी हर 10 साल में लगभग 30 प्रतिशत बढ़ रही है और 2041 तक वे बहुसंख्यक हो जाएंगे। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, इस वृद्धि को रोकने में कांग्रेस की अहम भूमिका हो सकती है। यदि राहुल गांधी जनसंख्या नियंत्रण के ब्रांड एंबेसडर बनें तो यह संभव है।



### 'मन की बात' के लिए सुझाव आमंत्रित किए

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 28 जुलाई को होने वाले अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम "मन की बात" के लिए नागरिकों से सुझाव आमंत्रित किए हैं। पीएम मोदी ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि विशेष रूप से कई युवा समाज को बदलने के उद्देश्य से सामूहिक प्रयासों को उजागर कर रहे हैं। जिन लोगों ने विचार साझा नहीं किए वे भी विचार साझा करें।




### इलेक्टोरल बांड के खिलाफ 22 जुलाई को सुनवाई

**नई दिल्ली।** इलेक्टोरल में बांड गड़बड़ी को लेकर सुप्रीम कोर्ट 22 जुलाई को सुनवाई करेगा। इन याचिकाओं में मांग की गई है कि इस पूरे मामले की जांच कोर्ट की देखरेख में एसआईटी से कराई जाए गौर करने वाली बात है कि सुप्रीम कोर्ट ने इससे पहले 15 फरवरी को इलेक्टोरल बॉन्ड योजना को असंवैधानिक घोषित करते हुए इसे रद्द कर दिया था।



### सिरसा में एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत

**सिरसा।** यहां से सालासर बालाजी दर्शन के लिए जा रहे डबवाली के एक ही परिवार के 6 लोगों की सड़क हादसे में मौत हो गई। भारत माला हाईवे पर जैतपुर के पास यह हादसा हुआ। बेकाबू कार अनियंत्रित होकर सामने चल रहे ट्राले में घुस गई। मरने वालों में माता-पिता उनके 2बेटे और 2 बेटियां शामिल हैं। परिवार कुछ सालों पहले डबवाली बस गया था।



### संविधान के अनुच्छेद 361 के तहत गवर्नर को विशेष सुविधा का प्रावधान
# राज्यपालों को आपराधिक अभियोजन से छूट देने वाले प्रावधान की समीक्षा होगी

**सीजेआई ने एजी वेंकटरमणि से सहयोग मांगा**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपालों को आपराधिक अभियोजन से छूट देने वाले संवैधानिक प्रावधान की समीक्षा करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति जता दी है। संविधान के अनुच्छेद 361 के तहत राज्यपाल को आपराधिक अभियोजन से छूट मिली हुई है।

कोर्ट ने राज्यपाल सीवी आनंद बोस पर छेड़छाड़ का आरोप लगाने वाली महिला कर्मचारी की याचिका पर पश्चिम बंगाल सरकार को नोटिस जारी किया है। इसके साथ ही कोर्ट मामले से निपटने में अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणि से सहयोग करने को कहा। कोर्ट ने बंगाल राजभवन की महिला कर्मचारी से कहा कि वह अपनी याचिका में केंद्र को भी पक्षकार बनाए। दरअसल, महिला ने राज्यपाल पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है।

## शीर्ष कोर्ट में छेड़छाड़ का आरोप लगाने वाली महिला की अर्जी पर होगी सुनवाई



### सीजेआई की पीठ करेगी मामले की सुनवाई


सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ ने मामले की सुनवाई करने पर सहमति जताई। यह अनुच्छेद संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) का अपवाद है और प्रावधान करता है कि राष्ट्रपति या राज्यपाल अपने पद के तहत प्राप्त शक्तियों के इस्तेमाल और कर्तव्यों के लिए किसी भी अदालत के प्रति जवाबदेह नहीं हैं। याचिकाकर्ता ने आपराधिक अभियोजन से छूट प्रदान करने के संबंध में निर्देश दिए जाने का अनुरोध किया है।

### वकील के नेकबैंड न पहनने पर भड़के
## क्या यहां कोई फैशन परेड चल रही?



सुप्रीम कोर्ट में एक मामले की सुनवाई के दौरान सीजेआई चंद्रचूड़ ने एक वकील को पूरी यूनिफॉर्म न पहनने पर टोक दिया। डीवाई चंद्रचूड़ ने जब देखा कि वकील ने अपना नेकबैंड नहीं पहन रखा है तो उन्होंने कहा कि क्या यहां कोई फैशन परेड चल रही है?भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने गुरुवार को एक वकील को अपने नेकबैंड के बिना कोर्ट रूम में आने के लिए फटकार लगाई। सुनवाई के दौरान वकील ने अतिक्रमण से संबंधित मामला उठाया और कहा कि यह अत्यावश्यक है।

### महिला कर्मचारी ने लगाया था आरोप
## राज्यपाल बोस की बढ़ सकती हैं मुश्किलें



आपराधिक अभियोजन झेल रहे राज्यपालों को अब झटका लग सकता है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को संविधान के अनुच्छेद 361 की रूपरेखा की जांच पर सुनवाई करने पर सहमति जताई है। इस अनुच्छेद के तहत राज्यपालों को किसी भी तरह के आपराधिक मुकदमे से पूर्ण छूट मिलती है। मामले में बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

### बंगाल सरकार को नोटिस जारी

*मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने पश्चिम बंगाल सरकार को एक संविदा महिला कर्मचारी की याचिका पर नोटिस भी जारी किया। महिला ने राज्य के राज्यपाल बोस पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। महिला ने राज्यपाल को 'प्रतिरक्षा' प्रदान करने वाले संविधान के अनुच्छेद 361 की न्यायिक जांच की मांग की थी, जिससे निटपने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि की सहायता मांगी। कोर्ट ने पश्चिम बंगाल 'राजभवन' की महिला कर्मचारी से कहा कि वह अपनी याचिका में केंद्र को भी पक्षकार बनाए।*

### राष्ट्रपति या राज्यपाल शक्तियों पर अदालत के प्रति जवाबदेह नहीं

*यह अनुच्छेद संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) का अपवाद है और यह प्रावधान करता है कि राष्ट्रपति या राज्यपाल अपने पद की शक्तियों और कर्तव्यों के प्रयोग के लिए किसी भी अदालत के प्रति जवाबदेह नहीं हैं। इसी के खिलाफ महिला याचिकाकर्ता ने विशिष्ट दिशा-निर्देश तैयार करने के निर्देश मांगे हैं, जिसके तहत राज्यपालों को आपराधिक अभियोजन से छूट प्राप्त है।*

### सपा नए रास्तों की तलाश कर रही
## महाराष्ट्र में कांग्रेस-सपा मिलकर लड़ेंगी विस चुनाव! रोडमैप तैयार




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में तीसरे नंबर की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी समाजवादी पार्टी अब अपने विस्तार के लिए नए-नए सियासी रास्ते खोजने के लिए आगे बढ़ चली हैं। इस कड़ी में सबसे पहला पड़ाव सपा का महाराष्ट्र बना है। महाराष्ट्र में सपा के सभी 37 सांसदों का शुक्रवार को स्वागत समारोह होने जा रहा है। स्वागत समारोह के बहाने सपा महाराष्ट्र में अपनी सियासी जमीन की मजबूती तलाशने की पूरी तैयारी में है। वहीं खबर है कि महाराष्ट्र में सपा कांग्रेस के गठबंधन वाले महाविकास अघाड़ी के साथ मिलकर मिलकर चुनाव लड़ेगी। इसके अलावा सपा महाराष्ट्र में होने वाले महानगरपालिका के चुनाव में भी शिरकत करने के लिए जमीनी तैयारी में लगी है।

### सियासी विस्तार करने में जुटी

सपा ने लोकसभा चुनाव के बाद अपने विस्तार के लिए कई बड़ी योजनाएं तैयार की हैं। पार्टी के रणनीतिकारों की मानें, तो इस विस्तार में सपा उत्तर प्रदेश से बाहर निकलकर मजबूती के साथ अन्य राज्यों में चुनाव लड़ने की तैयारी में है। इसमें सबसे पहले सियासी जनाधार की मजबूती महाराष्ट्र में तैयार की जा रही है। महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी यही सियासी संदेश देने के लिए शुक्रवार को अपने सभी सांसदों की एक महत्वपूर्ण बैठक स्वागत समारोह के माध्यम से की। इस स्वागत समारोह के दौरान सपा न सिर्फ महाराष्ट्र में अपनी ताकत दिखाएगी, बल्कि आने वाले विधानसभा के चुनाव में अपने प्रत्याशियों को उतारने का पूरा खाका भी खीचेंगी। इसके लिए पार्टी ने जातिगत समीकरणों के आधार पर महाराष्ट्र का पूरा सियासी रोड मैप तैयार कर लिया है।

### भाजपा चाहती है अजित महायुति छोड़ें: शरद का दावा



**मुंबई।** एनसीपी (शरदचंद्र पवार) के प्रवक्ता क्लाइड क्रैस्टो ने दावा किया कि भाजपा अजित पवार गुट से महाराष्ट्र में 'महायुति' गठबंधन छोड़ने को कह रही है। क्रैस्टो ने 17 जुलाई को आरएसएस से जुड़ी एक मराठी साप्ताहिक मैगजीन में छपी रिपोर्ट के हवाले से ये बयान दिया है। क्रैस्टो ने कहा कि भाजपा को एहसास हो गया है कि अजित पवार के साथ गठबंधन में पार्टी चुनाव नहीं जीत सकती है।

### 'भारतीय प्राकृतिक कृषि पद्धति' को शिवराज ने किया संबोधित
## 'प्राकृतिक' खेती का प्रयोग शुरू करें किसान, अमृत अन्न पैदा करें

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 'भारतीय प्राकृतिक कृषि पद्धति' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि किसान प्राकृतिक खेती का प्रयोग शुरू करें। ऐसा फल, सब्जी व अन्ना पैदा करें जो शरीर के लिए अमृत तुल्य हो।

बिना केमिकल फर्टिलाइजर के उपयोग के गुणत्ता के साथ उत्पादन भी बढ़ाया जा सकता है। यह धारणा बन गई है कि बिना केमिकल फर्टिलाइजर के उत्पादन नहीं बढ़ेगा लेकिन ऐसा नहीं है। पहले व दूसरे साल उत्पादन कम जरूरत होता है लेकिन तीसरे साल से उत्पादन बेहतर होने लगता है।

**लखनऊ के द सेंट्रम होटल में किया कार्यक्रम**



### उत्पादन घटने नहीं देंगे, अन्न भंडार भरेंगे

*सिंह ने लखनऊ के द सेंट्रम होटल में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि हमारा संकल्प है कि उत्पादन घटने नहीं देंगे। देश के अन्न भंडार भरेंगे। ग्लोबल वार्मिंग से आज दुनिया चिंतित है। केमिकल फर्टिलाइजर के उपयोग से उत्पादन खूब बढ़ा। फल, सब्जी व अन्न खूब पैदा हो रहा है लेकिन क्या वह खाने योग्य है। सारे कीट मित्र समाप्त हो गए। केंचुआ दिखाई नहीं देता। अगर ऐसा ही चलता रहा तो यह धरती आने वाली पीढ़ियों के रहने लायक नहीं बचेगी। धरती बचेगी तो हम बचेंगे।*

### स्कूटी पर सवार राजे ने लिया कार्यों का जायजा



**झालरापाटन।** राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया शुक्रवार को अपने विधानसभा क्षेत्र झालरापाटन कस्बे में में स्कूटी पर सवार होकर पहुंची और कस्बे में विकास कार्यों का जायजा लिया।

इस दौरान वसुंधरा राजे कस्बे में गंदगी और अवस्थाओं को देख भड़क गईं। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को लोगों की समस्याएं दूर करने का तत्काल निर्देश भी दिया।

## दिल्ली में बन रहा केदारनाथ जैसा मंदिर

**पुजारियों की मांग संरचना बदलें**



**नई दिल्ली।** ग्रे रंग से रंगे और कांच के बक्से में बंद केदारनाथ मंदिर का मॉडल काले रंग के खंभे पर टिका हुआ है। बगल में उत्तराखंड के मूल केदारनाथ मंदिर का एक विशाल चित्र है। 3 एकड़ में मंदिर बनाया जाना है। केदारनाथ में मंदिर के पुजारी विरोध कर रहे थे कि "व्यावसायिक उद्देश्यों" के लिए प्रतिकृति मंदिर के लिए ज्योतिर्लिंग के नाम का उपयोग करना उन्हें अस्वीकार्य है।

### उत्तर भारत समेत देशभर में हो रही झमाझम बारिश
# दिल्ली-यूपी समेत कई राज्यों में 5 दिन बरसेंगे बदरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर भारत समेत देशभर में इन दिनों बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने बताया है कि उत्तर पश्चिम, तटीय आंध्र प्रदेश, यनम, साउथ ओडिशा, साउथ छत्तीसगढ़ में 19 जुलाई, विदर्भ और तेलंगाना में 19 और 20 जुलाई को भारी बारिश होगी।

कोंकण और गोवा, तटीय कर्नाटक, साउथ इंटीरियर कर्नाटक में 19 और 20, गुजरात में 19, 21 और 22 जुलाई को भारी बारिश होगी और फिर इसके बाद इसमें कमी आएगी। मौसम विभाग ने बताया है कि दिल्ली और उत्तर प्रदेश में भी अगले पांच दिनों तक बारिश होगी।

## मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

**22 जुलाई तक का पूर्वानुमान**



**उत्तर प्रदेश हरियाणा राजस्थान में 22 तक भारी वर्षा**

मौसम विभाग के अनुसार कोंकण, गोवा, मध्य महाराष्ट्र, तेलंगाना, कर्नाटक, विदर्भ में 19-20 जुलाई, गुजरात, आंध्र प्रदेश, यनम, दक्षिणी ओडिशा, दक्षिणी छत्तीसगढ़ में 19 जुलाई, गुजरात में 21 जुलाई और सौराष्ट्र व कच्छ में 22 जुलाई को बहुत भारी बरसात होगी। हिमाचल प्रदेश, पूर्वी राजस्थान, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली में हल्की से मध्यम बारिश होगी।

### गुजरात, आंध्र और ओडिशा में आज भी होगी तेज बरसात

*इस बीच सौराष्ट्र, कच्छ, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़, तटीय आंध्र प्रदेश, यनम, तटीय कर्नाटक, गोवा, तेलंगाना, पूर्वी उत्तर प्रदेश, गुजरात आदि में तेज बारिश हुई। मौसम विभाग ने बताया है कि दक्षिणी ओडिशा में 19 और 20 जुलाई को बहुत भारी बरसात होने जा रही है। उत्तरी ओडिशा के इलाकों में भी हल्की से मध्यम और कुछ जगह भारी बारिश होगी। गंगीय पश्चिम बंगाल में भी 19 और 20 जुलाई को बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, आंध्र प्रदेश की बात करें तो उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश में 19 और 20 जुलाई को भारी बारिश होगी, जबकि दक्षिणी तटीय आंध्र प्रदेश में 19 और 20 जुलाई को तेज बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा, झारखंड में भी 20 जुलाई को हल्की से मध्यम बारिश का अलर्ट है। वहीं, छत्तीसगढ़ में 19 और 20 जुलाई को तेज बारिश होने वाली है। तेलंगाना और विदर्भ में 19 और 20 जुलाई को भारी बरसात की चेतावनी जारी की गई है।*

### आय के अज्ञात सोर्स से जुड़ा केस
## कर्नाटक में सरकारी अधिकारी व इंजीनियरों के यहां छापेमारी

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक लोकायुक्त ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में राज्यभर में करीब 12 अधिकारियों के आवास, कार्यालय और अन्य संपत्तियों समेत 55 जगहों पर छापे मारे। बेंगलुरु में 6, बेंगलुरु ग्रामीण जिले में 2, शिवमोग्गा में 2 और यादगिरी और तुमकुरु में 1-1 स्थान पर छापेमारी की।

लोकायुक्त अधिकारियों ने संपत्तियों की तलाशी ली। कर्नाटक औद्योगिक क्षेत्र विकास बोर्ड के निदेशक की बेंगलुरु के नगराहभावी इलाके में 7 संपत्तियों, बनशंकरी में




उनके घर और चिक्कनायकनहल्ली और रंगनाथपुरा में उनके फार्महाउस की तलाशी ली। एक नगर पालिका आयुक्त, वाणिज्यिक कर विभाग के संयुक्त आयुक्त के बेंगलुरु आवास और संपत्तियों और बेंगलुरु ग्रामीण, शिवमोग्गा और यादगिरी जिलों में ग्राम पंचायत अध्यक्षों के आवासों पर छापेमारी की गई।

## संतुलित एवं समतापूर्ण विकास को मिलेगा बढ़ावा

# रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव जबलपुर में आज 3500 से अधिक निवेशक होंगे शामिल

### सीएम डॉ. मोहन यादव करेंगे कान्क्लेव का शुभारंभ




**हरिभूमि, जबलपुर।** मध्यप्रदेश में संतुलित और समतापूर्ण विकास की यात्रा आगे बढ़ाते हुए, राज्य सरकार शनिवार 20 जुलाई को सुबह 10 बजे से संस्कारधानी-जबलपुर में नेताजी सुभाषचंद्र बोस सांस्कृतिक और सूचना केंद्र में अपना दूसरा रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव (क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन) आयोजित कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे। इस सम्मेलन का उद्देश्य क्षेत्रीय क्षमता का दोहन कर औद्योगिक विकास में असमानताओं को दूर करना है। जबलपुर क्षेत्र की औद्योगिक क्षमताओं और अवसरों से निवेशकों को रू-ब-रू करवाकर क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देना है। नवाचारी सम्मेलन का उद्देश्य प्रमुख बाजारों से निवेशकों को एक साथ लाकर, सार्थक चर्चा करके सहयोग को बढ़ावा देना है। सम्मेलन में प्रमुख उद्योगपतियों, विभिन्न उद्योग संघों के प्रतिनिधियों, नौकरशाहों और प्रमुख विदेशी प्रतिनिधियों सहित 3500 से अधिक प्रतिभागी भाग लेंगे। आरआईसी में वैधनाथ समूह, आईटीसी, वोल्वो आयशर, बेस्ट कॉर्प, एसआरएफ और दावत समूह जैसे प्रमुख औद्योगिक समूह भाग लेंगे। आरआईसी में ताईवान, मलेशिया, यूके, फिजी, जापान और इंडोनेशिया का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रमुख विदेशी प्रतिनिधि भी इसमें शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव वर्चुअली 60 से अधिक इकाईयों का उद्घाटन करेंगे और कार्यक्रम के दौरान उद्योगपतियों के साथ आमने-सामने चर्चा करेंगे। विशिष्ट अतिथि एमएसएमई मंत्री चैतन्य कश्यप और पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह सहित अन्य जन-प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

**म.प्र. की निवेश क्षमताओं से रू-ब-रू होंगे निवेशक**

### क्षेत्रीय सत्रों में होगी क्षेत्र विशेष में निवेश पर विस्तृत चर्चा

क्षेत्र की संभावनाओं पर केंद्रित 5 क्षेत्रीय सत्र आयोजित किए जाएंगे। इनमें कृषि, खाद्य एवं डेयरी प्र-संस्करण, रक्षा, खनन एवं खनिज, कपड़ा एवं परिधान तथा पर्यटन शामिल है। उद्योग संघों, स्टार्टअप्स और रक्षा, कपड़ा एवं परिधान के विशेषज्ञों के साथ गोलमेज चर्चा भी होगी। सम्मेलन में 300 से अधिक क्रेता-विक्रेता बैठकें और वन-टू-वन चर्चा भी होंगी। निवेशकों को महाकौशल का अनुभव प्रदान करने के लिए जबलपुर एक्सपो और रक्षा प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम और नेटवर्किंग डिनर के साथ होगा, जिसमें क्षेत्र की संस्कृति और व्यंजनों का प्रदर्शन किया जाएगा।

### मानस भवन में होगा लाईव टेलीकास्ट

जिला कलेक्टर दीपक सक्सेना ने बताया कि रीजनल इन्डस्ट्री कान्क्लेव 2024 के प्रति आम जनता के बीच ज़बरदस्त रुझान सामने आ रहा है वही स्थानीय उद्योगपति और व्यापारियों में भी खासा उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन स्थल सुभाष चंद्र बोस सांस्कृतिक और सूचना केंद्र आडिटोरियम की बैठक क्षमता को दृष्टिगत रखते हुये 'मानस भवन' जबलपुर में उद्घाटन समारोह और सेक्टोरियल सेशन के लाइव टेलिकास्ट की व्यवस्था प्रात 10.00 बजे से की गई है. कलेक्टर ने स्थानीय नागरिकों से मानस भवन में उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के साक्षी और सहभागी बननें का आग्रह किया है।

### इस तरह होगी पार्किंग व्यवस्था

सभी मंत्रियों, सांसद, विधायकों के वाहन सिंधी धर्मशाला में, वरिष्ठ अधिकारियों, अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों के वाहन आयोजन स्थल के तलघर में, मीडिया के वाहन पीली कोठी में जिला स्तरीय कर्मचारियों और अधिकारियों के वाहन क्राईस्ट चर्च (आईसीएसई) सभी प्रतिनिधियों के वाहन क्राइस्ट चर्च बॉयज स्कूल व क्राईस्ट चर्च बॉयज सीनियर स्कूल में पार्क किए जायेंगे। अतिरिक्त पार्किंग व्यवस्था होम गार्ड दरीखाना में की गई है। पॉलिटेप्नि कॉलेज में पुलिस वाहन की पार्किंग व्यवस्था की गई हैं।



# रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव से औद्योगिक विकास के द्वार खुलेंगे : राकेश सिंह

**जबलपुर।** जबलपुर में होने वाली रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव हेतु लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने जनप्रतिनिधियो एवम प्रशासनिक अधिकारियों के साथ घंटाघर स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस कल्चरल एवं सूचना केंद्र में तैयारियों का निरीक्षण किया। लोक निर्माण मंत्री सिंह ने इस अवसर पर मीडिया से चर्चा करते हुए कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी ने विकसित मप्र बनाने के अपने संकल्प को लेकर औद्योगिक निवेश की गति को और तेज करने हेतु प्रदेश की पहली रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन मां नर्मदा की पुण्य भूमि व मां रानी दुर्गावती की कर्मभूमि जबलपुर में करने का निर्णय लिया है प्रसन्नता की बात है कि मप्र की नई सरकार बनने के बाद पहली केबिनेट की बैठक जबलपुर में मुख्यमंत्री जी ने की थी और अब महाकौशल की इस धरती पर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन भी मुख्यमंत्री जी की पहल पर होने जा रहा है और मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में बड़ी संख्या में इंवेस्टर जबलपुर आयेंगे और उद्योग व्यापार के क्षेत्र में जो एमओयू प्रदेश सरकार के साथ किए जायेंगे उसका लाभ जबलपुर, महाकौशल सहित संपूर्ण मप्र को मिलेगा और औद्योगिक दृष्टि से प्रदेश को आगे लेकर जाएंगे। उन्होंने कहा यह पहली बार है की मुख्यमंत्री जी ने प्रयास किया है कि रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के बाद पोस्ट इन्वेस्टर मीट होगी जिसमे जो एमओयू अनुबंधित करेंगे उन निवेशकों को किसी तरह की परेशानी न हो इसका भी प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा जबलपुर में आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में निवेशकों की भागीदारी हो इसके लिए प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने स्वयं प्रयास किए है और जबलपुर में आयोजित इंडस्ट्री कॉन्क्लेव हेतु मुंबई जाकर उन्होंने स्वयं निवेशकों को आमंत्रित किया है। मुख्यमंत्री जी ने न सिर्फ उद्योगपतियों, निवेशकों से चर्चा कर उन्हे आमंत्रित किया साथ ही वह सारे इंफ्रास्टचर उपलब्ध हो सके इस दिशा में उन्होंने लगातार प्रयास किए। उन्होंने कहा जबलपुर में 1500 से अधिक निवेशकों की भागीदारी हेतु आमंत्रित किया गया है। आयोजन में बायर-सेलर मीट भी रखी गई है, जिसमें 1000 से ज्यादा प्रतिनिधियों ने भागीदारी की सहमति दी है। श्री सिंह ने कहा 20 जुलाई को होने वाले रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की तैयारी पूर्ण हो चुकी है और पूरी उम्मीद है कि इस रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में जो भी निवेशक जबलपुर आयेंगे उसका लाभ जबलपुर सहित मध्यप्रदेश को मिलेगा। इस अवसर पर सांसद आशीष दुबे, विधायक अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे, नीरज सिंह, संतोष बरकड़े, भाजपा अध्यक्ष प्रभात साहू, पूर्व विधायक अंचल सोनकर, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, कलेक्टर दीपक सक्सेना, एसपी आदित्य प्रताप सिंह, एडिशनल कलेक्टर मीशा सिंह, जयतीं सिंह सहित अधिकारी उपस्थित थे।

**लोक निर्माण मंत्री ने रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की तैयारियों का किया निरीक्षण**

# पारदर्शी और निष्पक्ष पुरस्कार प्रणाली विकसित करने म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि. ने तैयार की मार्गदर्शिका

**जबलपुर।** बिजली कार्मिकों की उत्कृष्ट कार्यप्रणाली को मान्यता देने के लिए विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान करने के उद्देश्य से एक पारदर्शी और निष्पक्ष पुरस्कार प्रणाली विकसित करने की आवश्यकता के दृष्टिगत मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा एक मार्गदर्शिका तैयार की गई है। इसमें नया प्रावधान करते हुए कहा गया है कि बिजली कार्मिक अपने कार्य का आंकलन करते हुए स्वयं का नामांकन कर सकेंगे, इसके अलावा उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों की अनुशंसा उत्कृष्टता पुरस्कार के लिए की जा सकेगी। मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि कार्मिकों के कार्य योगदान को पहचानने और प्रोत्साहित करने के लिए कंपनी में एक पारदर्शी और निष्पक्ष पुरस्कार प्रणाली विकसित करने की आवश्यकता के दृष्टिगत एवं कार्मिकों की उत्कृष्ट कार्यप्रणाली को मान्यता देने और पुरस्कृत करने हेतु एक मार्गदर्शिका तैयार की गई है।इस मार्गदर्शिका का उद्देश्य कार्मिकों की उपलब्धियों को पहचानना और उन्हें पुरस्कृत करना है। यह मार्गदर्शिका कार्मिकों के उत्कृष्ट कार्यों को पहचानने और उन्हें सम्मानित करने का एक सशक्त माध्यम होगी। उक्त मार्गदर्शिका में विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार देने के लिए विस्तृत मानदंड निर्धारित किए गए हैं, जो निष्पक्षता और पारदर्शिता को सुनिश्चित करते हैं।मार्गदर्शिका की प्रस्तावना में मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी ने कहा कि मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, जबलपुर अपने कर्मचारियों की मेहनत, समर्पण और उत्कृष्टता की बदौलत सफलता की ऊंचाइयों को छू रही है। यह गर्व की बात है कि हमारे कर्मचारी अपनी निष्ठा और कौशल से कंपनी के लक्ष्यों की प्राप्ति में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। हमारा मानना है कि किसी भी संगठन की सफलता में उसके कर्मचारियों की अहम भूमिका होती है। उनकी कड़ी मेहनत, नवाचार, नेतृत्व और सहयोग से ही कंपनी आगे बढ़ती है इसलिए, यह आवश्यक है कि हम उनके योगदान को पहचानें और उन्हें प्रोत्साहित करें।कर्मचारियों के योगदान को पहचानने और प्रोत्साहित करने के लिए कंपनी में एक पारदर्शी और निष्पक्ष पुरस्कार प्रणाली विकसित की जानी चाहिए। कर्मचारियों की उत्कृष्ट कार्यप्रणाली को मान्यता देने और पुरस्कृत करने हेतु, हमने एक मार्गदर्शिका तैयार की है। इस मार्गदर्शिका का उद्देश्य हमारे कर्मचारियों की उपलब्धियों को पहचानना और उन्हें पुरस्कृत करना है। यह मार्गदर्शिका कर्मचारियों के उत्कृष्ट कार्यों को पहचानने और उन्हें सम्मानित करने का एक सशक्त माध्यम होगी। इस मार्गदर्शिका में विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार देने के लिए विस्तृत मानदंड निर्धारित किए गए हैं, जो निष्पक्षता और पारदर्शिता को सुनिश्चित करते हैं। यह न केवल हमारे कर्मचारियों को उनकी कड़ी मेहनत के लिए सम्मानित करेगा, बल्कि उन्हें और भी अधिक प्रेरित करेगा ताकि वे अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता का प्रदर्शन कर सकें।

# चरमराई बिजली व्यवस्था पर आयोग ने मांगा जवाब

**जबलपुर।** जिले के पनागर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में थोड़ी सी बारिश एवं हवा में विद्युत व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाती है, जिससे वहां के रहवासियों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। सड़क पर 33 केवी बिजली लाइन झूल रही हैं जिससे हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, इसके बावजूद न तों बिजली व्यवस्था को सुधारने की पहल की जा रही है और न ही सुरक्षा के कोई उपाय किए जा रहे हैं। मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फ़रज़ाना मिर्जा ने बताया कि, समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्य पीठ भोपाल में प्रकरण की सुनवाई करते हुए, अध्यक्ष मनोहर ममतानी ने मानव अधिकारों के हनन का मामला मानकर, म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.लि. के अधीक्षण यंत्री से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।

# राद्रुविवि में नैक का निरीक्षण जारी

**जबलपुर।**

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) पीयर टीम रानी दुर्गावति विश्वविद्यालय का निरीक्षण कर रही है। निरीक्षण के दूसरे दिन शुक्रवार को टीम के सदस्यों तीन टीमों में बंट गये। एक टीम ने के सदस्यों ने जहां विश्वविद्यालय में पढ़ रहे छात्रों से मुलाकात की तो वहीं पूर्व छात्रों से भी विश्वविद्यालय के संबंध में विस्तृत फीडबैक लिया। वहीं अध्ययनरत छात्रों के परिजनों से भी जानकारी बात की। वहीं दूसरी टीम वित्तीय लेखा जोखा देखा तो तीसरी टीम विश्वविद्यालय की लैब और कोर्सेज की जमीनी स्थिति जानने में जुटी रही। शुक्रवार को टीम का विशेष जोर फीडबैक लेने और वित्तीय प्रबंधन पर रहा। फाइनेंस कंट्रोलर ने विश्वविद्यालय का वित्तीय लेखाजोखा टीम के समक्ष प्रस्तुत करते हुए भविष्य की योजनाओं से उन्हें अवगत कराया। इस दौरान टीम मेंबर ने फाइनेंस कंट्रोलर से प्रश्न भी किए। जैसे कि विश्वविद्यालय छात्रों से शुल्क कैसे लेता है। जिस पर फाइनेंस कंट्रोलर ने बताया कि शुल्क का कलेक्शन ऑन लाइन किया जाता है। उन्हें ने विश्वविद्यालय द्वारा जारी किए गए क्यूआर कोड से भी उन्हें अवगत कराया। इसके अलावा ऑडिट आपत्तियां सहित अन्य बिंदूओं पर प्रश्न किए गए।

# दूसरे दिन वित्तीय प्रबंधन और फीडबैक पर रहा जोर




### गौरतलब है कि राद्रुविवि पहुंची

आरडीयू पहुंची 7 सदस्यी नैक पीयर टीम की अध्यक्षता डॉ.जय प्रकाश यादव कर रहे हैं। वहीं टीम में प्रो. मनु प्रताप सिंह (समन्वयक नैक पीयर टीम),डॉ. अमलेश भोवल सदस्य,डॉ. मराकनम श्रीनिवासन सदस्य,डॉ. सुजाथम्मा पल्लमपल्ली सदस्य (एनएएसी),डॉ. प्रीति वर्मा सदस्य एवं डॉ. रेखा पांडे विषय विशेषज्ञों को शामिल किया गया है। इससे पहले 2015 में नैक का दौरा हुआ था, जिसमें बी ग्रेड विश्वविद्यालय को मिला था। नैक की तरफ से यह ग्रेड 2020 तक के लिए दिया गया था। लेकिन कोरोना कॉल और अन्य कारणो से नैक का दौरा टलता चला गया।

# 15 दिन के भीतर कान्हा नेशनल पार्क के समीप स्थित जमीन का निरीक्षण करें : हाईकोर्ट

**जबलपुर।**

हाईकोर्ट ने अभिनेता रणदीप हुड्डा की कान्हा नेशनल पार्क के समीप स्थित जमीन का निरीक्षण करने के आदेश दिए हैं। जस्टिस जीएस आहलूवालिया की एकलपीठ ने कहा कि बालाघाट के बैहर के



ए स डी ओ राजस्व को निर्देश दिए कि 15 दिन के भीतर निरीक्षण करें। निरीक्षण की रिपोर्ट आने के 15 दिन के भीतर याचिकाकर्ता को जारी किए गए कारण बताओ नोटिस पर अंतिम निर्णय लें।दरअसल, 18 जून 2024 को एसडीओ बैहर द्वारा रणदीप हुड्डा को शो-कॉज नोटिस जारी किया गया। इसमें आरोप लगाया गया कि वे बिना शासकीय अनुमति के उक्त जमीन पर निर्माण कर रहे हैं। नोटिस में कहा गया कि रणदीप तत्काल निर्माण रोक दें और 19 जून को समस्त दस्तावेज लेकर राजस्व अधिकारियों के सामन हाजिर हों। ऐसा नहीं करने पर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी।रणदीप हुड्डा ने एसडीओ के उक्त नोटिस को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की।

## महापौर ने दी जानकारी, कॉन्क्लेव में भी चर्चा होगी

# टेलीकॉम फैक्ट्री भूमि से कार्बन क्रेडिट फंड प्राप्त करेंगे

**जबलपुर।**
**टेलीकॉम फैक्ट्री भूमि सहित नगर निगम क्षेत्रों में पौधारोपण से कार्बन क्रेडिट फंड प्राप्त करेंगे। पहले से हुए पौधारोपण से कार्बन क्रेडिट का लाभ उठाने कॉन्क्लेव में चर्चा करेंगे। यह जानकारी महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने शुक्रवार को दूरभाष पर उपभोक्ता मंच के डॉ.पीजी नाजपांडे को दी। उन्होंने बताया कि वे भोपाल में है। आज मुख्यमंत्री जबलपुर में रहेंगे उनसे भी सभी बिन्दुओं पर चर्चा होगी।**



महापौर ने कहा कि टेलीकॉम फैक्ट्री भूमि तथा हरियाली संबंध में कागजात उपलब्ध कराये ताकि संबंधितों को नगर निगम की ओर से तत्काल पत्र भेजा जायेगा। इसके पूर्व में दूरभाष पर महापौर से चर्चा कर डॉ.पीजी नाजपांडे ने बताया कि हरियाली और पहाड़ियों से घिरे जबलपुर में वृहद स्तर पर पौधारोपण हो रहा है। इसमें टेलीकॉम फैक्ट्री भूमि भी शामिल हो। इस हरियाली का कार्बन क्रेडिट स्कोर कराया जाए, जिससे नगर निगम को बड़ा फंड अर्जित हो सकेगा।

### संपत्ति बेचने से नहीं होगा बीएसएनएल को लाभ

केंद्र सरकार और राज्य सरकार दोनों जनता को भ्रमित कर रहे हैं। पूरे भारत की संपत्तियां आज भी भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) को हस्तांतरित नहीं की गयी हैं। आज भी ये संपत्तियां भारत सरकार की ही हैं। तो इसको बेचकर बीएसएनएल को क्या लाभ होगा दरअसल सरकार अपने चहेते बड़े धन्नासेठों को औने पौने दामों में बेचकर उन्हे उपकृत करना चाहती है वहीं दूसरी ओर अपने चहेतों को बीएसएनएल चुनौती न दे सके इसका इंतज़ाम भी कर रही है। चूंकि बीएसएनएल खुद अपने दम पर फोर जी ले आया है और उद्योगपति एवं समाजसेवी रतन टाटा का साथ मिलने से और दमदारी के साथ फाइव जी की तैयारी में जुट गया है।

### फैक्ट्री में 3 सौ वर्ष पुराने पेड़

ट्रेड यूनियन के बहुत बड़ी संख्या में रिटायर कर्मचारी और जबलपुर का आम आदमी सरकार की इस मंशा को सफल नहीं होने देगा। यहां के अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने काम के साथ हज़ारों की संख्या में शीशम और अशोक के झाड़ रोपे हैं। फैक्ट्री परिसर में 2 सौ, 3 सौ वर्ष पुराने पीपल और गूलर के वृक्ष मौजूद हैं राजा गोकुल दास का बनाया एक सुंदर तालाब हैं, जिसमें नीचे उतरने के लिये सीढ़ियां बनी हुई हैं यहाँ की दुर्गा पूजा को देखने देश विदेश से लोग आते हैं। फैक्ट्री प्रशासन खुद इस दुर्गा पूजा के लिये पूरी सुविधाएं उपलब्ध कराता है हारा थका आदमी दुर्गा पूजा के समय घंटों यहां के मैदान की दूब में बैठकर अपनी थकान उतारता है कितनी भी गर्मी में यहाँ की रोडों से गुजरने वाले को ठंड का अहसास होता है ऐसी विरासत को जबलपुर संस्कारधानी यूं ही नहीं नीलाम होने देगी।

### स्कूल और छात्रावास के बीच बनी नाली नहीं हो रही साफ

# नालियों का व्यवस्थित निर्माण न होने का खामियाजा भुगत रहे नगरवासी

**सिहोरा।** स्वच्छ भारत निर्माण के सपनों को चकना चूर करते हुए नगर की सफाई व्यवस्था स्वच्छता अभियान की पोल खोल रही है। नगर पालिका द्वारा शहर में यूं तो हर दिन सफाई की जाती हैं यहां के सफाईकर्मी पसीना बहाकर सड़कों से लेकर नालियां तक साफ करते दिखाई दे जाते हैं। बावजूद शहर में व्यवस्थित ढंग से नालियों का निर्माण न होने और आमजन द्वारा नालियों में ही कचरा फेंक देने के कारण शहर में कई जगह नालियों में कचरा भरा पड़ा है। इसके कारण नालियों में पानी भी जमा हो गया है। जिसमें मच्छर-कीटाणु पनप रहे हैं। जो बर्षाकाल में बीमारी का कारण बन सकते हैं।

शहर के अधिकांश नाले और नालियां कचरे से भरी पड़ी हैं। इनकी हालत इतनी खस्ता है कि कचरे से पटे होने के कारण अंदाजा ही नहीं लगाया जा सकता कि यहां पर नाला भी है। इनमें कचरा फेंके जाने से गहराई काफी कम हो गई है। ऐसे में हल्की सी बारिश के दौरान ये नाले उफान पर आ जाते हैं।

कई स्थानों पर आमजन द्वारा नालियों में कचरा फेंकने से व्यवस्था गड़बड़ाई हुई है तो कुछ क्षेत्रों में नाली पर किये गये अवैध कब्जा कर नाली ढकने के कारण भी स्थिति बिगड़ी है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि नपा द्वारा ध्यान नही देने से सफाई व्यवस्था गड़बड़ाई हुई है। कचरा, गंदगी और आवारा जानवरों के कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। शहर में कई क्षेत्र ऐसे हैं जहां गंदे



पानी की निकासी के लिए बनाई गई नालियों का व्यवस्थित निर्माण नहीं किया गया है। नालियों उतार चढ़ाव में तो कई जगह आवश्यकता के अनुसार मोड़ कर बनाई गई है। ऐसे में नालियों में जाने वाला पानी का बहाव सही नही होने के कारण पानी नालियों में ही जमा हो जाता है। वार्ड नं.10 मे सुरज प्रसाद कुररिया मां.शाला एंव आदिवासी हरिजन कन्या छात्रावास के बीच बनाई गई नाली को साफ करने तक की जगह नहीं है जिसके कारण कचरे से पटी पड़ी नाली का कचरा हल्की बारिश में ही रोड पर फ़ैल जाता है। वहीं निर्माण के बाद से कभी सफाई न होने के कारण उक्त नाली जहरीले जीव जन्तु एवं मच्छरों की जन्मस्थली बन गई है। कचरे और गंदगी के कारण दुगंध तो फैलती ही है। जिसका प्रतिकूल प्रभाव विधालय के छात्र एवं छात्रावास में निवासरत छात्राओं के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। इसमें मच्छर कीटाणु पनपने से बीमारियों का डर भी बना रहता है। नगर पालिका द्वारा सफाई व्यवस्था पर हर माह लाखों रुपए खर्च होने के बाद भी व्यवस्था बेपटरी है।

**इनका कहना है**

शहर को साफ-स्वच्छ रखने के लिए स्वछता टीम लगातार काम करती है। शहर की प्रमुख सड़कों से लेकर गलियों तक की सफाई की जाती है। वर्षाकाल में गंदगी और कचरा की समस्या ज्यादा सामने आती है। इसे देखते हुए हमारे द्वारा विशेष अभियान भी चलाया द जा रहा है। शहर को साफ स्वच्छ रखने के लिए आमजन का सहयोग जरूरी है।

**जय श्री चौहान**
मुख्य नगरपालिका अधिकारी, सिहोरा



# अभिव्यक्ति साहित्यिक संस्था की मासिक काव्यगोष्ठी आयोजित

**सिहोरा।** नगर को सक्रिय साहित्यिक वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से गठित की गई संस्था अभिव्यक्ति की मासिक काव्य गोष्ठी गत दिवस आयोजित की गई । जिसमें के सिहोरा के अतिरिक्त जबलपुर, कटनी तथा कछार गांव से आए कवियों ने प्रेम, वर्तमान स्थितियां, जीवन संघर्ष, जीवन दर्शन, जीवन आदर्शों, प्रकृति, मानवीय मूल्यों, मानवीय संबंधों, से संबंधित रचनाएं प्रस्तुत कर गोष्ठी को ऊंचाइयां प्रदान की। आयोजन विजय बागरी विजय के मुख्य आतिथ्य, नगर के वरिष्ठ साहित्यकार अश्वनी कुमार पाठक की अध्यक्षता, वरिष्ठ ग़ज़लकार चंद्रकिशोर श्रीवास्तव चंदन तथा वरिष्ठ गीतकार अनिल मिश्रा के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रमोद दाहिया द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि,अध्यक्ष एंव अन्य विशिष्ट अतिथियों के अलावा नारायण तिवारी,संजय तिवारी, सुशील जैन, इंद्र सिंह, श्रीमती आशा निर्मल जैन,डॉ. अरुणा पांडेय, मुकेश त्रिपाठी आदि उपस्थित साहित्यकारों द्वारा गीत, नवगीत, मुक्तक,दोहे, ग़जल आदि प्रस्तुत की गई। संचालन श्री त्रिपाठी तथा आभार डॉ.पांडेय द्वारा किया गया।

# भगवान जगन्नाथ का मौसी के घर से वापसी रथ यात्रा आज

**सिहोरा।** भगवान जगन्नाथ की मौसी के घर से वापसी की रथ यात्रा आज 20 जुलाई को खितौला से सिहोरा तक निकाली जाएगी । इस यात्रा में भक्तगण भगवान के रथ को अपने हाथों से खींचेंगे । यात्रा के विषय में हिंदू उत्सव समिति खितौला सिहोरा ने जानकारी दी कि यह यात्रा आज दोपहर 3 बजे से नरसिंह मंदिर खितौला से प्रारंभ होगी जो रेलवे फाटक और खितौला बाजार होते हुए बारी बहू स्टेडियम में महा आरती के साथ संपन्न होगी । समिति ने सभी सिहोरा खितौला वासियों से इस यात्रा में शामिल हो भगवान का रथ खींच पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।



# मंत्री सिंह ने सांस्कृतिक बोधमाला पुस्तकों का किया विमोचन

**जबलपुर।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने नरसिंह मंदिर स्थित सरस्वती शिक्षा परिषद में विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। सरस्वती शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित भव्य कार्यक्रम में उन्होंने सांस्कृतिक बोधमाला पुस्तकों के विमोचन किया और गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान संस्था के पदाधिकारी सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित थे।

# गैस रिफलिंग करते हुए आरोपी पकड़ाया

**जबलपुर।** ओमती पुलिस ने छोटी ओमती मेन रोड में गैस सिलेण्डर में नोजल लगाकर गैस रिफलिंग करते हुए एक आरोपी को दबोचा है। जिसके पास से पुलिस ने दो घरेलू गैस सिलेण्डर व नोजल जप्त किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर छोटी ओमती में दबिश दी गई। जहां एक व्यक्ति दो गैस सिलेण्डर में लिये खड़ा था। जिसे पकड़कर नाम पता पूछने पर आरोपी ने अपना नाम अनुराग अग्रवाल अग्रवाल उम्र 48 साल निवासी सैनिक सोसायटी डुमना रोड थाना खमरिया बताया। जिसके पास से दो गैस सिलेण्डर एवं गैस भरने का नोजल बरामद किया गया। आरोपीज्वलनशील पदार्थ गैस सिलेण्डर से उपेक्षापूर्ण कार्य करते हुये नोजल की सहायता से रिफिलंग कर रहा था।

### हुई पश्चिम विधानसभा के चार मंडलों की कार्यसमिति बैठक

# भाजपा कार्यकर्ता जब चुनाव मैदान में उतरता है तब जीत उसके कदमों में होती है: राकेश सिंह

**जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी पश्चिम विधानसभा के चार मंडल रानी दुर्गावती, नर्मदा, गिरिराज किशोर कपूर एवं महाराणा प्रताप मंडल में कार्यसमिति की बैठकें लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे, नगर अध्यक्ष प्रभात साहू की गरिमामय उपस्थिति में आयोजित की गई। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कार्यसमिति की बैठकें अत्यंत महत्वपूर्ण बैठके होती है चाहे राष्ट्रिय, प्रदेश, जिले की कार्यसमिति कार्यसमिति की बैठक को अथवा मंडल की कार्यसमिति की बैठक हो इनका संगठन के कार्य में सबसे अहम भूमिका होती है। कार्यकर्ता जब मैदान में उतरता है और उसके पैरो की धूल जब उड़ती है तो निश्चित ही जीत का आसमान उसके कदमों में होता है और विगत विधानसभा और लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ताओ ने अपनी मेहनत, लगन और निष्ठा से यह साबित किया है और पश्चिम विधानसभा में दोनो चुनावो में भाजपा के पक्ष में मत दिलाए और जीत सुनिश्चित की। उन्होंने कहा पार्टी में अनुशासन का सबसे अधिक महत्व है और कार्यकर्ता होने के नाते हमारी जिम्मेदारी भी अधिओ है और आपके व्यवहार, आपके आचरण का असर जनता में होता है इसीलिए अपने कार्यों से पार्टी संगठन का




नुकसान न हो इसका प्रयास हम सभी का होना चाहिए। नवनिर्वाचित सांसद आशीष दुबे ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कहा लोकसभा चुनाव में 29 सीटे जीतकर मप्र ने ऐसा रिकॉर्ड कायम किया है जिसे कभी तोड़ा नही जा सकता। भाजपा के कार्यकर्ता को ऐसे ही देव दुर्लभ नही कहा जाता, विपरीत परिस्थितियों में भी अपना सर्वस्व न्यौछावर कर पार्टी की जीत के लिए कार्य करने का जज्बा सिर्फ हमारे कार्यकर्ताओ में ही है। लोकसभा चुनाव में पार्टी के कार्यकर्ताओ ने जिस तरह मेहनत की है इसके लिए मैं इस जीत को अपने कार्यकर्ताओ को समर्पित करता हूं। बैठक को नगर अध्यक्ष प्रभात साहू ने संबोधित करते हुए कहा पश्चिम क्षेत्र के भाजपा के कार्यकर्ताओ ने इतिहास रचा है उन्होंने इस मिथक को तोड़ा की पश्चिम की सीट नही जीती जा सकती पर कार्यकर्ताओ ने जिस भाव से कार्य किया उसका परिणाम है कि हमने न सिर्फ विधानसभा का चुनाव जीता बल्कि लोकसभा चुनाव में भी जीत का रिकार्ड बनाया। मंडलों की बैठक स्वागत के उपरांत शोक प्रस्ताव रखा गया जिसमे मंडल क्षेत्र में निवासरत पार्टी कार्यकर्ताओं के परिवार में हुए शोक पर संवेदना प्रकट करते हुए दो मिनिट का मौन रखा गया। बैठक में मप्र भाजपा की कार्यसमिति में पारित राजनैतिक प्रस्ताव का वाचन किया गया। मंडलों की बैठक में मंडल अध्यक्ष अतुल चौरसिया, कौशल सूरी, राहुल खत्री, शैलेंद्र विश्वकर्मा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राममूर्ति मिश्रा, अरविंद पाठक, जिला महामंत्री रजनीश यादव, रत्नेश सोनकर, जिला उपाध्यक्ष अभय सिंह ठाकुर, अंजू भार्गव, अजय तिवारी, प्रशांत केसरवानी, सिद्धार्थ शुक्ला, शरद ताम्रकार, रविंद्र पचौरी, विवेक नायक, हृदेश राजपूत, राजेश बडगैया, रूपा राव, जीतू कटारे, प्रिया संजय तिवारी, मालती चौधरी, राहुल साहू, पूजा श्रीराम पटेल, जय चक्रवर्ती, निशा संजय राठौर, राजकुमार पटेल, सुनील पूरी गोश्वामी शारदा कुशवाहा, सुशील चोबे, दिलीप पटेल, अमन शर्मा उपस्थित थे।



# सूक्ष्म मौसम केंद्र का नाबार्ड मुख्य महाप्रबंधक ने किया निरीक्षण

**पाटन।**

पाटन के ग्राम मादा का नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक सुनील कुमार व उप महा प्रबंधक कमर जावेद जिला विकास प्रबंधक अपूर्व गुप्ता ने ग्राम का का दौरा किया। पाटन ब्लॉक के मादा गांव में अनुपम एजुकेशन सोसाइटी संचालित की जा रही है नाबार्ड ने वहां उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों को भी देखा, और हितग्राहियों से मुलाकात भी की। हरे मटर की उन्नत खेती के बारे में जानकारी देकर नाबार्ड के अधिकारियों ने हितग्राहियों से परियोजना से मिले लाभों की भी जानकारी ली। परियोजना के अंतर्गत स्थापित किए गए सूक्ष्म मौसम केंद्र का निरीक्षण भी किया। अधिकारियों ने अन्य उपकरणों का अवलोकन भी किया साथ ही अपना मार्गदर्शन ग्रामीणों को दिया। कार्यक्रम में अनुपमा एजुकेशन सोसाइटी के निदेशक डॉक्टर प्रमोद तिवारी सीनियर स्टाफ, नागेंद्र त्रिपाठी परियोजना को ऑर्डिनेटर वा एफपीओ के प्रबंधक के साथ ग्रामीण महिलाएं और पुरुष भी उपस्थित रहे।

# सोसायटी ने धान की काटी राशी, बैंक में नहीं की जमा

**सिहोरा।** समिति गोसलपुर द्वारा एक किसान की धान की काटी गई राशी अभी तक बैंक में जमा न करने का मामला प्रकाश में आया है। निकटवर्ती ग्राम कैलवास के किसान ब्रह्मानंद पटेल द्वारा विगत वर्ष समिति से खाद उठाई थी जिसकी राशि समिति द्वारा काटने के बाद बैंक द्वारा अभी तक जमा नहीं किया गया है। जबकि इस संबध में सहकारी बैंक गोसलपुर का कहना है की सोसायटी विपणन द्वारा बैंक में राशी जमा नहीं कि गई है ।गौर तलब है कि कैलवास के किसान द्वारा विगत वर्ष जून जुलाई के आसपास 29 बोरी डीएपी एवं 40 बोरी यूरिया खाद ली थी एंव किसान द्वारा इस वर्ष समिति को बेची गई धान के भुगतान में खाद की राशि 49,845 की राशि समिति द्वारा काट कर बैंक में जमा करने हेतु भेजी गई किंतु ब्रह्मानंद पटेल किसान द्वारा बताया गया कि खाद के पैसे धान खरीदी में काट लिया गया था ओर मेरे खाते में भी पैसे नहीं हैं में मेरे परमिट कटवाने के बाद से सोसायटी द्वारा कोई जानकारी नहीं दी जा रही है। उक्त राशि बैंक द्वारा अभी तक मेरे द्वारा खाद के लिए लिया गया ऋण में जमा नहीं कि गई है।

# वेस्ट परफॉमर्स विग सिटीज स्पार्क में जबलपुर नगर निगम को मिला पहला स्थान

**जबलपुर।** दिल्ली में इंडिया हैबिटेट सेंटर में आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित 'उत्कृष्टता की ओर बढ़ते कदम' कार्यक्रम अंतर्गत दीनदयाल अंत्योदय-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन नगर निगम जबलपुर को वित्तीय वर्ष 2023-2024 में बेस्ट परफॉर्मर्स बिग सिटीज में पहला स्थान प्राप्त हुआ है। यह पुरस्कार मंत्रालय द्वारा नगर निगम के आयुक्त श्रीमति प्रीति यादव को मंच पर बुलाकर प्रथम पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस संबंध में निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने बताया कि दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में नगर निगम जबलपुर को बड़े मंच पर गौरव और सम्मान मिला है, इससे जबलपुर नगर निगम की राष्ट्रीय स्तर पर एक अलग पहचान बनी है। उन्होंने बताया कि डे-एन.यू.एल.एम. के बेहतर क्रियान्वयन में उनके द्वारा कड़ी मेहनत कर जरूरतमंदों को बेहतर लाभ दिलाने का प्रयास किया गया, जिसके परिणाम स्वरूप आज राष्ट्रीय मंच पर सम्मानित होने का गौरव प्राप्त हुआ है। निगमायुक्त श्रीमती यादव ने यह भी कहा कि डे-एन.यू.एल.एम. टीम की परियोजना अधिकारी एवं उपायुक्त श्रीमति अंकिता जैन, सिटी मिशन मैनेजर श्रीमति सोनिका मातेले, चंदन प्रजापति, एवं विशेष रूप से फील्ड पर काम करने वाले सभी समुदायक संगठको एवं अन्य कर्मचारियों की भूमिका भी काफी सराहनीय रही।

पुरस्कार प्राप्त करने के मौके पर डे-एन.यू.एल.एम. टीम की परियोजना अधिकारी एवं उपायुक्त श्रीमती अंकिता जैन, एवं अन्य सदस्यगण भी उपस्थित रहकर उपलब्धि प्राप्ति की साक्षी बने। नगर निगम को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव को सभी अधिकारियों कर्मचारियों ने बधाई दी है। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने राष्ट्रीय स्तर पर हासिल इस बड़ी उपलब्धि के लिए शहर के नागरिकों को बधाई देते हुए उनके प्रति आभार व्यव्त किया है, क्योंकि उनके सहयोग एवं समन्वय से ही इतनी बड़ी सफलता नगर निगम जबलपुर को राष्ट्रीय स्तर पर मिली है।



**श्री रविकांत रावत गुप्ता-** आश्रय परिसर यादव कालोनी निवासी श्री रविकांत रावत गुप्ता का 67 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। अंतिम यात्रा निवास स्थान से ग्वारीघाट मुक्तिधाम के लिए आज शनिवार सुबह 9 बजे प्रस्थान करेगी। गहोई समाज के पूर्व अध्यक्ष श्री रविकांत, विक्रांत गुप्ता (विक्की रावत) के पिता एवं सिद्धांत व वेदांत रावत के चाचा थे।



**श्री विजय सिंह राजपूत-** व्हीकल बिलपुरा निवासी 75 वर्षी श्री विजय सिंह राजपूत स्वर्गीय श्री मान सिंह राजपूत के बड़े पुत्र का निधन 18 जुलाई 2024 को हो गया। उनका अंतिम संस्कार उदय नगरमुक्ति धाम में किया गया। वे दीप सिंह, प्रदीप सिंह मुन्ना, संतोष सिंह राजपूत के बड़े भाई थे।

**श्रीमती चंद्रवती श्रीवास्तव-** नव आदर्श कॉलोनी एमआर फोर रोड निवासी श्री एमपी श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती चंद्रवती श्रीवास्तव (93) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रंजीत कौर फ्लोरा-** शक्तिनगर गुप्तेश्वर निवासी श्री सुरेंद्र सिंह फ्लोरा की धर्मपत्नी श्रीमती रंजीत कौर फ्लोरा (98) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री माणिक चंद्र पेठनकर-** राम नगर रामपुर निवासी श्री माणिक चंद्र पेठनकर (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अभिषेक चौधरी-** चांदमारी लालमाटी निवासी श्री गेंदालाल चौधरी के पुत्र श्री अभिषेक चौधरी (20) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री कन्हैया लाल बोरासी-** राजीव गांधी नगर सदर निवासी श्री कन्हैया लाल बोरासी (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार




ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मोहन लाल सोनी-** तमरहाई चौक निवासी श्री मोहन लाल सोनी (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रवींद्र राव-** पटेल मोहल्ला रामपुर निवासी श्री रमेश राव के पुत्र श्री रवींद्र राव (31) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री महेंद्र सोनकर-** खाई मोहल्ला हनुमानताल निवासी श्री महेंद्र सोनकर (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री दिनेश महोबिया-** मानेगांव गांधी चौक रांझी निवासी श्री दिनेश महोबिया (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रवि बंशकार-** आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री कंधी लाल बंशकार के पुत्र श्री रवि बंशकार (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री पुष्पेंद्र तिवारी-** फूटाताल मैदान निवासी श्री पुष्पेंद्र तिवारी (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेंद्र कुमार सेन-** भोंगा द्वार वाटर वर्क्स रोड निवासी श्री राजेंद्र कुमार सेन (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती इंद्रावती यादव-** नर्मदा नगर गोहलपुर निवासी श्री रामटहल यादव की धर्मपत्नी श्रीमती इंद्रावती यादव (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175


## खबर संक्षेप

### 100 मेगावाट हाइब्रिड परियोजना मिली



**नई दिल्ली।** केपी समूह की नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी केपीआई ग्रीन एनर्जी को एथर इंडस्ट्रीज से 100 मेगावाट की हाइब्रिड ऊर्जा परियोजना का ठेका मिला है। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि आदेश की शर्तों के अनुसार परियोजनाओं को वित्त वर्ष 2024-25 में विभिन्न किस्तों में पूरा किया जाना है।

### एचडीएफसी बैंकः सीएसआर खर्च 945 करोड़ रुपए के पार




**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 945.31 करोड़ रुपये का सीएसआर खर्च दर्ज किया है। यह वित्त वर्ष 2022-23 की तुलना में लगभग 125 करोड़ रुपए अधिक है। 28 राज्यों व आठ केंद्र शासित प्रदेशों में फैली इसकी विभिन्न पहलों ने 10 करोड़ से अधिक लोगों के जीवन को प्रभावित किया है।

### विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर हुआ 666.85 अरब डॉलर



मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 12 जुलाई को समाप्त सप्ताह में 9.70 अरब डॉलर उछलकर अबतक के उच्चतम स्तर 666.85 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कुल मुद्रा भंडार 5.16 अरब डॉलर बढ़कर 657.15 अरब डॉलर हो गया था। यह इससे पहले के उच्चतम स्तर 655.82 अरब डॉलर को पार कर गया।

### हांगकांग, जापान और द.कोरिया में विदेशी केंद्र खोलने की योजना

**कोलकाता।** देश में कंपनी सचिवों के लिए स्थापित पेशेवर संस्था




'भारतीय कंपनी सचिव संस्थान' के अध्यक्ष बी नरसिम्हन ने शुक्रवार को कहा कि निकट भविष्य में संस्थान के तीन और विदेशी केंद्र खोलने की योजना है। नरसिम्हन ने संवाददाताओं से कहा कि आईसीएसआई के ये प्रस्तावित केंद्र हांगकांग, जापान और दक्षिण कोरिया में खोले जाएंगे।

### एनआरआई ने भरा भारत का खजाना, चार गुना बढ़ा बैंक डिपॉजिट



**नई दिल्ली।** विदेशी में काम करने वालों यानी अनिवासी भारतीयों की ओर से बैंक जमा इस वर्ष अप्रैल-मई के दौरान चार गुना बढ़ी है। इस दौरान एनआरआई जमा 2.7 अरब डॉलर रही है जो पिछले वर्ष समान अवधि में 0.6 अरब डॉलर थी। इससे देश के विदेशी मुद्रा भंडार को मजबूती मिल रही है।

### धान का रकबा अब तक सात प्रतिशत बढ़ा



**नई दिल्ली।** बेहतर मानसूनी बारिश के कारण चालू खरीफ मौसम (ग्रीष्मकालीन बुआई) में अब तक धान का रकबा सात प्रतिशत बढ़कर 166.06 लाख हेक्टेयर हो गया। कृषि मंत्रालय के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। पिछले साल 19 जुलाई तक धान की बुवाई 155.65 लाख हेक्टेयर में हुई थी। शुक्रवार को कृषि विभाग ने 19 जुलाई 2024 तक खरीफ फसलों के तहत खेती के रकबे में हुई वृद्धि के आंकड़े जारी किये। दलहन का रकबा बढ़कर 85.79 लाख हेक्टेयर हो गया है।

# बजट 2024 : सस्ती ईवी से लेकर हेल्थ इंश्योरेंस तक... मिलेंगी कई रियायतें!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

23 जुलाई को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट पेश करेंगी। इससे पहले जब उन्होंने इसी साल फरवरी में अंतरिम बजट पेश किया था, तो उसमें टैक्स में किसी प्रकार का बदलाव नहीं किया था, लेकिन अब पूर्णकालिक बजट होने के चलते उम्मीद की जा रही है कि मध्यम वर्ग को टैक्स में कुछ बड़ी छूट मिल सकती है। इसके अलावा ईवी खरीदने की सोच रहे लोगों पहले से सस्ती की कीमत में ईवी मिल सकती है।

नए टैक्स रिजीम को व्यक्तिगत टैक्सपेयर्स के लिए अधिक आकर्षक बनाने के उद्देश्य से, सरकार स्टैंडर्ड डिडक्शन को 50,000 रुपए से बढ़ाकर 100,000 रुपए करने जैसे उपायों पर विचार कर सकती है। इस व्यवस्था में स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम (धारा 80डी के तहत) को शामिल करना और पर्याप्त स्वास्थ्य बीमा कवर को अपनाने को बढ़ावा देने के लिए उपलब्ध कटौती सीमा को बढ़ाना शामिल है।

### मेट्रो सिटी के लोगों को फायदा

वित्त मंत्री द्वारा पेश किए जाने वाले वित्तीय बजट में एक बड़ी राहत बैंगलोर के लोगों को भी मिल सकती है, क्योंकि बेंगलुरु से लेकर एनसीआर, हैदराबाद और पुणे को मेट्रो सिटी का दर्जा दिया जा सकता है। बता दें कि मेट्रो सिटी में एचआरए की छूट मूल वेतन से 50 प्रतिशत तक होती है, जबकि अन्य शहरों में 40 प्रतिशत तक होती है। ऐसे में अगर इन शहरों को मेट्रो सिटीज के कैटेगरी में शामिल किया जाएगा, तो लोगों को एक बड़ी राहत मिलेगी।

## मध्यम वर्ग को टैक्स में कुछ बड़ी छूट मिल सकती

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए सुधार की उम्मीद

केपीएमजी इंडिया में ग्लोबल मोबिलिटी सर्विसेज, टैक्स की पार्टनर और हेड परिजाद सिरवाला कहती हैं, "आंकड़ों के मुताबिक भारत की 10 प्रतिशत से ज़्यादा आबादी 60 साल या उससे ज़्यादा उम्र के वरिष्ठ नागरिकों की है। साथ ही, प्रधानमंत्री वय वंदना योजना, आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं के साथ सरकार के आने वाले बजट में वरिष्ठ नागरिकों के लिए और सुधार की उम्मीद की जा रही है।"



### एनपीएस को लेकर भी हो सकता है बड़ा फैसला

इतना ही नहीं, 80सीसीडी(2) के तहत राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली में नियोक्ता के योगदान के लिए कटौती सीमा को अगर मूल वेतन के 10% से बढ़ाकर 14% किया जाता है, तो यह भी मध्यम वर्ग के लिए एक खुशखबरी होगी।। इस कटौती को बढ़ाने से केंद्र और राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए लागू प्रावधान के साथ समानता सुनिश्चित होगी और नई कर व्यवस्था के तहत बढ़ी हुई कर बचत के लिए एक विकल्प प्रदान करेगा, साथ ही दीर्घकालिक सेवानिवृत्ति बचत को बढ़ावा देगा।

## भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने विकसित की दो किस्में

# देश भर में टमाटर 90 पार, 'संकर' करेगा बेड़ा पार, 21 दिन तक नहीं होगा खराब

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*देशभर में टमाटर की कीमतें 90 रुपए के पार पहुंच गई हैं और अब ये सेंचुरी मारने को तैयार हैं। सरकार को भरोसा है कि आंध्र प्रदेश और कर्नाटक से आने वाली हाइब्रिड टमाटरों की खेप से टमाटर के आसमान चढ़ते भाव में गिरावट आ सकती है। इसी दौरान खबर यह भी आ रही है कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की ओर से विकसित टमाटर की दो संकर किस्में देश में टमाटर की तेज भागती कीमतों पर लगा सकती हैं।*

आईसीएआर की ओर से विकसित टमाटर की ये दो संकर किस्में निकट भविष्य में टमाटर संकट को समाप्त करने में अहम भूमिका निभाएंगी।

मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, आईसीएआर के तहत बेंगलुरु स्थित एक संस्थान की ओर से विकसित टमाटर की दो संकर किस्में भविष्य में टमाटर के संकट से बचा सकती हैं। इसकी सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि टमाटर के इस संकर किस्म को बड़े पैमाने पर अपनाने के साथ इसकी खेती के रकबे को बढ़ाना होगा। टमाटर की इस संकर किस्म को भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान की ओर से विकसित किया गया है।

### 21 दिनों तक खराब नहीं संकर टमाटर

दावा यह किया जा रहा है कि संकर टमाटर की किस्में अर्का रक्षक और अर्का अभेद की सेल्फ लाइन तीन हफ्ते हैं और यह 21 दिनों तक खराब नहीं होता। इसकी खासियत यह है कि मानसून की भारी बारिश में सप्लाई चेन बाधित होने के बाद भी इसे कई दिनों तक स्टोर करके रखा जा सकता है। आईसीएआर के महानिदेशक हिमांशु पाठक ने का कहना है कि हमने टमाटर की एक ऐसी किस्म विकसित की है, जिसकी सेल्फ लाइफ (खराब नहीं होने का समय) तीन हफ्ते है। हमें इन किस्मों के तहत रकबे को बढ़ाने की जरूरत है।

- हाइब्रिड तकनीक का लाइसेंस 11 कंपनियों को दिया गया
- पहला ट्रिपल रोग प्रतिरोधी टमाटर एफ-1 हाइब्रिड अर्का रक्षक की खेती



### सात हजार हेक्टेयर में किया परीक्षण

आईआईएचआर के वरिष्ठ वैज्ञानिक चंद्रशेखर सी के अनुसार, साल 2012 में विकसित भारत का पहला ट्रिपल रोग प्रतिरोधी टमाटर एफ-1 हाइब्रिड अर्का रक्षक फिलहाल 7,000 हेक्टेयर में उगाया जाता है। इस हाइब्रिड तकनीक का लाइसेंस 11 कंपनियों को दिया गया है। इनके बारे में अनुमान है कि साल 2012-22 के दौरान बीज की बिक्री से इनका कारोबार 3,600 करोड़ रुपए रहा है. तीन साल पहले जारी अर्का अभेद्य तीन हफ्ते की लंबी सेल्फ लाइफ देता है और दूरदराज के बाजारों के अनुकूल है। टमाटर की ये दोनों किस्में लीफ कर्ल वायरस, बैक्टीरियल विल्ट और अर्ली ब्लाइट सहित कई बीमारियों के लिए प्रतिरोधक क्षमता प्रदान करती हैं।

### खाद्य निर्यात तीन प्रतिशत घटाः एपीडा

लाल सागर संकट, माल ढुलाई में वृद्धि और कंटेनरों की कमी जैसे मुद्दों के कारण इस वित्त वर्ष में अप्रैल-जून के दौरान देश के कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों का निर्यात तीन प्रतिशत घटकर 5.88 अरब डॉलर रहा। कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण के आंकड़ों से यह जानकारी मिली। अमेरिका ने एक अगस्त से चीन से आयात पर उच्च शुल्क लगाया। इसके कारण, अमेरिका में आयातकों द्वारा उस समय सीमा से पहले और चीन से अधिक आयात करने का प्रयास किया गया है। इससे दोनों देशों के बीच अधिक माल यातायात हुआ है जिससे कंटेनरों की कमी हुई है। पहली तिमाही के दौरान चावल, कुछ अनाज, काजू और तिलहन के निर्यात में गिरावट आई है।

# अब फ्लिपकार्ट पर बजाज की सभी बाइक, घर बैठे करें ऑर्डर



*फ्लिपकार्ट के साथ की साझेदारी : बजाज ऑटो लिमिटेड में मोटरसाइकिल बिजनेस के चेयरमैन सारंग कनाडे ने इस साझेदारी पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा, हमें फ्लिपकार्ट के साथ अपने पार्टनरशिप का ऐलान करते हुए बहुत खुशी हो रही है।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अब आप घर बैठे फ्लिपकार्ट से बजाज की मोटरसाइकिलों को भी खरीद सकते हैं। बजाज ऑटो ने शुक्रवार को एक बयान में बताया कि वह अपनी लगभग सभी मोटरसाइकिलों को ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म फ्लिपकार्ट पर बेचेगी।

बजाज ऑटो की लोकप्रिय बाइक्स में पल्सर, डोमिनार, एवेंजर, प्लेटिना और सीटी शामिल हैं। ये 100 सीसी से लेकर 400 सीसी तक की रेंज में आती हैं। इसके साथ ही बजाज पहली ऐसी कंपनी हो जाएगी, जो फ्लिपकार्ट के जरिए ग्राहकों को इतने रेंज की बाइक ऑफर कर रही है। हालांकि बजाज की हाल में लॉन्च की गई सीएनजी बाइक्स, बजाज फ्रीडम 125 शुरुआत में फ्लिपकार्ट पर उपलब्ध नहीं होगी।

बजाज ने बताया कि शुरुआत में देश के 25 शहरों के ग्राहक ऑनलाइन फ्लिपकार्ट के जरिए बजाज की बाइक्स को खरीद सकते हैं। धीरे-धीरे बाकी शहरों में भी इस सुविधा को बढ़ाया जाएगा। बजाज ने ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों चैनलों में अपनी उपस्थिति बढ़ाके उद्देश्य से फ्लिपकार्ट के साथ यह साझेदारी की है। साथ ही यह ग्राहकों के लिए खरीदारी की प्रक्रिया को भी सरल बनाता है।

### कैसे खरीदें बजाज की बाइक?

ग्राहकों को फ्लिपकार्ट पर अपनी मनपसंद बजाज बाइक खरीदते समय एक्स-शोरूम कीमत का भुगतान करना पड़ेगा। इसके बाद फ्लिपकार्ट बजाज के किसी अधिकृत डीलर से ग्राहक का संपर्क कराएगी। यह डीलर बीमा, आरटीओ रजिस्ट्रेशन, केवाईसी डॉक्यूमेंट्स और सत्यापन से जुड़ी प्रक्रिया पूरी करेगा। अगर कस्टमर्स चाहें तो फ्लिपकार्ट के जरिए भी बीमा और रजिस्ट्रेशन खरीद सकते हैं। या फिर डीलर को अलग से भुगतान कर सकते हैं। डॉक्यूमेंट्स से जुड़ी पूरी प्रक्रिया होने में 8-12 दिन लगेंगे, और ग्राहक लगभग दो सप्ताह के बाद बाइक की डिलीवरी ले सकते हैं।

# विप्रो का लाभ 4.6 प्रतिशत बढ़कर 3,003.2 करोड़ रुपए, राजस्व घटा

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी विप्रो का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में सालाना आधार पर 4.6 प्रतिशत बढ़कर 3,003.2 करोड़ रुपये रहा। बेंगलुरु की कंपनी की आय हालांकि 2024-25 की पहली तिमाही में 3.8 प्रतिशत घटकर 21,963.8 करोड़ रुपये रही कंपनी ने गुरुवार को बयान में कहा कि उसे आगामी सितंबर तिमाही में आईटी सेवा व्यवसाय खंड से 260-265.2 करोड़ डॉलर तक आमदनी की उम्मीद है।

विप्रो के सीईओ और प्रबंध निदेशक श्रीनी पलिया ने कहा कि कंपनी ने एक और तिमाही में एक अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के बड़े सौदे हासिल किए। उन्होंने कहा कि कंपनी के शीर्ष खातों में वृद्धि जारी है, साथ ही 'अमेरिका 1' रणनीतिक बाजार इकाई बैंक, वित्तीय सेवा और बीमा (बीएफएसआई) और उपभोक्ता क्षेत्रों में वृद्धि हुई।




- आईटी सेवा व्यवसाय खंड से 260-265 .2 करोड़ डॉलर तक आमदनी की उम्मीद

### रिलायंस जियो को 5445 करोड़ रुपए का मुनाफा

देश की सबसे बड़ी दूरसंचार सेवा प्रदाता रिलायंस जियो इन्फोकॉम का चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में एकल आधार पर शुद्ध लाभ 12 प्रतिशत बढ़कर 5,445 करोड़ रुपये रहा। रिलायंस जियो ने शुक्रवार को अप्रैल-जून तिमाही के अपने वित्तीय नतीजों की सूचना दी। आलोच्य तिमाही में कंपनी का परिचालन राजस्व सालाना आधार पर 10 प्रतिशत बढ़कर 26,478 करोड़ रुपये हो गया। समीक्षाधीन तिमाही के लिए रिलायंस जियो का शुद्ध लाभ 5,445 करोड़ रुपये रहा, जो सालाना आधार पर 11.9 प्रतिशत और मार्च तिमाही की तुलना में दो प्रतिशत अधिक है।

### पेटीएम का घाटा बढ़कर 840 करोड़ रुपए

पेटीएम की मूल कंपनी वन कम्युनिकेशंस का घाटा चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में बढ़कर 840 करोड़ रुपये हो गया। बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी को 358.4 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। पेटीएम ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी एकीकृत आय 33.48 प्रतिशत घटकर 1,639.1 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 2,464.2 करोड़ रुपये थी।

## गुजरात में जल्द शुरू होगा चिप विनिर्माण...



**गांधीनगर।** गुजरात सरकार ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र के लिए अलग से नीति लायी है और राज्य में जल्द ही चिप निर्माण शुरू होगा। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने शुक्रवार को यहां महात्मा मंदिर कन्वेंशन सेंटर में एक दिवसीय 'गुजरात सेमीकनेक्ट कॉन्फ्रेंस 2024' का उद्घाटन करने उन्होंने भरोसा दिया कि उनकी सरकार उद्योग को सभी जरूरी मदद देगी। माइक्रोन टेक्नोलॉजी, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स और सीजी पावर ने इस सम्मेलन के लिए राज्य सरकार के साथ सहयोग किया है। ये सभी कंपनियां गुजरात में अपने सेमीकंडक्टर संयंत्र स्थापित कर रही हैं।

# लॉकहीड मार्टिन के सीईओ ने पीएम मोदी से की मुलाकात

- दोनों देशों के बीच रक्षा और औद्योगिक संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



रक्षा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लॉकहीड मार्टिन के सीईओ जिम टेसलेट ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री ने 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर वर्ल्ड' को लेकर कंपनी की प्रतिबद्धता की सराहना की। यह मुलाकात गुरुवार को हुई। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'लॉकहीड मार्टिन के सीईओ जिम टेसलेट ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। लॉकहीड मार्टिन भारत-अमेरिका एयरोस्पेस और रक्षा औद्योगिक सहयोग में एक प्रमुख भागीदार है।

हम 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर वर्ल्ड' के सपने को साकार करने की दिशा में उनकी प्रतिबद्धता का स्वागत करते हैं। तीन दशकों से अधिक समय के एक भरोसेमंद भागीदार के रूप में, हम स्थानीय उद्योग की होनहार प्रतिभा और क्षमताओं को पहचानते हैं। हम दोनों देशों के बीच रक्षा और औद्योगिक संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'

# रुपया सर्वकालिक निचले स्तर पर तीन पैसे टूटकर 83.66 प्रति डॉलर

- अमेरिकी मुद्रा में मजबूती और घरेलू शेयर बाजार में कमजोर रुख से रुपए में गिरावट आई

एजेंसी ▶▶| मुंबई

विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा की तुलना में रुपया शुक्रवार को तीन पैसे टूटकर 83.66 प्रति डॉलर के अपने सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ।

कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच अमेरिकी मुद्रा में मजबूती और घरेलू शेयर बाजार में कमजोर रुख से रुपए में गिरावट आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कमजोर घरेलू बाजार और तेल की ऊंची कीमतों ने रुपये पर दबाव डाला। हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक के



हस्तक्षेप से घरेलू मुद्रा में तेज गिरावट पर रोक लगी। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.64 प्रति डॉलर पर खुला। दिन में कारोबार के दौरान यह 83.60 के उच्चस्तर तक गया तथा 83.66 प्रति डॉलर के निचले स्तर तक आया।

### रुपया करेगा नकारात्मक कारोबार

शेयरखान बाय बीएनपी पारिबा के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा, 'हमारा मानना है कि कमजोर वैश्विक बाजारों और अमेरिकी डॉलर की मजबूती के कारण रुपया थोड़ा नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा। कमजोर एशियाई और यूरोपीय मुद्राओं का भी रुपये पर असर पड़ सकता है।

# माइक्रोसॉफ्ट की सेवाओं में समस्या से एनएसई बीएसई प्रभावित नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के प्रमुख शेयर बाजारों-एनएसई और बीएसई पर माइक्रोसॉफ्ट की सेवाओं में आए वैश्विक व्यधान का प्रभाव नहीं हुआ है।




प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनी की सेवाओं में आए व्यवधान से दुनिया भर में कई एयरलाइंस, बैंक, मीडिया संस्थान के कामकाज पर असर पड़ा है।भारत समेत दुनियाभर में माइक्रोसॉफ्ट के उपयोगकर्ताओं को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इंटरनेट व्यवधान पर नजर रखने वाली वेबसाइट डाउनडिटेक्टर पर विभिन्न सेवाओं से जुड़े दुनियाभर के उपयोगकर्ताओं ने इस संबंध में सूचना दी है। इस बीच, दो प्रमुख भारतीय शेयर बाजारों ने माइक्रोसॉफ्ट सेवाओं में रूकावट से उन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ने की घोषणा की है। एनएसई के प्रवक्ता ने बयान में कहा, "एनएसई (नेशनल स्टॉक एक्सचेंज) और एनसीएल (एनएसई क्लियरिंग लिमिटेड) आज सामान्य रूप से काम कर रहे हैं।"इसके अलावा बीएसई के एक प्रवक्ता ने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट में समस्या के कारण एक्सचेंज पर कोई असर नहीं पड़ा है। परिचालन सामान्य रूप से चल रहा है।

## 2024-25 के लिए उसका 7.2 प्रतिशत वास्तविक जीडीपी वृद्धि का लक्ष्य

# आर्थिक वृद्धि मजबूत, मुद्रास्फीति को काबू में लाने पर ध्यान : दास


एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने शुक्रवार को कहा कि मौजूदा माहौल में जब आर्थिक वृद्धि दर अच्छी है, मौद्रिक नीति को स्पष्ट रूप से मुद्रास्फीति पर ध्यान देना चाहिए। तटस्थ दरों को लेकर बहस के बीच, दास ने कहा कि सैद्धांतिक और अमूर्त अवधारणाएं किसी व्यक्ति के निर्णय पर आधारित होती हैं और ये वास्तविक दुनिया में नीति निर्धारित नहीं कर सकती हैं।

गौरतलब है कि आरबीआई लगातार नीतिगत दर पर यथास्थिति बनाए हुए है और दर पर फैसला करने वाली समिति के कुछ सदस्यों के बीच असहमति बढ़ रही है। ये सदस्य आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत दर में कटौती के पक्ष में हैं। अधिक ब्याज दर के कारण वृद्धि पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर चिंता जताने वालों को जवाब देते हुए दास ने कहा कि मौजूदा नीतिगत दर के बावजूद वृद्धि मजबूत रही है। उन्होंने कहा कि आरबीआई को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए उसका 7.2 प्रतिशत वास्तविक जीडीपी वृद्धि का लक्ष्य हासिल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यह गति दूसरी तिमाही में भी जारी रहेगी।

### खाद्य मुद्रास्फीति पर ध्यान

आरबीआई गवर्नर ने कहा कि पिछले तीन साल में भारत की औसत वृद्धि 8.3 प्रतिशत रही है। दास ने यहां फाइनेंशियल एक्सप्रेस के एक कार्यक्रम में कहा, ''वृद्धि स्थिर बनी हुई है। अब हमें मुद्रास्फीति पर स्पष्ट रूप से ध्यान केंद्रित करना होगा।' उन्होंने कहा कि आरबीआई विशेष रूप से खाद्य मुद्रास्फीति के मोर्चे पर ध्यान दे रहा है और थोक मूल्य मुद्रास्फीति पर भी नजर है।



### कारोबारी घरानों को बैंक खोलने की नहीं देंगे मंजूरी

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने शुक्रवार को कहा कि केंद्रीय बैंक के पास फिलहाल कारोबारी घरानों को बैंक खोलने की मंजूरी देने की कोई योजना नहीं है। दास ने कहा कि कारोबारी घरानों को बैंकों का प्रवर्तन करने की अनुमति देने से हितों के टकराव और संबंधित पक्षों के लेनदेन से जुड़ा जोखिम बढ़ जाता है। आरबीआई गवर्नर ने बैंकों के गठन की कारोबारी घरानों को मंजूरी देने संबंधी किसी योजना के बारे में पूछे जाने पर कहा, /"इस समय, उस दिशा में कोई विचार नहीं है।आरबीआई ने लगभग एक दशक पहले बैंकों के लाइसेंस देने की प्रक्रिया के अंतिम दौर में कई बड़े कारोबारी समूहों को नए बैंकों का लाइसेंस देने के अयोग्य घोषित कर दिया था।

# सोना 750 रुपए टूटा, चांदी की चमक घटी



**नई दिल्ली।** आभूषण विक्रेताओं की कमजोर मांग के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोना 750 रुपए की गिरावट के साथ 75,650 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। इसके साथ सोने में पिछले छह कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर विराम लग गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 76,400 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इस बीच, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 800 रुपए घटकर 75,300 रुपए प्रति 10 ग्राम पर रहा। बृहस्पतिवार को यह 76,100 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,000 रुपए टूटकर 93,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही।

## चिंतन

# महज एक सर्वर की खराबी से ही थम गई पूरी दुनिया

माइक्रोसॉफ्ट के सॉफ्टवेयर में शुक्रवार 19 जुलाई की सुबह खराबी आने के बाद दुनियाभर में हड़कंप मच गया। सॉफ्टवेयर में गड़बड़ी से दुनियाभर के एयरपोर्ट्स पर चेक इन सिस्टम और इन्फॉर्मेशन डिस्प्ले बंद हो गए। इससे फ्लाइट्स के लिए चेक इन और टिकट बुकिंग सर्विसेज ठप हो गईं। भारत समेत अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी और इंग्लैंड में एयरलाइंस, एटीएम, बैंकिंग और कॉर्पोरेट कंपनियों के कामकाज पर बुरा असर पड़ा है। ब्रिटेन में तो टेलीविजन का प्रसारण ठप हो गया। तकनीकी भाषा में इसे मेगा आईटी आउटेज कहा जा रहा है। दुनियाभर में विंडोज-10 यूजर्स के सिस्टम क्रैश हो रहे हैं यानी उनके सिस्टम या तो अचानक बंद हो रहे हैं या रीस्टार्ट हो रहे हैं। इस वजह से कंप्यूटर की स्क्रीन पर नीले बैकग्राउंड के साथ एक मैसेज डिस्प्ले हो रहा है। इसे ब्लू स्क्रीन ऑफ डेथ एरर कहा जा रहा है। ऐसी स्थिति में कंप्यूटर पर कोई काम नहीं किया जा सकता। इस एक खराबी ने पूरी दुनिया को ये भी अहसास करवाया है कि माइक्रोसॉफ्ट के सर्वर की क्या ताकत है। कैसे वह दुनिया को कंट्रोल करता है और कैसे उसके सिस्टम में आई जरा सी खराबी पूरी दुनिया को जहां का तहां रोक सकती है। माइक्रोसॉफ्ट के इस ग्लिच से मुंबई से बर्लिन तक अफरा-तफरी का माहौल रहा। माइक्रोसॉफ्ट की वजह से इजराइल में सेंट्रल बैंकिंग सेवाएं प्रभावित हुई हैं। स्पेन में एयर सर्विस प्रभावित हुई। भारत में स्पाइस जेट, इंडिगो और आकासा के टिकट बुकिंग में दिक्कत आ रही है। ऑस्ट्रेलिया में न्यूज चैनल के कामकाज पर इसका असर हुआ। इस घटना के चलते दुनियाभर में माइक्रोसॉफ्ट उपयोगकर्ताओं ने बैंकों और एयरलाइंस सहित अन्य सेक्टरों में व्यापक व्यवधान की सूचना दी। प्रौद्योगिकी कंपनी ने कहा है कि वह धीरे-धीरे माइक्रोसॉफ्ट 365 ऐप और सेवाओं तक पहुंच को प्रभावित करने वाली समस्या को ठीक कर रही है। व्यवधान का कारण, प्रकृति और पैमाना स्पष्ट नहीं है। माइक्रोसॉफ्ट ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि "स्थिति में सुधार हो रहा है।" हालांकि घंटों बाद भी दुनियाभर में व्यवधान बढ़ने की खबरें आ रही हैं। माइक्रोसॉफ्ट के सर्वर को कब तक ठीक कर लिया जाएगा और विमान, बैंकिंग व रेल सेवाएं दोबारा कब से शुरू हो पाएंगी, इस बारे में अभी कोई सटीक दावा कर पाना किसी के लिए भी मुश्किल साबित हो रहा है, मगर दुनियाभर के सैकड़ों सॉफ्टवेयर इंजीनियर और साइबर विशेषज्ञ समस्या का समाधान खोजने के प्रयास में जुट गए हैं। उपयोगकर्ताओं द्वारा सूचित की गई इंटरनेट रुकावटों पर नजर रखने वाली वेबसाइट 'डाउनडिटेक्टर' ने बताया कि वीजा, एडीटी सिक्योरिटी और अमेजन, तथा अमेरिकन एयरलाइंस और डेल्टा समेत विभिन्न एयरलाइनों में सेवाओं में व्यवधान बढ़ा है। हालांकि अभी तक तकनीकी खामी को वजह माना जा रहा है, मगर इस घटना के पीछे साइबर हमले की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता। अनेक विशेषज्ञ इसकी आशंका जता रहे हैं। अगर ऐसा है तो बहुत गंभीर मामला है। इससे यह भी साबित हो गया कि दुनियाभर में दहशत पैदा करना या दुनिया की रफ्तार को रोकना किसी के लिए कितना सहज है। हमें विचार करना होगा कि हम तकनीक के कितने गुलाम हो रहे हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि सॉफ्टवेयर की खराबी जल्द सुलझ जाएगी और दोबारा ऐसा न हो, इसके भी प्रबंध किए जाएंगे।



विश्लेषण
प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

# एसडीजी में भारत का शानदार प्रदर्शन

> 2015 से पहले मिलेनियम डेवलपमेंट गोल्स-एमडीजी को जिस मनोभाव से एसडीजी-सस्टनेबल डेवलपमेंट गोल्स जब नाम दिया गया था तो बड़े दावे किए गए थे कि हम विश्व के लोग एमडीजी में जो कर पाए वह कर पाए, लेकिन अब हम एसडीजी में इससे भी बड़ा लक्ष्य रखेंगे और काफी कुछ कर गुजरेंगे। वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत एसडीजी की दिशा में आगे बढ़ रहा है। हमारा लक्ष्य है कि हम नेक हों तो जो 2047 तक विकसित भारत की दिशा में प्रगति का हमारा दावा है, उसके अनुरूप काम करने की जरूरत होगी। प्रतिबद्ध कदम व भारत के प्रतिबद्ध नागरिक यदि एक हों, तो भारत का जो आज एसडीजी प्रदर्शन है वह विश्व में श्रेष्ठ गिना जाएगा।

दुनिया में एक शब्द गूंज रहा है-एसडीजी। यह शब्द दुनिया को बेचैन कर रखा है, क्योंकि सच्चाई यह है कि 2015 से पहले मिलेनियम डेवलपमेंट गोल्स-एमडीजी को जिस मनोभाव से एसडीजी-सस्टनेबल डेवलपमेंट गोल्स जब नाम दिया गया था तो बड़े दावे किए गए थे कि हम विश्व के लोग एमडीजी में जो कर पाए वह कर पाए, लेकिन अब हम एसडीजी में इससे भी बड़ा लक्ष्य रखेंगे और काफी कुछ कर गुजरेंगे। अब पूरा विश्व दबाव में है। संयुक्त राष्ट्र दबाव में है। वर्ल्ड बैंक, एडीबी और दूसरी अंतरराष्ट्रीय महत्व की एजेंसियां दबाव में हैं कि जो दावे हम सबने और जो लक्ष्य निर्धारित किए, वह तो हमसे बहुत दूर हैं।

वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत एसडीजी की दिशा में शानदार प्रदर्शन कर रहा है। उसने समन्वय की रणनीति को अपनाया है और यह कोशिश की है कि सतत विकास लक्ष्य को हासिल करने में पुरजोर कोशिश करेंगे, चाहे जितना हमसे दूरी तय हो सके। सतत विकास लक्ष्य को लेकर वैसे तो संयुक्त राष्ट्र में लगातार बैठकें हो रही हैं। जिन चीजों से दुनिया को खतरे हैं और मनुष्यता के खिलाफ हैं, उसके खिलाफ आवाज़ उठाई जा रही है। यह कहा जा रहा है की जो विश्व का सामान्य जीवन-गुणवत्ता बनाए रखने का पैरामीटर हैं, उसे पर देश ज्यादा ध्यान दे, लेकिन सच यह है कि विश्व के लोग ध्यान नहीं दे रहे हैं। प्रत्येक दिन संयुक्त राष्ट्र के अध्यक्ष, महासचिव और उप-महासचिव के दफ्तर से जारी किए गए पत्रों को ही आंकलित किया जाए तो यह पता चलता है की जिन देशों को संयुक्त राष्ट्र से पत्र भेजे गए उसका ज़वाब भी समय से नहीं दिया जा रहा है। इस आशय का दस्तावेज़ कोई भी देश जारी करने से बच रहा है कि उसने क्या ज़वाब दिया और उसकी क्या उपलब्धियां हैं। इस बीच एसडीजी इंडिया इंडेक्स 2023-24 जारी की गई है। उसमें एसडीजी इंडिया इंडेक्स की मुख्य विशेषताएं गरीबी उन्मूलन, भूख से मुक्ति, अच्छा स्वास्थ्य और खुशहाली, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, लैंगिक समानता, स्वच्छ जल और स्वच्छता, सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा, अच्छा काम और आर्थिक विकास, उद्योग, नवाचार और इंफ्रास्ट्रक्चर, असमानताओं में कमी, स्थायी शहर और समुदाय, जिम्मेदार उपभोग और उत्पादन, जलवायु के अनुकूल कार्रवाई, भूमि पर जीवन, शांति, न्याय और मजबूत संस्था सभी क्षेत्रों में उल्लिखित की गई हैं। यह भी कहा गया है कि भारत का समग्र स्कोर 2018 में 57 से बढ़कर 2020-21 में 66 था और अब 2023-24 में 71 हो गया। वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत एसडीजी की दिशा में आगे बढ़ रहा है। भारत ने शहरी विकास और गरीबी उन्मूलन, भूख और शिक्षा, पर्यावरण और शांति, न्याय के लिए समान रूप से ध्यान दिया है। मुख्य बात यह है कि भारतीय संघ में समन्वित व निर्णायक लक्ष्य तक पहुंचना एक कठिन चुनौती है, क्योंकि यहां की सांस्कृतिक और भौगोलिक विविधता लक्ष्य तक पहुंचने में आड़े आती है। फिलहाल भारत की प्रतिबद्धता नीति आयोग की अगुवाई में संचालित है। एसडीजी लक्ष्य पर्याप्त प्रयासों से ही संभव हैं। इसे राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ मिलकर हासिल करने की चुनौती





है। विगत लगभग एक दशक में जो भी लक्ष्य हासिल किए गए हैं, उसमें सबकी अपनी-अपनी भूमिका है। समग्र स्कोर के हिसाब से यदि जमीनी सच्चाई है तो निश्चय ही भारत एसडीजी हासिल करने में अच्छा प्रदर्शन कर रहा है, ऐसा कहा जा सकता है।

सतत विकास लक्ष्य की प्राप्ति में सहायक प्रमुख क्रियाकलापों में प्रधानमंत्री आवास योजना-पीएमएवाई के तहत 4 करोड़ से अधिक घर, ग्रामीण क्षेत्रों में 11 करोड़ शौचालय और 2.23 लाख सामुदायिक स्वच्छता परिसर, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 10 करोड़ एलपीजी कनेक्शन,जल जीवन मिशन के तहत 14.9 करोड़ से अधिक घरों में नल का जल कनेक्शन, आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 30 करोड़ से अधिक लाभार्थी, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 80 करोड़ से अधिक लोगों को कवरेज, प्रधानमंत्री-जन धन खातों के माध्यम से 34 लाख करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, कौशल भारत मिशन के तहत 1.4 करोड़ से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित और कौशलयुक्त मानव संसाधन बनाने की बात की गई है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत युवाओं की उद्यमशीलता संबंधी आकांक्षाओं के लिए 43 करोड़ ऋण स्वीकृत किए गए हैं, जो कुल मिलाकर 22.5 लाख करोड़ रुपये हैं। युवाओं की सहायता के लिए स्टार्ट-अप-इंडिया और स्टार्ट-अप-गारंटी योजनाएं, बिजली तक पहुंच के लिए सौभाग्य योजना, नवीकरणीय ऊर्जा पर जोर देने के दावे में 73.32 गीगावॉट ऊर्जा की पहुंच बताई गई है। इंटरनेट डेटा की लागत में 97% की कमी के साथ डिजिटल बुनियादी ढांचे में सुधार, जिसने बदले में वित्तीय समावेशन को सकारात्मक रूप से प्रभावित और बढ़ावा दिया गया है, इत्यादि दावे भारत सरकार के नीति आयोग ने एसडीजी लक्ष्य बताया है। यह सब दावे निश्चय ही उल्लेखनीय हैं लेकिन इसमें जो बुनियादी सफलता है, वह यह है कि सरकार अनुकूल विजुअलाइजेशन के लिए उसे जमीनी स्तर पर देख सकती है। इसी से 71 तक स्कोर बढ़ा है। नीति आयोग के दावे और उसकी अपनी संतुष्टि चाहे जो भी हो लेकिन अब भारत को बेहतरी की ओर बढ़ने की ज़रूरत है। जिन क्षेत्रों में सतत विकास लक्ष्य को लेकर हमारी खामियां हैं क्या भारत सरकार उसके लिए कोई ऐसा मापांक तैयार कर पाया है? प्रश्न यह है कि भारत में जो जनजीवन है वह एसडीजी के दावों के मुताबिक ही प्रगति कर सका है, इसको परखने के लिए कोई अलग से मॉनीटरिंग व्यवस्था सरकार अब तक खड़ी कर सकी है? यदि नहीं तो जो डाटा भारत की ओर से दिया जा रहा है, उसे कल झुठलाने वाले खड़े होंगे तो कोई सरकार के पास ज़वाब नहीं होगा। भारत को यह दिखाना होगा कि वह कुछ बेहतर कर रहा है तो उसे अपने देश के रक्षा सौदों में निवेश को रोकना होगा। कुछ विशेष न हो तो जो संत महात्मा प्रवचन करके अपने होने का एहसास दिलाते हैं। उनके माध्यम से जन-जन में प्रेम व शांति बनाने की कोशिश करनी होगी। वे भारत में अपराध कम करने के लिए क्या अवदान दे सकते हैं, इसके लिए एडवाइजरी जारी होनी चाहिए। संत व प्रवचनकर्ता कितने लोगों को मुख्यधारा में शामिल कर शांति स्थापित किए, यह मायने रखता है। भारत रक्षा सौदे में निवेश की जगह शिक्षा व स्वास्थ्य, अच्छे मानव संसाधन तैयार करने हेतु निवेश बढ़ाए, जलवायु सुरक्षा के लिए कार्य करे, इसके लिए राज्य की ओर से विशेष एडवाइजरी यदि बने तो भारत एसडीजी लक्ष्य में कुछ अलग प्रदर्शन कर सकेगा। हमारा लक्ष्य है कि हम नेक हों और विश्व में हमारे अभिषेक हों तो जो 2047 तक विकसित भारत की दिशा में प्रगति का हमारा दावा है, उसके अनुरूप काम करने की जरूरत होगी। इसके लिए भारत के निर्णायक कर्त्तव्य ही उसे इस स्तर पर ले जा सकते हैं। प्रतिबद्ध कदम, प्रतिबद्ध नेतृत्व व भारत के प्रतिबद्ध नागरिक यदि एक हों, तो भारत का जो आज एसडीजी प्रदर्शन है वह विश्व में श्रेष्ठ गिना जाएगा।

(लेखक राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



लोहागढ़ किला समुद्र तल से 3400 फीट की ऊंचाई पर स्थित यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल और महाराष्ट्र की प्रमुख ऐतिहासिक धरोहर में से एक है। महाराष्ट्र का यह प्रसिद्ध किला पुणे से लगभग 52 किलोमीटर और लोनावाला हिल स्टेशन से लगभग 20 किलोमीटर की दूरी पर स्थित हैं। महाराष्ट्र के प्रमुख किले में में से एक लोहागढ़ का किला 18 वीं शताब्दी का किला हैं जोकि ऐतिहासिक महत्व के साथ साथ अलग-अलग समय में कई राजवंशों के लिए शक्ति का प्रमुख केंद्र रहा है।

विश्व शतरंज दिवस
डॉ. मोनिका शर्मा




# मान बढ़ा रही नई पीढ़ी

दुनियाभर में शतरंज के खेल में भारत की नई पीढ़ी बेहतरीन प्रदर्शन कर रही है। ऊर्जा और आशाओं से भरे इन युवाओं ने शतरंज के खेल की बिसात पर भारतीय मेधा का लोहा मनवाया है, जिसके चलते इस खेल में हमारे देश की धाक और साख दोनों बढ़ी है। कई युवा खिलाड़ियों ने इस दिमागी खेल में देश को विशेष पहचान दिलाई है। ज्ञात हो कि शतरंज का खेल मूलतः भारत से निकलकर ही दुनियाभर में पहुंचा है। पहले इस खेल को 'चतुरंग' के नाम से जाना जाता था। अब 1924 में पेरिस में अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिड़े) के स्थापना दिवस को चिह्नित करने के लिए हर वर्ष 20 जुलाई को विश्व शतरंज दिवस मनाया जाता है। सुखद है कि भारत से ही अरब होते हुए यूरोप तक पहुंचने वाले इस खेल में भारत अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करवा रहा है। विश्वनाथन आनंद के बाद अब युवा पीढ़ी शतरंज में देश का प्रभावी प्रतिनिधित्व कर रही है। आनंद 1988 में भारत के पहले ग्रैंडमास्टर बने थे। हाल ही में 21 साल के अर्जुन एरिगासी शतरंज की दुनिया में उपस्थिति दर्ज कराते हुए देश के नए नंबर 1 शतरंज खिलाड़ी बने हैं। अप्रैल-2024 की इंटरनेशनल चेस फेडरेशन की वर्ल्ड रैंकिंग सूची में अर्जुन 9वें स्थान पर हैं। यह वैश्विक रैंकिंग पाने के बाद अर्जुन एरिगासी ने विश्वनाथन आनंद को पीछे छोड़ दिया है। सुखद है कि इस खेल में विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद के बाद अगली पीढ़ी के भारतीय खिलाड़ी बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। हाल के वर्षों में कई युवा खिलाड़ियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर इस खेल में धाक जमाई है। कुछ समय पहले डोम्माराजू गुकेश ने फिडे कैंडिडेट्स 2024 जीतकर इतिहास के पन्नों पर अपना नाम लिखवाया है। गौरतलब है कि गुकेश कास्परोव के पांच साल के जीत के रिकॉर्ड को तोड़कर सबसे कम उम्र के विजेता बन गए हैं। शीर्ष रैंक वाले भारतीय शतरंज खिलाड़ियों में विश्वनाथन, गुकेश, प्रगनानंद, अर्जुन एरिगासी और विदित गुजराती समग्र संसार को भारत की प्रतिभा से परिचय करवा रहे हैं। डोम्माराजू गुकेश तो मौजूदा समय में दुनिया के तीसरे सबसे कम उम्र के ग्रैंडमास्टर हैं। वहीं प्रगनानंद इस खेल के सबसे चर्चित चेहरों में एक बने हुए हैं। 10 साल की आयु में अंतरराष्ट्रीय खिताब जीतकर प्रगनानंद शतरंज के इतिहास में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने। वहीं 29 साल के विदित गुजराती भी देश के शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल हैं। विदित ने अपना पहला विश्व कप 2015 में खेला था। 2017 और 2019 में विदित तीसरे राउंड तक पहुंचने में सफल रहे। शतरंज में महिला खिलाड़ी भी देश का मान बढ़ाने में पीछे नहीं हैं। कोनेरू हम्पी,वैशाली रमेश बाबू, हरिका द्रोणावल्ली चर्चित खिलाड़ी हैं। 2008 में ग्रैंडमास्टर खिताब हासिल करने वाली हरिका 2024-2025 फिडे महिला ग्रैंड प्रिक्स सीरीज में भारत का नेतृत्व करने जा रही हैं। वहीं वैशाली रमेश बाबू को अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ द्वारा ग्रैंडमास्टर की उपाधि से सम्मानित किया जा चुका है। वैशाली, कोनेरू हम्पी और हरिका के बाद यह उपाधि पाने वाली तीसरी भारतीय महिला ग्रैंडमास्टर हैं। ध्यातव्य है कि वैशाली और प्रगनानंद भाई-बहन हैं। यह दुनिया की पहली ग्रैंडमास्टर भाई-बहन की जोड़ी भी है। शतरंज के खेल में अपनी रणनीतिक चालों के जरिये भारतीय मेधा से दुनिया का परिचय करवा रहे इन युवा चेहरों ने अपनी ही नहीं देश की भी विशेष पहचान बनाई है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# अंतर लोक की यात्रा का समय चातुर्मास



संकलित
दर्शन

चतुर्मास आत्मशुद्धि का पर्व है। संस्कार शुद्धि का अवसर है। मनीषियों ने मन की साधना को परिपक्व एवं पुष्ट करने के लिए तन की तीन विधियां प्रतिपादित की हैं। आतप ग्रहण, शीत सहन और प्रतिसंलीनता। इन तीन विधियों के अनुष्ठान के लिए अलग-अलग ऋतुओं का विधान किया है। ग्रीष्म ऋतु आतप ग्रहण के लिए सबसे सही मानी गई है। सूर्य की ऊर्जा का पृथ्वी से सर्वाधिक संपर्क गर्मी के मौसम में होता है। शरीर के अंदर विद्यमान पृथ्वी तत्त्व चार माह तक यदि सूर्य की सन्निधि में रहता है तो पृथ्वी तत्त्व में सघनता बढ़ती जाती है। उसमें स्थायित्व गुण का विकास होता है। शीत ऋतु में जलीय तत्त्व प्रचुर मात्रा में प्रकृति में होता है। यह समय ही शरीर में अधिकतम जल संचयन का है। अत साधकों को निर्देश दिया है कि वे रात्रि में एकांत में शीत सहन करें। वर्षा ऋतु, प्रतिसंलीनता नामक तप के लिए सबसे सही समय है। यों तो ग्रीष्म और शरद ऋतु के भी चार-चार महीने होते हैं। पर चातुर्मास शब्द वर्षा के चार महीनों के लिए ही प्रयुक्त हुआ है। जैन शास्त्रों में इसे 'वर्षावास' कहा है अर्थात वर्षा के समय में 'आवास' करना है, यात्रा नहीं। इस तप में बहिर्यात्रा बंद तथा अंतर्यात्रा प्रारंभ हो जाती है। अंतर्यात्रा के प्रस्थान बिंदुओं और पड़ावों में चार तत्त्व मुख्य रूप से उभरते हैं। प्रथम है देह, द्वितीय है मन, तीसरा है कर्म और चौथा है आत्मा। पहले देह की गतिविधियां न्यूनतम स्तर पर लाई जाती हैं।

# ईश्वर की खोज करने से पहले स्वयं को समझें



संकलित
प्रेरणा

इंसान की इच्छा हमेशा दूसरों को जानने में अधिक रहती है। लेकिन, खुद को जानने की न तो उसके पास इच्छा है और न ही समय। ईश्वर की खोज भी वह इसी इच्छा के अधीन होकर करता है। इस इच्छा की पूर्ति के लिए वह तमाम जतन भी करता है, लेकिन वह भूल जाता है कि ईश्वर की खोज करने से पहले स्वयं को समझना जरूरी होता है। स्वयं को जाने बिना, अपनी सोच के तौर-तरीकों को समझे बिना, अपनी संस्कारबद्धता की पृष्ठभूमि को समझे बिना, आप किसी भी चीज की सही-सही परख कैसे कर सकेंगे? यदि आप ईश्वर या सत्य या और किसी नाम से 'तुष्टि' की खोज कर रहे हैं, तो नाम चाहे कुछ भी हो, आपको पता होना चाहिए कि वह चीज असल में क्या है, जिसे आप पाना चाहते हैं। जब आप कहते हैं, 'मैं स्थायी खुशी की तलाश कर रहा हूं'-ईश्वर, या सत्य या कुछ और पाना चाहता हूं, तो आपको उस खोज करने वाले को भी समझना होगा, जो इस तलाश में लगा है। यह संभव है कि स्थायी सुरक्षा, स्थायी खुशी नाम की कोई चीज ही न हो। हो सकता है कि सत्य पूर्णतया भिन्न हो; और मुझे लगता है कि आप जो देखते हैं, सोचते हैं, प्रतिपादित करते हैं, सत्य उन सबसे पूर्णतया भिन्न है। इसलिए किसी स्थायी चीज को खोजने से पहले क्या यह जरूरी नहीं लगता कि पहले खोजने वाले को समझा जाए? क्या खोजने वाला उस चीज से अलग है, जिसे वह खोज रहा है? जब आप कहते हैं, 'मैं सुख खोज रहा हूं' तो क्या खोज करने वाला खोज के लक्ष्य से भिन्न है?

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अमरनाथ यात्रा मंगलमय हो

बाबा बर्फानी अर्थात अमरनाथ की यात्रा शुरू हो चुकी है। सरकार और प्रशासन ने श्रद्धालुओं को हर सुविधा उपलब्ध कराने के पुख्ता इंतजाम तो किए ही हैं, आतंकवाद से सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सेना भी तैयार है। लेकिन इस यात्रा को और सुखद, सुरक्षित और आरामदायक बनाने के लिए श्रद्धालुओं को भी अपनी जिम्मेदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। सरकार और प्रशासन ने जो भी नियम इस यात्रा के लिए बनाए हैं, उनका पालन गंभीरता से करना चाहिए। जो भी रास्ता प्रशासन ने बताया है या जिन चीजों के लंगर लगाने की इजाजत दी है, उसी रास्ते का प्रयोग करना चाहिए और उन्हीं चीजों के लंगर लगाने चाहिए। दूसरा, लोगों को वहां शांति और अनुशासन में रहकर यात्रा करनी चाहिए, भगदड़ करने से बचना चाहिए। - **रमेश साहू, बिलासपुर**

## ट्रेंड

### सामूहिक प्रयासों पर प्रकाश



इस महीने की मन की बात, जो रविवार 28 तारीख को होगी, के लिए मुझे कई इनपुट मिल रहे हैं। यह देखकर खुशी हुई कि कई युवा विशेष रूप से हमारे समाज को बदलने के उद्देश्य से सामूहिक प्रयासों पर प्रकाश डालते हैं।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### अहंकार छोड़ देंगे



मानवता में शांति भौतिकवादी राजनीतिक विचारधारा धर्म द्वारा स्थापित नहीं की जा सकती। यह तभी उत्पन्न हो सकती है जब वेदों के अनुसार आत्म-जागरूक ब्रह्मांड की शांति अपनाएंगे और अहंकार छोड़ देंगे।
**-डॉ डेविड फ्रॉली, अमेरिकी हिंदू लेखक**

### साझी विरासत पर हमला



हमारा संविधान हर नागरिक को गारंटी देता है कि उसके साथ जाति, धर्म, भाषा या किसी अन्य आधार पर भेदभाव नहीं होगा। उत्तर प्रदेश में ठेलों और दुकानों पर मालिकों के नाम का बोर्ड लगाने का आदेश संविधान और साझी विरासत पर हमला है।
**-प्रियंका गांधी, कांग्रेस महासचिव**


### आजीवन प्रतिबद्धता पर गर्व



मुझे और मेरी बहनों को मेरी दिवंगत मां इंदिरा और शिक्षा के प्रति उनकी आजीवन प्रतिबद्धता पर बेहद गर्व है। उनकी स्मृति में महिंद्रा यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ एजुकेशन को स्थापित करना हमारा सौभाग्य था।
**-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति**

## करंट अफेयर

# भारत डब्ल्यूएचसी के 46वें सत्र की मेजबानी को तैयार



भारत 21 से 31 जुलाई के बीच देश में पहली बार आयोजित किए जा रहे विश्व धरोहर समिति के 46वें सत्र की मेजबानी के लिए पूरी तरह से तैयार है। सूत्रों ने बताया कि इस सत्र का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर सकते हैं। सत्र से पहले सरकार ने हाल ही में एक सार्वजनिक कला परियोजना शुरू की है, जिसमें भारत की सांस्कृतिक विरासत और देश के यूनेस्को विरासत स्थलों पर आधारित कलाकृतियां शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि प्रस्तावित 46वीं विश्व धरोहर समिति की बैठक के तहत विश्व धरोहर स्थलों और भारत के प्राकृतिक विश्व धरोहर स्थलों से प्रेरित कुछ कलाकृतियां और मूर्तियां जैसे भीमबेटका को प्रस्तावित कलाकृतियों में विशेष स्थान दिया जाएगा। विश्व धरोहर समिति (डब्ल्यूएचसी) का 46वां सत्र भारत में पहली बार 21–31 जुलाई के बीच दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित किया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 21 जुलाई को इस कार्यक्रम का उद्घाटन कर सकते हैं। हालांकि, इस बारे में अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने बताया कि पिछले साल सितंबर में 'होयसल के पवित्र स्थलों' को प्रतिष्ठित सूची में स्थान मिलने के साथ ही भारत में यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों की संख्या बढ़कर 42 हो गई है।

## ऑफ बीट

# गंगा, यमुना में पूजा-पाठ सामग्री फेंकने से रोकने के सुझाए उपाय



गंगा और यमुना नदियों में पूजा पाठ की सामग्री फेंकने से रोकने के लिए राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने समारोह, अनुष्ठान और मूर्ति विसर्जन के लिए खास स्थान विकसित करने सहित अतिरिक्त कदम उठाने का सुझाव दिया है। एनजीटी ने गढ़मुक्तेश्वर, कानपुर, बिठूर, प्रयागराज, वाराणसी, आगरा और मथुरा के जिलाधिकारियों को उन स्थानों को चिह्नित करने और उन पर निगरानी रखने का भी निर्देश दिया, जहां ऐसी वस्तुएं फेंकने या विसर्जित करने की संभावना है। एनजीटी एक मामले की सुनवाई कर रहा था, जिसमें उसने यमुना और गंगा नदियों में पॉलीथीन की थैलियों में पैक किए गए फूल और मालाओं को फेंकने के संबंध में एक समाचार पत्र की रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लिया था। हाल में एक आदेश में एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की पीठ ने कहा कि अधिकरण के पूर्व निर्देशों और केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति तथा यमुना प्रदूषण से निपटने के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति के विभिन्न निर्णयों के बावजूद पूजा सामग्री और मालाएं फेंकने के कारण प्रदूषण की समस्या बनी हुई है। पीठ में न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति अरूण कुमार त्यागी और विशेषज्ञ सदस्य ए सेंथिल वेल भी शामिल थे।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# माइक्रोसॉफ्ट का सर्वर थमाः ऑस्ट्रेलिया में टीवी नेटवर्क फेल, न्यूजीलैंड में संसद ठप

माइक्रोसॉफ्ट का सर्वर ठप होने के बाद एक बहुत बड़ा आईटी आउटेज हुआ है और इसने दुनियाभर के कई देशों में व्यवसायों और संस्थानों को बाधित कर दिया है, जिससे एयरलाइंस, सरकारी सेवाएं, बैंक, सुपरमार्केट, दूरसंचार और मीडिया आउटलेट्स अस्त-व्यस्त हो गए हैं।

## अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और इंग्लैंड में मची अफरा-तफरी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

क्राउडस्ट्राइक सॉफ्टवेयर में अपडेट की वजह से शुक्रवार को माइक्रोसॉफ्ट के सर्वर में खराबी आ गई। इसकी वजह से दुनियाभर में तकनीकी सेवाएं ठप पड़ गई हैं। अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी समेत 25 से ज्यादा देशों में मेडिकल सर्विसेज और बैंक में काम नहीं हो पा रहा है। टीवी चैनल्स, रेडियो, ट्रेन स्टेशन्स पर भी कामकाज रुक गया है। अमेरिका, ब्रिटेन और आस्ट्रेलिया जैसे कई देशों में 1 हजार से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल हो गई हैं। वहीं 3 हजार विमानों ने देरी से उड़ान भरी। जानकारी के मुताबिक, सेवाएं ठप होने की वजह से आम लोगों का जीवन प्रभावित हुआ है।




**हवाई अड्डे पर लोग हुए परेशान** अमेरिका में स्टोर्स बंद होने के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। वही पेपर पर लिखकर चिपकाए गए तकनीकी समस्या के मैसेज, इसके साथ ही अमेरिका की फ्रंटियर एयरलाइंस ने अपनी उड़ानों को रोक दिया है। जिसके कारण लोग लॉस एंजिल्स के अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा पर लोग परेशान हुए विमान का इंतजार करते-करते सो गए।

### अमेरिका में इमरजेंसी नंबर ठप

*अमेरिका में लोग इमरजेंसी नंबर 911 को कॉन्टैक्ट नहीं कर पा रहे हैं। ब्रिटेन में लोग छोटे बच्चों के साथ 3 घंटों से एयरपोर्ट पर लाइन में लगे हुए हैं। पूरे ब्रिटेन में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए जिम्मेदार नेशनल हेल्थ सर्विस कंप्यूटर एक्सेस नहीं कर पा रहे हैं, जिससे लोगों को समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा है। वहीं ब्रिटेन में कई स्टोर्स पर कार्ड पेमेंट सिस्टम भी ठप पड़ गया है। पेमेंट न होने के वजह से ग्राहकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पेरिस ओलंपिक कमेटी की तरफ से भी आईटी सिस्टम में दिक्कत की जानकारी दी गई है। वहीं न्यूजीलैंड की संसद में भी काम रुक गया है।*

### एशिया में उड़ानें शुरू होने का इंतजार करते दिखे यात्री



साउथ कोरिया में फ्लाइट्स को रोक दिया गया है। इस बीच कई लोग एयरपोर्ट पर अपनी उड़ानों का इंतजार करते दिखे। वही हॉन्गकॉन्ग के एयरपोर्ट पर कर्मचारी पेपर पर फ्लाइट की जानकारी लिखकर यात्रियों को बताते नजर आए।

### 7 साल में सबसे बड़ी तकनीकी समस्या

*जानकारी के मुताबिक, इससे पहले साल 2017 में पूरी दुनिया में इतना बड़ी तकनीकी समस्या आई थी। मई 2017 में वॉनाक्राय वायरस ने साइबर-अटैक किया था। इसने विंडोज के पुराने वर्जन को निशाना बनाया था। आंकड़ों के मुताबिक, 150 देशों के वायरस की वजह से 3 लाख कंप्यूटर्स पर असर पड़ा था। सबसे ज्यादा नुकसान ब्रिटेन की नेशनल हेल्थ सर्विस को उठाना पड़ा था।*




### दुनियाभर के स्टॉक मार्केट और बैंक प्रभावित

अमेरिकी टेक दिग्गज माइक्रोसॉफ्ट के सर्वर ठप से दुनियाभर की कई बड़ी कंपनियों का कामकाज बुरी तरीके से प्रभावित हुआ। कई देशों में बहुत-सी एयरलाइंस को संचालन में दिक्कत आ रही है। स्टॉक एक्सचेंजों और बैंकों का कामकाज बाधित हुआ।

### कुछ सेवाओं को किया बहाल

*माइक्रोसॉफ्ट का कहना है कि उसे समस्या की जानकारी है और वह इसे युद्ध स्तर पर सुलझाने में लगी हुई। माइक्रोसॉफ्ट ने समस्या का सॉल्यूशन निकालने के लिए कई टीमों को लगा रखा है। अच्छी बात यह है कि कंपनी ने समस्या की वजह पता लगा ली है और कुछ सेवाओं को इसने वापस बहाल भी कर दिया है।*

### सर्वर की तकनीकी खराबी का कई क्षेत्रों में असर

*माइक्रोसॉफ्ट के सर्वर में तकनीकी खराबी से दुनियाभर में एयरलाइंस, टीवी टेलिकास्ट, बैंकिंग और कई कार्पोरेट कंपनियों के कामकाज पर असर पड़ा है। दुनियाभर में एयरपोर्ट पर चेक इन और टिकट बुकिंग में दिक्कत आ रही है। कई उड़ानों में या तो देरी हो रही है, या फिर उन्हें रद्द किया जा रहा है।*

## खबर संक्षेप

### अफगानिस्तान में घातक तूफान, 40 की मौत



**काबुल।** अफगानिस्तान में घातक तूफान ने तबाही मचा दी है। जानकारी के अनुसार तूफानी मौसम से 40 लोगों की मौत हो गई है और सैकड़ों घायल हुए हैं। 573 घर भी तबाह या क्षतिग्रस्त हुए हैं। लगभग 734 परिवारों को तत्काल मानवीय सहायता की जरूरत है। इसी प्रांत में इसी वर्ष अप्रैल में भी भीषण बाढ़ आई थी। पाक से स्वदेश लौटने वाले शरणार्थियों की मदद करने के लिए, नांगरहार की तोरखाम सीमाचौकी पर बनाया गया पंजीकरण केंद्र बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

### लखनऊ में रह रहा केन्याई गिरफ्तार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के इंदिरा नगर से कमिश्नरेट पुलिस ने केन्या के मूल नागरिक मॉरीश ओकिय को बिना वीजा व पासपोर्ट के गिरफ्तार किया गया है। मॉरीश के पास से कोई दस्तावेज नहीं मिलने पर उससे लम्बी पूछताछ कर विदेशी अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। केन्या के नैरोबी का रहने वाला मॉरीश अपनी पढ़ाई पूरी करने के लिए भारत आया था। उसने बी-कॉम, एम-कॉम करने के बाद आगे की पढ़ाई करनी चाही।

## पूर्व डीजीपी एसपी वैद का खुलासा

# पाकिस्तान के पंजाब-खैबर पखतून के पठान हैं जम्मू कश्मीर में दहशत फैलाने वाले आतंकी

एजेंसी ▶▶ जम्मू

*जम्मू संभाग में दहशत फैलाने वाले आतंकी पाकिस्तान के पंजाब और खैबर पखतून इलाके के रहने वाले हैं। यह पठान हैं। इन्हें पहाड़, जंगल और नदियों तक में लड़ने का अनुभव है।*

जम्मू-कश्मीर के पूर्व डीजीपी एसपी वैद ने आंतकी गतिविधियों पर बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कहा है कि आतंकियों के पास सैन्य प्रशिक्षण, टोही क्षमता, गुरिल्ला युद्ध रणनीति का अनुभव है। अत्याधुनिक हथियार हैं। वे हमलों के वीडियो बना रहे हैं। इन हमलों के तौर तरीकों से पता चलता है कि यह पाकिस्तान के पंजाब प्रांत एवं खैबर पखतून के पठान लड़ाके हैं। इन पर जल्द काबू पाने की जरूरत है। सूत्रों का कहना है कि राजोरी-पुंछ, कठुआ, डोडा और रियासी में 40 से 50 आतंकी सक्रिय हैं। यह आतंकी तीन से चार ग्रुप में बंटे हुए हैं। इन्होंने करीब छह महीने आईबी से घुसपैठ की थी। इन्हें अफगानिस्तान में तालीबानी आतंकियों के साथ लड़ने का अनुभव है।





### पीएएफएफ, कश्मीर टाइगर जैश का ही हिस्सा

पुंछ के भाटाढूड़ियां, राजोरी के कंडी, राजोरी के ढांगरी, रियासी में हमला करने की जिम्मेदारी आतंकी संगठन पीपुल्स एंटी-फासीस्ट फ्रंट (पीएएफएफ) ने ली थी, जबकि कठुआ और डोडा हमलों की जिम्मेदारी कश्मीर टाइगर ने ली। सूत्रों के अनुसार ये दोनों संगठन पाकिस्तान से संचालित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के ही हैं।

### हर हमले के बाद वीडियो और पोस्ट

आतंकियों ने हर हमला करने के बाद बॉडी कैमरों का उपयोग कर हमलों के परिष्कृत वीडियो बनाए हैं। जब हमला कर लेते हैं, तो इन्हें आगे भेज देते हैं। यह टीमें अंग्रेजी में अनुवाद कर पोस्ट डालती हैं। वे कभी-कभी राबर्ट फ्रॉस्ट जैसे प्रसिद्ध लेखकों और कवियों को भी कोट करते हैं।

### मारे गए आतंकवादियों से मिला हथियारों का जखीरा

#### आधुनिक हथियारों से लैस आतंकी

**जम्मू।** आतंकियों के मारे जाने के बाद इलाके में तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान उनके पास से हथियार और अन्य गोला बारूद बरामद हुआ है। इसमें ध्यान देने योग्य है कि आतंकियों के पास से ऑस्ट्रिया निर्मित एयूजी राइफल भी बरामद हुई है, जिसके साथ दूरबीन भी लगी रहती है। सूत्रों के अनुसार, ऐसी राइफल का इस्तेमाल स्नाइपर की तरफ से भी किया जाता है। इससे पहले भी डोडा और कठुआ में मारे गए आतंकियों के पास से आधुनिक राइफल मिल चुकी है। यहां आतंकियों के पास से अमेरिकी एम4 कार्बाइन बरामद की गई। इतना ही नहीं इनके पास बरामद राइफल पर टेलीस्कोपिक नाइट विजन डिवाइस भी लगा हुआ था। कठुआ में आतंकी ने रात के अंधेरे में डीआईजी और एसएसपी के उसकी ओर बढ़ रहे काफिले को भी निशाना बनाया था। निशाना इतना स्टीक था कि उसने दोनों अधिकारियों की गाड़ी में चालक को ही निशाना बनाकर गोलियां साधीं। बुलेट प्रूफ इन वाहनों में गोलियां शीशे को भेद नहीं पाईं।



#### पुंछ के परिसर में मिला ग्रेनेड तलाश जारी

पुंछ में जिला अस्पताल के आवासीय परिसर में कथित तौर पर ग्रेनेड मिलने के बाद एसओजी ने तलाशी अभियान चलाया। बताया गया है कि जिला अस्पताल पुंछ अधिकारियों के क्वार्टर क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

### तत्काल बड़ी कार्रवाई समय की मांग

जम्मू क्षेत्र में आतंकी हमले चिंता का विषय हैं। तत्काल कार्रवाई समय की मांग है। कथित तौर पर पाकिस्तानी सेना के कुछ नियमित सैनिक जम्मू क्षेत्र के कुछ स्थानीय आतंकियों की मदद से जम्मू क्षेत्र में सक्रिय आतंकियों से हमला करवा रहे हैं। इनके साथ कुछ ऐसे आतंकी भी हैं, जो जम्मू संभाग के रहने वाले हैं और पाकिस्तान में बसे हुए हैं। आतंकी पठान लड़ाके हैं।

**एसपी वैद,** पूर्व डीजीपी

## ब्रिटेन में हिंसा भड़की!

# पुलिस पर हमला, दंगाइयों ने गाड़ियों को किया आग के हवाले



एजेंसी ▶▶ लंदन

ब्रिटेन के लीड्स शहर में दंगा भड़क गया। दंगाइयों ने एक डबल डेकर बस में आग लगा दी और एक पुलिस की गाड़ी पलट दी। बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी शहर के बीच मध्य में जुट हुए और फिर जमकर बवाल काटा। दंगाइयों ने एक बस को आग लगा दी और पुलिस वाहनों पर भी हमला किया।

सोशल मीडिया फुटेज में भीड़ को पुलिस की गाड़ी पर हमला करते हुए दिखाया गया है। इसके आम लोगों की गाड़ियों की खिड़कियों को तोड़ दिया गया। फिर उसे पलट दिया गया। हिंसा में सैकड़ों निवासियों ने पुलिस की गाड़ियों पर पत्थर और ईंट फेंकते हुए अधिकारियों से झड़प की।

### राहत की बात. कोई घायल नहीं हुआ

इन दंगों का कारण स्थानीय चाइल्ड केयर एजेंसी की तरफ से बच्चों को उनके माता-पिता से अलग कर चाइल्ड केयर होम में रखना बताया जा रहा है। इसी के विरोध में प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर गए हैं। प्रदर्शनकारियों में कुछ बच्चे भी शामिल थे। लेकिन जल्द ही भीड़ उग्र हो गई और देखते ही देखते दंगा होने लगा। कुछ ही देर में हेयरहिल्स में बड़ी भीड़ जमा हो गई। अभी किसी के घायल होने की खबर नहीं है। दंगाइयों से निपटने के लिए पुलिस को मशक्कत करनी पड़ रही है।

## प्रदर्शनकारियों ने जेल पर कब्जा किया, सैकड़ों कैदियों को छुड़ाया

# बांग्लादेशः कोटा विरोधी प्रदर्शनों में 50 लोगों की मौत, हिंसा जारी



एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण के खिलाफ हफ्ते भर से जारी विरोध-प्रदर्शन तेज होता जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक छात्र प्रदर्शनकारियों ने शुक्रवार को नरसिंगडी जिले में एक जेल पर धावा बोल दिया। उन्होंने सैकड़ों कैदियों को जेल से छुड़ाने के बाद वहां पर आग लगा दी। इससे पहले गुरुवार को प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश के मुख्य सरकारी टीवी चैनल के मुख्यालय में आग लगा दी थी। सैकड़ों प्रदर्शनकारी ऑफिस के कैंपस में घुस आए और 60 से ज्यादा गाड़ियां फूंक दी।

## दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करना मकसद

# पीएम मोदी ने लॉकहीड मार्टिन की 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर वर्ल्ड' प्रतिबद्धता की प्रशंसा की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रक्षा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लॉकहीड मार्टिन की 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' की परिकल्पना को साकार करने की प्रतिबद्धता की प्रशंसा की है। अमेरिकी रक्षा कंपनी लॉकहीड मार्टिन के सीईओ जिम टेसलेट ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक्स पर पोस्ट किया,"<\@>लॉकहीडमार्टिन के सीईओ जिम टेक्ले ने प्रधानमंत्री<\@>नरेंद्रमोदी से मुलाकात की। लॉकहीड मार्टिन भारत-अमेरिका एयरोस्पेस और रक्षा औद्योगिक सहयोग का एक प्रमुख साझेदार है। भारतीय साइकिल से



लेकर डिजिटल भुगतान तक, भारत अपने उत्पादों से दुनिया में धूम मचा रहा है। वहीं, अमेरिकी रक्षा कंपनी लॉकहीड मार्टिन के सीईओ जिम टेसलेट ने पीएम मोदी से मुलाकात की थी। दरअसल 'मेक इन इंडिया' एक क्रांतिकारी विचार है जिसने निवेश एवं नवाचार को बढ़ावा देने, बौद्धिक संपदा की रक्षा करने और देश में विश्व स्तरीय विनिर्माण बुनियादी ढांचे का निर्माण करने के लिए प्रमुख नई पहलों की शुरूआत की है।

### पीएम ने मेक इन इंडिया की झलक साझा की थी

*हम 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में इसकी प्रतिबद्धता का स्वागत करते हैं।" अमेरिकी रक्षा कंपनी लॉकहीड मार्टिन ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हम स्थानीय उद्योग की होनहार प्रतिभा और क्षमताओं को पहचानते हैं और अपने दोनों देशों के बीच रक्षा और औद्योगिक संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इससे पहले 16 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पोस्ट थ्रेड्स में मेक इन इंडिया' कैसे भारत की अर्थव्यवस्था को वैश्विक मंच पर आगे बढ़ा रहा है, इसकी एक झलक साझा की थी।*

# पेरिस ओलंपिक की सुरक्षा इंडियन के-9 के हवाले

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पेरिस ओलंपिक की सुरक्षा के लिए पहली बार भारत की बेहद खास 'के-9' टीम की मदद ली गई है। ये के-9 टीम, इंडो-तिब्बत बॉर्डर पुलिस (आईटीबीपी) की डॉग-स्क्वायड है। पीएम की सिक्योरिटी से लेकर गणतंत्र दिवस जैसे खास आयोजन में तैनात की जाने वाली के-9 स्निफर



टीम टीम पहली बार विदेश में किसी बड़े आयोजन की सुरक्षा में तैनात की गई है। पेरिस (फ्रांस) में तैनात भारतीय राजदूत जावेद अशरफ ने खुद इस बात की जानकारी दी है। अशरफ के मुताबिक, दस सदस्य के-9 टीम पूरे एक महीने के लिए पेरिस में होने जा रहे ओलंपिक की सुरक्षा में मदद करने के तैनात रहेगी। के-9 टीम के साथ आईटीबीपी के हैंडलर्स भी साथ रहेंगे।

## एनसीओआरडी की बैठक में बोले गृहमंत्री अमित शाह

# भारत में ड्रग्स रोकने के लिए सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ड्रग्स तस्करी के खिलाफ अभियान में आम जनता की सहभागिता बढ़ाने के लिए गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को नेशनल नारकोटिक्स हेल्पलाइन 'मानस' लांच किया। इस हेल्पलाइन की मदद से कोई भी व्यक्ति ड्रग्स की तस्करी से संबंधित जानकारी एजेंसियों के साथ साझा कर सकता है।




### शाह ने फिर दोहराया नशा मुक्त भारत का संकल्प

नशा मुक्त भारत के मोदी सरकार के संकल्प को दोहराते हुए अमित शाह ने स्पष्ट किया कि सभी एजेंसियों का लक्ष्य सिर्फ ड्रग्स का उपयोग करने वालों को पकड़ने का नहीं, बल्कि इसके पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने का होना चाहिए। ड्रग्स की सप्लाई के मामले में कठोर, ड्रग्स की मांग करने के मामले में रणनीतिक और ड्रग्स के नुकसान को कम करने के मामले में मानवीय दृष्टिकोण से काम करना होगा।

#### आपसी तालमेल के साथ होगी कार्रवाई

शाह ने कहा कि इस पर मिलने वाली जानकारी को पूरी तरह से गुप्त रखा जाएगा और उसके आधार पर एजेंसियां आपसी तालमेल के साथ कार्रवाई सुनिश्चित करेंगी। उन्होंने कहा कि मानस हेल्पलाइन का विस्तार सभी राज्यों में होने के बाद एजेंसियों के बीच सहयोग और समन्वय अगले स्तर पर पहुंच जाएगा। सभी भारतीयों के सहयोग से ही ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई को जीता जा सकता है।

**ड्रग्स की कमाई वाले पैसे को शाह ने बताया गंभीर** उन्होंने कहा कि ड्रग्स का पूरा कारोबार अब नार्को टेरर के साथ जुड़ गया है। ड्रग्स की कमाई से आने वाला पैसा देश की सुरक्षा के लिए सबसे गंभीर खतरा बन गया है और सरकार इसे पूरी तरह से रोकने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर उन्होंने श्रीनगर में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के क्षेत्रीय कार्यालय का वर्चुअल उद्घाटन भी किया।

**मानस हेल्पलाइन लॉन्च** 'मानस' हेल्पलाइन को लॉन्च करते हुए अमित शाह ने कहा कि इस पर तीन तरह से आम लोगों को ड्रग्स की तस्करी से संबंधित सूचना साझा करने की सुविधा दी गई है। इनमें एक 1933 हेल्पलाइन नंबर है, जिस पर फोन कर जानकारी दी जा सकती है। मानस पोर्टल पर 'सबमिट ए टिप' सेक्शन में जाकर जानकारी साझा की जा सकती है।

# इस बार 29 दिनों का होगा पवित्र श्रावण मास, सोमवार से शुरू होकर सोमवार को ही समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

सावन माह की शुरूआत 22 जुलाई से हो रही है, जिसका समापन 19 अगस्त को होगा। इस तरह से सावन का महीना पूरे 29 दिनों का होगा। इस दौरान महादेव मंदिरों में तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस बार पांच सोमवार और दो प्रदोष व्रत पड़ने से बाबा भोलेनाथ का सात दिन विशेष श्रृंगार किया जाएगा। वहीं रोजाना रुद्राभिषेक का संकल्प भी लिया जाएगा।

इसी तरह मंदिर में होने वाली नियमित आरती में डमरू, नगाड़ा और झांझर के मधुर स्वर सुनाई देंगे। मंदिर में दो डमरु दल के बच्चे व युवा अपनी इस संगीतमय प्रस्तुति से आरती को आलौकिक और यादगार बनाएंगे। इसी तरह गुप्तेश्वर मंदिर में भी भोलेनाथ का रोजाना जलाभिषेक के साथ अनुष्ठान किए जाएंगे।




पं शिवशंकर तिवारी ने बताया कि इस बार सावन पर बहुत ही दुर्लभ संयोग बना हुआ है। दरअसल इस बार सावन महीने की शुरुआत पहले सोमवार से हो रही है और समापन भी सावन के सोमवार पर होगी। 29 दिनों के सावन के महीने में कुल पांच सोमवार आएंगे। इसके अलावा सावन के महीने में ग्रहों, नक्षत्रों और योगों का कई तरह का शुभ संयोग भी बनने वाला है। सावन के पहले सोमवार पर प्रीति, आयुष्मान और सर्वार्थ सिद्धि योग का शुभ संयोग बनेगा। सावन माह में ग्रहों के संयोग से शुक्रादित्य, बुधादित्य, नवपंचम, गजकेसरी, कुबेर और शश जैसे राजयोगों का निर्माण होगा।

## 4 साल बाद सावन मास में बनने जा रहे हैं 5 शुभ महायोग

इस साल सावन का महीना 29 दिनों का होगा। सावन सोमवार की शुरुआत 5 शुभ योग में हो रही है। प्रीति योग, आयुष्मान योग, नवम पंचम योग, शश राजयोग और सर्वार्थ सिद्ध योग। साथ ही 5 सावन सोमवार होंगे। सावन महीना शुरू होने का इंतजार सभी शिव भक्तों को बेसब्री से रहता है। सावन महीना शुरू होने में कुछ ही दिन बाकी हैं और इस बार सावन सोमवार को लेकर विशेष योग बन रहा है।

## मंगला गौरी व्रत भी रखे जाते हैं

हिंदू कैलेंडर का पांचवा महीना श्रावण मास होता है, जिसे सावन महीना कहा जाता है। आषाढ़ महीने के बाद सावन महीना आता है। सावन का महीना भगवान शिव को समर्पित है। सावन महीने का सोमवार विशेष होता हैं। सावन सोमवार के दिन भोलेनाथ को जल चढ़ाने से पूजा करने से, व्रत करने से वे जल्दी प्रसन्न होते हैं। सावन सोमवार व्रत के अलावा सावन महीने में मंगला गौरी व्रत भी रखे जाते हैं। इसके अलावा सावन शिवरात्रि भी इस महीने के सबसे महत्वपूर्ण दिनों में से एक होता है।

## सावन शिवरात्रि

सावन महीने की शिवरात्रि बहुत खास होती है। शिवरात्रि व्रत हर महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को रखा जाता है। सावन महीने की शिवरात्रि 2 अगस्त 2024, शुक्रवार को पड़ रही है। पंचांग के अनुसार, सावन कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि 2 अगस्त की दोपहर 3:26 बजे शुरू होगी और 3 अगस्त को दोपहर 3:50 बजे समाप्त होगी। चूंकि शिवरात्रि की पूजा रात को निशिता काल में की जाती है इसलिए सावन शिवरात्रि 2 अगस्त को मनाई जाएगी।

## शुरुआत भी सोमवार, समापन भी सोमवार

इस बार सावन महीने पर कमाल का संयोग बन रहा है, सावन महीने की शुरुआत भी सोमवार से हो रही है और सावन महीने का आखिरी दिन भी सोमवार को ही पड़ रहा है। इसके चलते इस बार सावन महीने में 5 सोमवार पड़ेंगे। सावन महीने में 5 सोमवार का पड़ना बहुत शुभ माना जाता है।

### सावन सोमवार 2024

* सावन का पहला सोमवार व्रत - 22 जुलाई, 2024
* सावन का दूसरा सोमवार व्रत - 29 जुलाई, 2024
* सावन का तीसरा सोमवार व्रत - 5 अगस्त, 2024
* सावन का चौथा सोमवार व्रत - 12 अगस्त, 2024
* सावन का पांचवां सोमवार व्रत–19 अगस्त, 2024

### सावन में मंगला गौरी व्रत

* सावन का पहला मंगला गौरी व्रत- 23 जुलाई, 2024
* सावन का दूसरा मंगला गौरी व्रत- 30 जुलाई, 2024
* सावन का तीसरा मंगला गौरी व्रत- 6 अगस्त, 2024
* सावन का चौथा मंगला गौरी व्रत- 13 अगस्त, 2024

# मटर प्रोसेसिंग प्लांट के लिए जबलपुर में अपार संभावनाएं

**रीजनल इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव में प्रोत्साहन दिए जाने की मांग**

जबलपुर।

जबलपुर मटर मंडी देश की सबसे बड़ी मंडियों में शुमार है सीजन में प्रति दिन 300 से 500 गाडियों की आवक दर्ज की जाती है परंतु जबलपुर क्षेत्र में मटर के स्टोरेज के लिए न ही वेयर हाउस हैं और न ही प्रोसेसिंग यूनिट है फलस्वरूप बड़ी मात्रा में मटर ख़राब हो जाता है नागरिक उपभोक्ता मंच ने कहा है कि जबलपुर में मटर प्रोसेसिंग प्लांट के लिए अपार संभावनाएं है लिहाजा मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव से जबलपुर रीजनल इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव में इन्वेस्टर्स को वेयर हाउस चेन तथा मटर प्रोसेसिंग प्लांट लगाने हेतु विशेष पैकेज देने का आग्रह किया गया है।

मनीष शर्मा प्रदेश संयोजक मंच ने बताया कि जबलपुर मटर मंडी में सीजन के अवसर पर 400 से 500 करोड़ रुपए का व्यापार किया जाता, जबलपुर ]जिले में लगभग 40 हजार हेक्टेयर भूमि पर मटर उत्पादन किया जाता है, सुविधाओ के अभाव में बंपर पैदावार के बाद भी किसानों को लाभ नहीं मिल पाता है। मंच के प्रफुल्ल सक्सेना, राकेश चक्रवर्ती, विनोद पांडे, मयंक राज, अंकित गोस्वामी आदि ने बताया कि सरकार द्वारा जबलपुर मटर को जी आई टैग प्रदान किया जा चुका है परंतु किसी भी प्रकार से व्यवसायिक स्तर पर सुविधाएं प्रदान नही की गई है सरकार से जबलपुर इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव में उपरोक्त विषय में संज्ञान लेने की पूरी उम्मीद है ताकि शहर के साथ किसानों का भी विकास हो सके।

# भक्ति का सर्वस्व समर्पण ही महारास है: ब्रह्मचारी चैतन्यानंद

**जबलपुर।** श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह सिविक सेण्टर मढाताल शंकराचार्य मठ सिद्ध बगुला मुखी पीठ में आज की पावन कथा में महारास की व्याख्या करते हुए ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी महाराज ने बताया कि जीव अपनी भक्ति का सर्वस्व समर्पण करदेता है तभी उसको परमात्व परमतत्व की प्राप्ति होती है।गोपियों ने भगवान् को अपना सर्वस्व समर्पण कर दिया इसीलिए भगवान् ने रासलीला के माध्यम से गोपियों के मनोरथ को पूर्ण किया। इसीलिए कहा गया है कि गोपी कोई स्त्री पुरुष नहीं गोपी एक भाव है। पाप का अंत ही कंस वध है। सतसंग की महिमा बताते हुए बताया कि कि प्रभु का



निरन्तर चिन्तन ही भगवान् की प्राप्ति करा देता है। भगवती रुक्मिणी जी अपनी माता के साथ सतसंग में जाती थी, भगवान् की महिमा को सुनकर प्रभावित हुई तथा भगवान् के चरणों में अपने मन को समर्पित कर दिया तथा पत्र लिखकर अपनी भावनाओं को विवाह स्वरूप में भगवान से स्वयं को स्वीकार करने का निवेदन किया अतः जीवन में निर्मल भाव ही भगवत प्राप्ति में सहायक है। व्यास पीठ का पूजन राघवेंद्र व्यास, रामकिशोर, तुलसी अवस्थी, नंद किशोर ठाकुर, गीता व्यास, कमला तिवारी, सतेंद्र, हेमंत, संदीप समेत अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# एक्सिडेंट में डैमेज हुई नाक को किया री-कंस्ट्रक्ट, पेशेंट को मिला नया जीवन

## ओमेगा हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने जटिल सर्जरी को दिया अंजाम

**जबलपुर।** हैदराबाद ओमेगा हॉस्पिटल, नागरथ चौक में चिकित्सकों ने एक बेहद जटिल सर्जरी करते हुए मरीज की जान बचाई है, यहाँ चिकित्सकों की टीम ने एक्सिडेंट में डैमेज हुई पेशेंट की नाक को जटिल सर्जरी के माध्यम से री-कंस्ट्रक्ट किया। आपको बता दें कि विगत दिनों मंडला रोड पर मोटर साइकिल सवार सतेंद्र बैरागी बस से एक्सिडेंट के चलते बुरी तरह चोटिल हो गए थे, इस दुर्घटना में उनकी नाक बुरी तरह डैमेज हो गई। उन्हें नागरथ चौक स्थित ओमेगा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, अस्पताल के चिकित्सक व प्लास्टिक सर्जन डॉ. कंवलजीत सिंह सेठी ने प्राथमिक उपचार के दौरान ही



ऑपरेशन का निर्णय लिया। सेंटर हैड पोषण गुप्ता ने बताया कि मरीज की नाक पूरी तरह उखड़ गई थी और काफी ब्लीडिंग भी हो चुकी थी। पेशेंट ने सुबह 9 बजे ही खाना खाया था, ऐसे में समय के महत्व को देखते हुए लोकल एनेस्थिशिया देकर ही उपचार करने का निर्णय लिया गया। चिकित्सकों के सामने एक कड़ी चुनौती थी। उन्होंने अपने अनुभव व आधुनिक तकनीक के माध्यम से ऑपरेशन को सफल बनाया। चिकित्सकों ने ऑपरेशन के दौरान नाक का बोन व फ्राटिलेज फ्रेमवर्क तैयार किया, फिर नाक को रीकंस्ट्रक्ट किया। उल्लेखनीय है कि 2 घंटे चली इस प्रक्रिया के बाद मरीज को जीवनदान मिला और उनका चेहरा भी पहले जैसा नॉर्मल ही है। उपचार के दौरान डॉ. देवेश गुप्ता , रामजी पटेल व सिस्टर हेमलता का विशेष योगदान रहा।



# हज से लौटे हाजी असलम पहलवान का स्वागत

**जबलपुर।** हज करके लौटे हाजी असलम पहलवान का जबलपुर स्टेशन पर हुआ भव्य स्वागत और इनके साथ ही लौटे हाजी रहमान, हाजी कदीर पहलवान, हाजी यूसुफ मंसूरी और हाजी राजा साहब...स्वागत कर्ता सादिक खान, हाजी हन्नू पहलवान, हाजी तौसीफ, सलीम वरदान, जुनेद हैदर, एडवोकेट शाकिर पठान, एडवोकेट अल्तमश, अदनान हयात खान, नूर हयात खान, शादाब निसार के द्वारा किया गया।

# दरबारे मखदूस खलीली सफवी में फातेहा का एहतमाम दिया गया

**जबलपुर।** हर साल की तरह इस साल भी दरबारे मखदूस खलीली सफवी में मोहर्रम शरीफ की फातेहा एवं लंगर का एहतमाम किया गया। हकीम बाबा आदि ने जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नगर निगम, विद्युत मंडल का मोहर्रम में व्यवस्था हेतु एवं प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया शानदार कवरेज के लिए उनका भी आभार व्यक्त किया। और संस्कारधानी के सभी धर्म के लोगों ने कौमी एकता के साथ जो मोहर्रम पर्व मनाया है उसकी सराहना की। हकीम बाबा ने हिन्दुस्तान मुल्क में अमन एवं तरक्की की दुआ मांगी इस अवसर पर नीलेश पसारी, विनीत अग्रवाल, उस्मान बड्डे, शफीक हकीमी, महमूद हकीमी, रशीद लाईट, बिट्टू इलेक्ट्रॉनिक उपस्थित रहे।



## भाजपा ने किया सदन का शुद्धिकरण, कांग्रेस ने बताया नौटंकी

# सबसे ज्यादा भाजपा नेताओं के दिल दिमाग की शुद्धिकरण जरुरी: मिश्रा

जबलपुर।

बजट सत्र में मनमानी का आरोप लगाते हुये कांग्रेस पार्षद दल ने बीते दिनों नगर निगम सदन में धरना दिया था। जहां नगर प्रवास पर आए पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह भी पहुंचे थे। यहां उन्होंने मीडिया से चर्चा के दौरान आरएसएस और सरस्वती शिशु मंदिर के संबंध में बयान दिया था। जिस बयान के विरोध में भाजपा पार्षद लामबंद हो गये हैं। भाजपा पार्षदों ने नगर निगम सदन में पूर्व सीएम के खिलाफ प्रदर्शन किया। भाजपा पार्षद दल ने विरोध जताते हुए नगर निगम सभाकक्ष का शुद्धिकरण किया है। पार्षद जीतू कटारे का कहना है कि चूकि दिग्विजय अपनी घृणित सोच को लेकर नगर निगम भी गए थे, जिससे सदन अपवित्र हो गया, इसलिए सदन का शुद्धिकरण जरुरी था। उन्होंने कहा कि शुद्धिकरण के लिए गौरीघाट से नर्मदा जल,



प्रयागराज से गंगाजल लाने के साथ कई घरों से गंगाजल भी एकत्र किया गया। इसके बाद आमजनों व भाजपा नेताओं के साथ मिलकर अंदर से लेकर बाहर तक पुरोहित की उपस्थिति में शुद्धिकरण किया गया। पार्षद ने कहा कि आरएसएस के खिलाफ किसी भी प्रकार के बयान को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, इसलिए आगे दिग्विजय जब भी शहर आएं तो इस बात ध्यान रखें कि कोई भी बेतुका बयान न दें।

### भाजपा की ओछी मानसिकता.

जबलपुर नगर निगम सदन के नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा का कहना है कि, "यह भाजपा पार्षद की ओछी मानसिकता है. दिग्विजय सिंह 10 साल तक मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे हैं, वह कांग्रेस के बड़े नेता हैं. अमरीश मिश्रा का आरोप है कि जबलपुर नगर निगम में भ्रष्टाचार हो रहा है, इसी भ्रष्टाचार के विरोध में कांग्रेस के पार्षदों ने लगातार 24 घंटे धरना दिया. हम नगर निगम सदन में धरने पर बैठे रहे तो जाहिर सी बात है कि हमारे नेता हमसे मिलने आएंगे और दिग्विजय सिंह ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया था जिसकी वजह से यह नौटंकी की जाए. अमरीश मिश्रा का कहना है कि जीतू कटारे और भारतीय जनता पार्टी की मानसिकता ओछी है और शुद्धिकरण की जरूरत नगर निगम को नहीं बल्कि भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के दिल और दिमाग को ज्यादा है."

## केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा देने की रखी बात नेक टीम से

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्विद्यालय के पूर्व छात्र डॉ प्रशांत मिश्रा,दिनेश सिंह ठाकुर, एड तरुण रोहितास ने एकात्म भवन में नेक टीम के सामने बात रखी। एक पत्र भी सौंपा गया जिसमें ई लायब्रेरी की व्यवस्थाएं की जाए, छात्र छात्राओं को उपनगरीय क्षेत्र से अध्ययन हेतु आवागमन के लिए सिटी बस की व्यवस्था की जाए आदि जो छात्र छात्रो के लिए महत्वपूर्ण आवश्यक है उस पर चर्चा की गई।

**CHANGE OF NAME**

I, **REKHA KUMARI** (existing name of spouse as per NOK) is legally wedded spouse of No **1444455A** Rank **HAV** Name **ARUN KUMAR** presently, residing at **VILL-KHOJPURA, PO-PAIBIGHA, DIST-JEHANABAD (BIHAR)- 804424** I, have changed of my name from **REKHA KUMARI** (name as per my Husband, Army service records) to **REKHA DEVI** (name as per my **AADHAR CARD** vide affidavit dated **19/07/2024** (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).
**CORRECT NAME- REKHA DEVI**
**INCORRECT NAME-REKHA KUMARI**

**CHANGE OF NAME**

I, **ANU KUMARI** (existing name) is legally Father of No **1444455A** Rank **HAV** Name **ARUN KUMAR** presently, residing at **VILL- KHOJPURA, PO-PAIBIGHA, DIST-JEHANABAD (BIHAR) -804424** I, have changed of my name from **ANU KUMARI** (name as per my Father, Army service records) to **ANNU KUMARI** (name as per my **AADHAR CARD** vide affidavit dated **19/07/2024** (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).
**CORRECT NAME- ANNU KUMARI**
**INCORRECT NAME-ANU KUMARI**

# शशांक गुप्ता ने मंडल वाणिज्य प्रबंधक का पदभार संभाला

**जबलपुर।** भोपाल रेल मंडल में मंडल परिचालन प्रबंधक के पद से स्थानांतरित होकर आये शशांक गुप्ता ने जबलपुर रेल मंडल में मंडल वाणिज्य प्रबंधक के पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया है. नव नियुक्त .डी.सी.एम. शशांक गुप्ता ने भारतीय रेल के विभिन्न मंडलों में महत्वपूर्ण पदों पर सफलता पूर्वक कार्य किया है. जबलपुर रेल मंडल में पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील सहित अन्य शाखा अधिकारियों से भेंट करके परिचय दिया. इस दौरान मंडल के अधिकारियों ने शशांक गुप्ता से शिष्टाचार भेंट करके उनका स्वागत किया एवं बधाई दी।



**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/87
दिनांक :- 19/07/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अनिल कुमार सिंघई पिता-स्व. श्री धरम चंद सिंघई, श्री अंकित कुमार सिंघई एवं श्री अनुज सिंघई दोनों के पिता- श्री अनिल कुमार सिंघई ने मकान नं. पी-181 म.नं. 565-565/1 का भाग वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी खुली भूमि-1435 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/86
दिनांक :- 19/07/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1)श्री रोहित जैन (2) श्री साहिल जैन दोनों के पिता- श्री राजा कुमार जैन ने मकान नं. पी-181 म.नं. 565-565/1 का भाग वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी खुली भूमि-2550 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

## टेक्निकल नॉलेज शेयरिंग पर प्रदेश स्तरीय कार्यशाला

# सैद्धांतिक के साथ प्रैक्टिकल नॉलेज जरुरी : इं. तिवारी

जबलपुर।

एम.पी. ट्रांसको (मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) के मुख्यालय जबलपुर में टेक्निकल नॉलेज शेयरिंग थीम पर कार्यशाला का दूसरा चरण संपन्न हुआ, जिसमें प्रदेश भर के लगभग 25 असिस्टेंट एवं जूनियर इंजीनियर्स ने हिस्सा लिया। 02 दिवसीय इस कार्यशाला के प्रारंभिक सत्र को संबोधित करते हुये एम.पी. ट्रांसको के प्रबंध संचालक इंजी. सुनील तिवारी ने कहा कि कार्यशाला के पहले चरण के सकारात्मक परिणाम मिले हैं। उन्होंने आव्हान किया कि सीनियर्स कार्मिक संस्थान में कार्यरत दूसरी पीढ़ी के कार्मिकों से अपने अनुभव, ज्ञान और विशेषज्ञता को साझा करने की प्रेक्टिस डालें ताकि एम.पी. ट्रांसको के नालेज शेयरिंग अभियान का उद्देश्य पूर्ण हो सके। उन्होंने कहा कि म.प्र. पावर ट्रांसमिशन कंपनी के उत्कृष्ट संचालन के लिये सैद्धांतिक



नॉलेज के साथ प्रेक्टिकल नॉलेज भी बहुत जरूरी है, जिसे हासिल करने के बाद ही फील्ड में इंजीनियर्स दक्षतापूर्वक अपने नॉलेज और टैलेंट का उपयोग कर सकेंगे। म.प्र. पावर ट्रांसमिशन कंपनी के युवा इंजीनियर्स टेक्निकल एक्सपर्टीज (तकनीकी निपुणता) हासिल करें तभी वो फील्ड पर बेहतर कार्य करने में सक्षम हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह प्राकृतिक नियम है कि जो जितना ज्यादा काम जानता है उसका उतना ही ज्यादा नाम होता है। अत कार्मिकों का खुद का सम्मान बचाने के लिये भी इन कार्यशालाओं का भरपूर फायदा उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला उच्च स्तरीय और बेहद निपुण इंजीनियर्स द्वारा आयोजित की गई है जिसका सभी प्रतिभागी सकारात्मक मनयोग से अधिकतम लाभ उठाएं।

### प्रो-एक्टिव वर्क करें

प्रबंध संचालक इंजी. सुनील तिवारी ने कार्यशाला में उपस्थित सभी असिस्टेंट एवं जूनियर इंजीनियर्स का आव्हान किया कि वो अपने कार्य क्षेत्र के अलावा अपने आसपास की दूसरी लाइनों/सबस्टेशनों पर भी नजर रखें और जरूरत पड़ने पर प्रो-एक्टिव होकर वहां भी अपने से काम करने में रूचि दिखायें। कार्यशाला के संयोजक अधीक्षण अभियंता सुनील यादव हैं। प्रशिक्षण में मुख्य अभियंता प्रवीण कुमार गार्गव एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता एस.व्ही. बझे भी उपस्थित थे। अधीक्षण अभियंता एम.वाय. मंसूरी, और अन्य विशेषज्ञ इंजीनियर्स ने इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को सबस्टेशन मेंटनेन्स, सबस्टेशन ऑपरेशन, ट्रांसमिशन लाइन मेंटनेन्स और विभिन्न एलिमेंटस की टेस्टिंग से संबंधित महत्वपूर्ण तकनीकी जानकारियां साझा कर कार्यशाला में उपस्थिति प्रतिभागियों की विभिन्न शंकाओं का समाधान भी किया।

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/89
दिनांक :- 19/07/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती साजिया जबी हक पति श्री जियाउल हक ने मकान नं. 2634/FF-2 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती प्रथम तल 1200 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/88
दिनांक :- 19/07/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1)श्री मुकेश कुमार जैन पिता श्री प्रकाश चंद जैन (2) श्रीमती निधी जैन पति श्री मुकेश कुमार जैन ने मकान नं. पी-181 म.नं. 565-565/1 का भाग वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी खुली भूमि-1290 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी अनुभाग रांझी जबलपुर**
प्रकरण क्र./001/बी-113(1)/2024-25
जबलपुर दिनांक 18/07/2024

**आम इस्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, इस कार्यालय का राजस्व प्रकरण क्रमांक-001/बी-113(1)/2024-25 आवेदक श्री सुरेन्द्र राठौर पिता स्व. श्री मुन्नी लाल राठौर निवासी म.नं. 251/ए, प्लॉट नं. 100-101, महाराष्ट्र बैंक के सामने, संजीवनी नगर, गढ़ा जबलपुर व अन्य 9 के द्वारा आवेदन पत्र वास्ते मध्य प्रदेश सार्वजनिक न्यास अधिनियम 1951 की धारा 04 के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत "श्री गजानन - महावीर सेवा न्यास' जबलपुर म.प्र. के पंजीयन हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति / सस्था को आपत्ति हो तो अनुविभागीय अधिकारी रॉझी सभांग रॉझी कलक्ट्रेट कार्यालय जबलपुर कमरा नं 22 में दिनांक 13/08/2024 को अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है । समयावधि के बाद प्राप्त दावा / आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से आज दिनॉक 12/07/2024 को जारी ।
जारी दिनांक 12/07/2024
पेशी दिनांक 13/08/2024


(मुद्रा) अनुविभागीय अधिकारी)(रा.)
रांझी,जबलपुर (म.प्र.)

# फीवोग्रिट है बुखार के लिए उत्तम औषधि

## विश्व प्रसिद्ध जर्नल 'एनिमल मॉडल्स एंड एक्सपेरिमेंटल मेडिसिन' में पतंजलि का अनुसन्धान प्रकाशित

हरिद्वार।

एलोपैथिक के दुष्प्रभाव पूर्ण ज्वर चिकित्सा के स्थान पर दुष्प्रभावों से रहित आयुर्वेदिक औषधि 'फीवोग्रिट' अब आप के बुखार में लाभ प्रदान करेगी। यह रिसर्च प्रकाशित हुआ है - अमेरिका स्थित विश्व प्रसिद्ध अनुसन्धान प्रकाशन विले के रिसर्च जर्नल - 'एनिमल मॉडल्स एंड एक्सपेरिमेंटल मेडिसिन' में। जब शरीर में किसी प्रकार के इन्फेक्शन और इन्फ्लेमैशन होती है, तब इम्यून सेल्स अनेक प्रकार के इंफ्लेमेटरी साइटोकाइन्स रिलीज़ करते हैं जिसके कारण से बुखार होता है। उन कारणों को बिना किसी दुष्प्रभाव के यह "फीवोग्रिट" औषधि ठीक करने में सक्षम है। आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि शक्ति है आयुर्वेद की, हम तो निमित्त मात्र हैं। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि यह भारतीय संस्कृति और संस्कृत के लिए गौरव की बात है कि इस इंटरनेशनल जर्नल में भारतीय औषधीय पौधों के नाम आयुर्वेद की मूलभाषा संस्कृत और देवनागरी लिपि में सम्मिलित किए गए हैं।




## 'प्रिज़न टू प्राइड' के आठवें चरण और 'नयी दिशा- किशोरों के लिए मुस्कान' के पांचवें चरण का शुभारंभ

# इंडियन ऑयल ने जेल के कैदियों और किशोरों के लिए अपनी अग्रणी पहल का किया विस्तार

**मुंबई**। जेल के कैदियों और किशोरों के जीवन को बेहतर बनाने के निरंतर प्रयास में, इंडियन ऑयल के अध्यक्ष श्री श्रीकांत माधव वैद्य ने आज इंडियन ऑयल के 'परिवर्तन - 'प्रिज़न टू प्राइड' के आठवें चरण और 'नयी दिशा - किशोरों के लिए मुस्कान' के पांचवें चरण का शुभारंभ किया। इस चरण में इंडियन ऑयल 22 जेलों और किशोर गृहों में 1000 से अधिक व्यक्तियों के जीवन को प्रभावित करेगा। इस रोल-आउट के साथ, इंडियन ऑयल 23 राज्यों और 6 केंद्र शासित प्रदेशों में खेल कोचिंग और उपकरण प्रदान करने वाले 15 महिला किशोर केंद्रों सहित 150 संस्थानों में 7300 से अधिक कैदियों और किशोरों के जीवन को बदलने के लिए तैयार है। इस अवसर पर इंडियन ऑयल के अध्यक्ष ने कहा, "मुझे गर्व है कि इंडियन ऑयल कॉरपोरेट्स के बीच अग्रणी आवाज है और जेल में बंद लोगों के लिए आशा की किरण के रूप में खड़ा है। 'परिवर्तन' और 'नयी दिशा' के माध्यम से हम कैदियों और किशोरों को दूसरा मौका प्रदान करने के लिए खेलों का लाभ उठा रहे हैं जो जीवन में एक नई राह पर चल सकते हैं।' श्री वैद्य ने आगे इस बात पर प्रकाश डाला कि ये प्रयास इंडियन ऑयल के 'राष्ट्र प्रथम' के मूल मूल्य का उदाहरण देते हैं, जो व्यवसाय से परे समाज के सबसे वंचित और कमजोर वर्गों के जीवन को छूता है। श्री वैद्य ने यह भी साझा किया कि इन पहलों से परे, इंडियन ऑयल अपने 'उम्मीद - एक आशा' परियोजना के माध्यम से भी जीवन को रोशन कर रहा है। 'राज्य जेल विभागों के सहयोग से, हमने पहले से ही वर्तमान और पूर्व कैदियों द्वारा संचालित 53 से अधिक ईंधन स्टेशन स्थापित किए हैं। इस अवसर पर भाग लेने वाले राज्य सरकार के अधिकारियों और जेल अधिकारियों ने इस अनूठे हस्तक्षेप के लिए इंडियन ऑयल को धन्यवाद दिया। उल्लेखनीय है कि जेल के कैदियों के लिए इंडियन ऑयल के इन प्रमुख आउटरीच कार्यक्रमों ने अपने सामाजिक प्रभाव के लिए वैश्विक मान्यता प्राप्त की है। विश्व शतरंज महासंघ द्वारा कैदियों के लिए आयोजित इंटरकांटिनेंटल 'चेस फॉर फ्रीडम' ऑनलाइन शतरंज चैंपियनशिप में यरवदा जेल, पुणे के कैदियों ने स्वर्ण पदक (ओपन श्रेणी) और भोपाल किशोर केंद्र (युवा श्रेणी) में स्वर्ण पदक जीते।




## इच्छामृत्यु के लिए बनाई गई मशीन

### लेटते ही हो जाएगी मौत




**न्यूयार्क**। ईश्वर से हमें जो ये जिंदगी मिली है, ये दुनिया का सबसे बड़ा तोहफा है। इस दुनिया में जीवित रहकर हम अपने लिए, आसपास के लोगों के लिए और प्रकृति के लिए इतना कुछ कर सकते हैं, कि उससे हम इस दुनिया को बेहतर जगह बना सकते हैं। मगर, कुछ लोग जिंदगी की मुश्किलों से इतनी जल्दी हार मान लेते हैं कि उसे खत्म करने जैसा कायराना कदम उठा लेते हैं। सुसाइड समस्याओं का हल नहीं है। इसी सुसाइड को बेहतर बनाने के लिए स्विट्जरलैंड में एक विवादित मशीन का इस्तेमाल किया जाना है, जिसमें लेटते ही इंसान की 10 मिनट में मौत हो जाएगी और उसे तकलीफ भी नहीं होगी। पर अब इस मशीन पर बैन लगाने की मांग हो रही है। एक वेबसाइट के अनुसार स्विट्जरलैंड में एक सुसाइड पॉड का इस्तेमाल किए जाने की बात चल रही है, जिसका नाम है सार्को है, पर उसे '**Tesla of euthanasia**' बोला जा रहा है। ये उन लोगों के लिए मशीन है, जिन्हें किसी लाइलाज बीमारी के लिए इच्छामृत्यु की चाहत है। 2019 में वेनिस डिजाइन फेस्टिवल में सबसे पहले इस मशीन पर से पर्दा उठा था। ये एक किस्म का 3डी प्रिंटेड कैप्सूल है।
10 मिनट में दुनिया छोड़ देगा इंसान इस मशीन में एक बटन दबाते ही अंदर का नाइट्रोजन स्तर बेहद तेजी से बढ़ता है ।

# घर के पीछे खुदाई में मिली हड्डियां, पहले तो लगा कबाड़, लेकिन बना गईं अरबपति

एजेंसी ⏭ न्यूयार्क

किस्मत कब पलट जाए, कहा नहीं जा सकता। अमेरिका में एक शख्स के साथ ऐसा ही हुआ। कुछ महीनों पहले वह घर के पीछे खुदाई कर रहा था, तभी उसे हड्डियां नजर आईं। बिटोरकर उन्हें घर लाया और उन्हें बांधकर एक जीव का शक्ल देने की कोशिश की। लेकिन आज जानकर हैरान होंगे कि यही जीव उसे अरबपति बना गया। नीलामी में इसकी हड्डियां 4.46 करोड़ डॉलर यानी लगभग 373 करोड़ रुपए में बिकीं। चौंकिए नहीं, ये हड्डियां किसी आम जीव की नहीं थीं. बल्कि स्टेगोसॉरस डायनासोर की थीं, जिसे 'एपेक्स'नाम दिया गया था। कोलोराडो के रहने वाले जेसन कूपर को ये हड्डियां अपने घर के पीछे मिली थीं। न्यूयॉर्क में जब इसे नीलामी में रखा गया तो खरीदने के लिए 7 लोगों ने बोली लगाई। लेकिन एक अन्य शख्स ने 4.46 करोड़ डॉलर कीमत लगाकर इसे खरीद लिया।



### 11 फीट लंबा, लगभग 319 हड्डियां

एपेक्स 11 फीट लंबा हैं। इसमें लगभग 319 हड्डियां हैं। उसका ढांचा बता रहा है कि यह काफी मजबूत रहा होगा। इस बात के भी प्रमाण मिल रहे हैं कि शायद इसे गठिया रोग था, जिसकी वजह से लंबी उम्र तक यह जीवित रहा। सोथबी ने कहा कि इतने वक्त तक यह कठोर बलुआ पत्थर में संरक्षित था, जिसकी वजह से इसकी हड्डियां खराब नहीं हुईं। उन्होंने कहा, अगर यह खुले बाजार में बेचा जाता तो शायद और ज्यादा पैसा मिलता।

### अमेरिका में हुआ था इसका जन्म


हालांकि, जीवाश्म विज्ञानी इससे खासे नाराज हैं। उनका कहना है कि इसे किसी अमीर आदमी को बेचने की बजाय, किसी म्यूजियम में रखना चाहिए। स्कॉटलैंड के एडिनबर्ग विश्वविद्यालय में जीवाश्म विज्ञानके प्रोफेसर स्टीव ब्रुसैट ने मई में सीएनएन को बताया था कि एपेक्स एक महत्वपूर्ण डायनासोर जीवाश्म है। यह बहुत शर्म की बात है, जब इसे लेकर लोगों में इतनी जिज्ञासा है, तो इसे अमीर आदमी को क्यों बेचा जा रहा है। सोथबी के अनुसार, जिस शख्स ने एपेक्स को खरीदा है कि वह अमेरिका के किसी संस्थान को इसका एक नमूना उधार देने पर विचार कर रहा है। एपेक्स का जन्म अमेरिका में हुआ था और वह अमेरिका में ही रहने वाला है।

### डॉक्टर बोले- ये तो आठवां अजूबा

# सफेदी की चमत्कार या...! नहीं देखा होगा काली भैंस का गोरा बच्चा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दूध देने वाली काली भैंस का क्या आपने, दूध की तरह चमकने वाला गोरा बच्चा देखा है। शायद इससे पहले ना आपने देखा होगा और ना ही ऐसा सुना होगा। लेकिन राजस्थान के करौली में हकीकत में एक भैंस ने ऐसे ही बच्चे को जन्म दिया है, जो दूध से भी ज्यादा गोरा और सफेद हैं। भैंस का यह अनोखा बच्चा इतना गोरा है कि दिन तो छोड़ो, यह रात के अंधेरे में भी बिल्कुल सफेद होने के कारण चमक रहा है। इसके खूबसूरत शरीर पर एक भी निसान या तिल ऐसा नहीं है, जो इसके गोरे बदन की चमक को कम करे। भैंस के इस अनोखे बच्चे को देखकर, भैंस के मालिक का भी सिर चकरा गया हैं। गोरे रंग के कारण यह बच्चा दुनिया में आते ही चर्चा का विषय बन गया हैं। जिस दिन से यह बच्चा जन्मा है, उस दिन से ही इसे निहारने वालों की भीड़ करौली के पास स्थित मचानी गांव में लग गई हैं। भैंस के इस बच्चे के गोरे रंग और खूबसूरती को देखकर हर कोई हैरान हैं। कोई इसे कुदरत का करिश्मा कह रहा है, तो कोई इसे दुनिया का 8वां अजूबा बता रहा है।




## एमेजॉन प्राइम डे 2024 सेल आज व कल

**जबलपुर**। एमेजॉन प्राइम डे 2024 सेल का आयोजन 20 और 21 जुलाई, 2024 को किया गया है। ग्राहक इस प्राइम डे सेल के दौरान बोरोसिल, सेलो, ड्रीम, गोदरेज, बर्गनर, लाइफलॉन्ग आदि टॉप ब्रांड्स पर डील्स और ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं और बचत को तोड़े बिना अपने घर को अपग्रेड कर सकते हैं। प्राइम मेंबर्स बचत, शानदार डील्स, प्रमुख ब्रांड्स, स्माल एंड मीडियम बिजनेस के नए लॉन्च, ब्लॉकबस्टर मनोरंजन आदि के साथ खुशियां हासिल करने के लिए तैयार रहें। खाना पकाने को आसान बनाने वाले स्लीक किचन एप्लाएंसेस से लेकर आपके लिविंग रूप को आकर्षक बनाने वाले स्टाइलिश फर्नीचर, और आराम एवं मनोरंजन के लिए टिकाऊ आउटडोर वस्तुओं तक, **Amazon.in** पर हर किसी के लिए कुछ न कुछ है। होम एप्लाएंसेस में यूरेका फोर्ब्स, डायसन, एमआई और अन्य विश्वसनीय ब्रांडों के टॉप रेटेड वैक्यूम क्लीनर न्यूनतम 35% की छूट और साथ ही 12 महीने तक की नो कॉस्ट ईएमआई के साथ ऑफर किया गया है। वहीं, जूसर, ब्लेंडर, एयर फ्रायर और अन्य चीजों पर न्यूनतम 35% छूट प्रदान की गई है। जबकि वी-गार्ड, बजाज, क्रॉम्पटन और हैवेल्स जैसे शीर्ष ब्रांड्स के वाटर हीटर को न्यूनतम 35% की छूट और 9 महीने तक नो कॉस्ट ईएमआई पर प्रदान किया जा रहा है। प्रेस्टीज, बजाज, बटरफ्लाई, हैमिल्टन जैसे ब्रांड के मिक्सर ग्राइंडर तथा वाटर प्यूरिफायर पर न्यूनतम 35% की छूट के साथ-साथ न्यूनतम 850 की छूट का एक्सचेंज ऑफर, फ्री इंस्टॉलेशन* और 12 महीने तक नो कॉस्ट ईएमआई सहित अन्य सुविधाओं के प्रदान किया जा रहा है। इसके अलावा वी-गार्ड डिवाइनो 5 स्टार रेटेड 15 लीटर स्टोरेज वाटर हीटर अमेजॉन सेल में 6,399 रुपए का उपलब्ध है।

# शनि के चंद्रमा टाइटन पर मिला 'महासागर', नासा के अंतरिक्ष यान का बड़ा खुलासा

एजेंसी ⏭ न्यूयार्क

अंतरिक्ष के रहस्यों जानने के लिए सालों से वैज्ञानिक शोध कर रहे हैं। अब इस बीच वैज्ञानिकों ने एक बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि शनि ग्रह के चंद्रमा टाइटन पर हाइड्रोकार्बन का सागर मौजूद है। वैज्ञानिकों ने नासा के कैसिनी अंतरिक्ष यान से मिले डेटा से यह खोज की है। कैसिनी अंतरिक्ष यान ने 13 साल तक शनि का सर्वेक्षण किया था। इस दौरान इकट्ठा किए गए कुछ विशाल डेटा की अब जांच की जा रही है। कैसिनी के राडार अवलोकन टाइटन की सतह पर तरल हाइड्रोकार्बन के समुद्रों के बारे में दिलचस्प और नई जानकारियां मिली हैं। शनि का चंद्रमा टाइटन हमारे सौर मंडल का दूसरा सबसे बड़ा चंद्रमा है। कई वैज्ञानिकों का दावा है कि यहां पर जीवन हो सकता है। इसकी वजह से वैज्ञानिकों के लिए जीवन की खोज के लिए रूचि वाला टाइटन स्थान है।



### टाइटन के समुद्रों के पानी में क्या है?

*धरती के अलावा सिर्फ शनि के चंद्रमा की सतह पर तरल समुद्र हैं। हालांकि, टाइटन पर समुद्रों का निर्माण पानी से नहीं, बल्कि नाइट्रोजन और कार्बनिक यौगिकों मीथेन और ईथेन से हुआ है, जो प्राकृतिक गैस के घटक हैं। इस शोध में टाइटन के उत्तरी ध्रुव के पास स्थित तीन समुद्रों को शामिल किया गया था। टाइटन पर सबसे बड़ा समुद्र क्रैकन मारे है, इसके बाद लीजिया मारे और तीसरा सबसे बड़ा समुद्र पुंगा मारे है। इसके अध्ययन के प्रमुख लेखक कॉर्नेल विश्वविद्यालय के इंजीनियर और ग्रह वैज्ञानिक वैलेरियो पोगियाली ने बताया कि टाइटन वास्तव में पृथ्वी जैसा ही एक ग्रह है। संभावना है कि आने वाले समय में शनि के चंद्रमा टाइटन को लेकर शोध में और चौंकाने वाले खुलासे हो सकते हैं।*

## राशिफल

**मेष** संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय

**वृश्चिक** संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि

**मीन** किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

# तेजस्विनी सिंह निभाएँगी एण्डटीवी के 'भीमा' में मुख्य किरदार

**मुंबई**। एण्डटीवी के नए शो 'भीमा' के प्रोमो के प्रसारण के बाद से ही इंडस्ट्री में इसके टाइटल रोल को निभाने वाली नन्हीं बच्ची को लेकर चर्चा सुर्खियों में है। तेजस्विनी सिंह को इस शो में 8 वर्षीय भीमा का किरदार निभाने के लिए चुना गया है। शो को राज खत्री प्रोडक्शन्स द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है।

तेजस्विनी सिंह ने कहा कि भीमा का किरदार निभाना सम्मान की बात है। शो की टीम मुझे लाइनें याद करवाने और इस किरदार के लिए तैयार करने में मेरी मदद कर रही है। मैं हर दिन बहुत कुछ सीख रही हूँ और भीमा की कहानी को पर्दे पर दिखाने का इंतजार कर रही हूँ। इस शो के लिए हम मेहनत कर रहे हैं। वे आगे कहती हैं कि भीमा जिज्ञासा और उत्सुकता का दिलचस्प मिश्रण है। वह अक्सर सवाल पूछती रहती है और उस दुनिया को समझने की कोशिश करती है, जिसमें वह रहती है। उसकी आँखों में साहस और दृढ़ संकल्प की चमक है, जो उसकी जीवंत प्रकृति को दर्शाती है। उसे अपने दोस्तों और बहन के साथ गेम्स, खासतौर से कंचे खेलना अच्छा लगता है। अपनी माँ (स्मिता साबले) और चचेरे भाई कुंदन के साथ उसका सबसे करीबी रिश्ता है, लेकिन अपनी ताई के साथ उसकी नहीं बनती है। तेजस्विनी ने आगे कहा, ₹सेट पर मेरा पहला दिन रोमांचक था। हम उत्तर प्रदेश के लखनऊ के अंदरूनी इलाकों में शूटिंग कर रहे थे। मैं गाँव के सुंदर दृश्य देखकर मंत्रमुग्ध हो गई, जहाँ एक खूबसूरत खेत और तालाब भी था। गाँव वालों से मिलना एक अद्भुत अनुभव था। पूरा वातावरण भीमा की कहानी को जीवंत करने के लिए एकदम सही था। इस अविश्वसनीय यात्रा की इससे बेहतर शुरुआत नहीं हो सकती थी। शो की कहानी के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि 1980 के दशक की पृष्ठभूमि पर आधारित शो 'भीमा' में भीमा नाम की एक छोटी-सी बच्ची की कहानी दिखाई गई है। यह भीमा के रास्ते में आने वाली परेशानियों और समान अधिकारों के प्रति उसकी यात्रा पर केन्द्रित एक सोशल ड्रामा है। इसमें दर्शकों को उसका साहसिक सफर देखने को मिलेगा, जहाँ वह उसके परिवार वालों, समाज एवं आर्थिक स्थितियों से उत्पन्न हुए मुश्किल हालातों से संघर्ष करती नजर आएगी। कई अन्यायों और भेदभाव का सामना करने के बावजूद, वह निडर होकर इन बाधाओं को पार करने की कोशिश करेगी।



आवश्यकता

आवश्यकता है- आयुर्वेदिक कंपनी में दवा पैक करने के लिए शिक्षित/ बेरोजगार जरूरतमंद लड़के- लड़कियाँ हाउस वाइफ घरबैठे दवाई पैकिंग करके पार्टटाइम /फुलटाइम 30,500/- से 35,500/- महीना कमाए (जरूरतमंद लोग WHAT-SAPP या कॉल करें) +916267324667(रायपुर/25/जुलाई 24)

अब आप पायेंगे अपना सच्चा हमसफर
हरिभूमि वैवाहिकी
प्रत्येक रविवार को प्रकाशित


सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

## शब्द पहेली - 5577



**बाएँ से दाएँ**
1.होठ,अधर-2
3.बड़ी सवारी गाड़ी-2
5.डोर-2
7.हरे रंग का-2
9.शक,संदेह-3
11.विस्फोटक -2
13.बड़ी नाली-2
15.नमस्कार,नमस्ते-3
17.प्राण-2
19.लक्ष्मी,कमला-2
22.बल,दम-3
24.ठाठ-बाट-2
26.पिता-2
28.कसर-2
30.कुमारी,तरुणी-3
32.जी,चित-2
34.नाखून-2
36.पढ़ने वाला-3
38.उद्देश्य-2
41.मोटा आटा-2
43.नामित-3
45.नर का विलोम-2
47.उर्वरक-2
49.भीगा हुआ-2
51.गिरवी वस्तु-3
53.मनमौजी-2
55.सम्मान-2
57.ले जाने वाला-3
60.आनंद,मजा-2
62.दोस्त,सखा-2
64.निर्माण-3
66.सदैव,हमेशा-2
67.नेत्र,नयन-2
68.आकाश,गगन-2
69.लाख,गोंद-2

**ऊपर से नीचे**
1.प्यार (अंग्रेजी-2)
2.भगिनी,दीदी-3
4.सभी-2
6.गीत गायन-2
8.मार्ग,रास्ता-2
10.मां का दुलार-3
12.आनंद,रस-2
14.थूक,लेस-2
16.अनुकृति-3
18.सरुर,खुमार-2
20.मां,मदर-2
21.घ्राणेंद्रिय-2
23.चरण तल-3
25.भीगा हुआ-2
27.देह,काया-2
29.मछली-2
31.नृत्य करना-3
33.टौंटी,नलका-2
35.गधा,गर्दभ-2
37.कटि-3
39.माफी-2
40.दोस्त,मित्र-2
42.वायु,गैस-2
44.कॉफी-3
46.मूल्य-2
48.जोर,बल-2
50.लक्ष्मी-2
52.जलमार्ग-3
54.स्थिति-2
56.नवीन-2
58.कूड़ा-3
59.नौकर-2
61.सत्य-2
63.दौड़ना-2
65.गर्भनाड़ी-2

**शब्द पहेली- 5576 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ल | ज्ज | त | दा | र | ■ | क | र | त | ब |
| म | त | ■ | क | ■ | ज | टि | ल | ■ | वा | र |
| न | ■ | क | रा | मा | त | ■ | म | य | ■ | ग |
| आ | गी | दा | र | ■ | प | ल | ■ | म | द | द |
| व | ■ | चा | ■ | अ | ट | ल | ■ | ■ | रा | ■ |
| न | ज | र | बं | द | ■ | का | न | भ | र | ना |
| ■ | मी | ■ | ■ | र | न | र | ■ | इ | ■ | म |
| अ | न | ल | ■ | क | र | ■ | अ | क | ब | र |
| म | ■ | ता | क | ■ | क | त | र | ना | ■ | ख |
| रू | ह | ■ | ह | ल | वा | ■ | दा | ■ | आ | ना |
| द | म | दा | र | ■ | स | न | स | ना | ना | ■ |

## सूडोकू नवताल - 5588

★★★ मध्यम


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल - 5587 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |



# 'कन्नप्पा' दिसंबर में होगी रिलीज ...

**नई दिल्ली।** 'कन्नप्पा' विष्णु मांचू की महत्वाकांक्षी परियोजना है। इस बहुप्रतीक्षित फिल्म को और खास बनाने के लिए विष्णु मांचू पूरी मेहनत कर रहे हैं। फिल्म में कई दिग्गज सितारों की महत्वपूर्ण भूमिकाएं हैं। गुरुवार, 18 जुलाई को विष्णु मांचू ने अपनी आगामी बड़े बजट की फिल्म 'कन्नप्पा' की रिलीज की घोषणा की। उन्होंने पोस्ट साझा करते हुए यह जानकारी दी कि फिल्म दिसंबर 2024 में रिलीज होगी। 'कन्नप्पा' एक पौराणिक फिल्म है, जो पूरी होने वाली है। मई में फिल्म का टीजर प्रतिष्ठित कान्स फिल्म फेस्टिवल में दिखाया गया था। बाद में 14 जून को भारत में टीजर रिलीज किया गया।

लाइफ Style

# सोनम कपड़े उधार लेकर पहना करती थीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री सोनम कपूर अभिनय की दुनिया में बड़ा नाम कमा चुकी हैं। अभिनय के साथ साथ वे फैशन की दुनिया की भी बेहतरीन हस्ती हैं। हाल ही में, अभिनेत्री ने अपने स्टाइल के बारे में बात की कि वे कैसे कपड़े चुनती हैं और इस बीच की सभी चीजें कैसे संभालती हैं।

सोनम ने कहा, 'मैं सिर्फ वही पहनना चाहती थी, जो मुझे अपने जाने-पहचाने डिजाइनरों से पसंद था। यह सिर्फ मैं ही थी जो मेरी मां से मिली शिक्षा और फैशन के प्रति मेरे जुनून से प्रभावित थी। मैं अंतरराष्ट्रीय और भारतीय दोनों ही तरह के फैशन डिजाइनरों को स्टार मानती थी, क्योंकि मैं अपनी मां के जरिए उन्हें पसंद करती हुई बड़ी हुई हूं। यह किसी छवि को पेश करने के बारे में नहीं था, यह फैशन के प्रति मेरे सच्चे प्यार के बारे में था।' उन्होंने आगे कहा, 'मुझे एहसास हुआ कि लोग अक्सर कपड़े उधार नहीं लेते, इसलिए मैंने उन्हें उधार लेना शुरू कर दिया। हर समय सब कुछ खरीदना समझदारी नहीं थी। मैंने बहुत कुछ खरीदा, लेकिन उधार लेना अधिक व्यावहारिक था। यह प्रथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आम थी, लेकिन भारत में नहीं, इसलिए मैंने वही किया जो उस समय सही लगा। मैं 20 साल की लड़की थी, बिना किसी रणनीतिक इरादे के बस फैशन के प्रति अपने जुनून का पीछा कर रही थी।' सोनम अब एक वैश्विक फैशन आइकन हैं और अंतरराष्ट्रीय मीडिया द्वारा उनके बेहतरीन फैशन सेंस और ब्रांड्स पर उनके जबर्दस्त प्रभाव के लिए उनका सम्मान किया जाता है। उनके लगातार शानदार कपड़ों ने उन्हें दुनिया भर के शीर्ष फैशन ब्रांड्स में पसंदीदा बना दिया है।



हॉलीवुड मसाला



# फिर साझा कीं शानदार तस्वीरें...

**लॉस एंजिलिस।** किम कार्दशियन और उनकी बहन क्लोई कार्दशियन का भारत में काफी अच्छा समय बीता था। इसकी झलकियां अब किम लगातार अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा कर रही हैं। किम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कई तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों से पहले उसने एक्स हैंडल पर एक तस्वीर साझा की थी, जिसमें वह एक ट्रे में चंदन पाउडर और टीका पकड़े हुए नजर आई थीं। वह एक सफेद बॉडीकॉन आउटफिट में बेहद खूबसूरत लग रही थीं।



# एमसीयू में रूसो ब्रदर्स की वापसी की खबर से फैंस में हलचल...

**लॉस एंजिलिस।** मार्वल के प्रशंसकों के लिए एक बड़ी खबर सामने आ रही है। रूसो बंधु यानी जो रूसो और एंथनी रूसो मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में वापसी कर सकते हैं। दोनों साथ मिलकर 2014 में रिलीज हुई 'कैप्टन अमेरिकाः द विंटर सोल्जर', 2016 में आई 'कैप्टन अमेरिकाः सिविल वॉर', 2018 में आई 'एवेंजर्सः इनफिनिटी वॉर' और 2019 में आई 'एवेंजर्सः एंडगेम' का निर्देशन कर चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जो और एंथनी से साल 2026 और 2027 में आने वाली दो एवेंजर्स फिल्मों को बनाने के सिलसिले में बातचीत चल रही है। हालांकि, रूसो बंधुओं की प्रोडक्शन कंपनी एजीबीओ की ओर से फिलहाल इस मामले में कोई टिप्पणी नहीं की गई है। कयास लगाए जा रहे हैं कि यह दोनों ही फिल्में जो और एंथनी की ही 'एवेंजर्सः इनफिनिटी वॉर' और 'एवेंजर्सः एंडगेम' से जुड़ी होंगी।



# क्या जल्द शादी करने वाली हैं श्रद्धा..?


**मुंबई।** श्रद्धा कपूर इन दिनों अपनी फिल्म 'स्त्री' के मोस्ट अवेटेड सीक्वल 'स्त्री 2' की रिलीज के लिए तैयार हैं। 15 अगस्त को सिनेमाघरों में आने वाली इस फिल्म में अभिनेत्री कॉमेडी और हॉरर का तड़का लगाने के लिए तैयार हैं। निजी जीवन की बात करें तो श्रद्धा के बारे में पिछले काफी समय से यह अफवाह है कि वह स्क्रिप्ट राइटर राहुल मोदी को डेट कर रही हैं। अब 'स्त्री 2' के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर उन्होंने अपनी शादी के प्लान के बारे में खुलकर बात की है। अपने रिश्ते और शादी के प्लान के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए, अभिनेत्री ने मजाकिया अंदाज में जवाब दिया। उन्होंने कहा, 'वह स्त्री है, उसे जब दुल्हन बनना है वो बनेगी'। इससे पहले श्रद्धा ने इंस्टाग्राम पर राहुल मोदी के साथ अपने रिश्ते को आधिकारिक तौर पर जाहिर किया था।



# महाराजा ओटीटी पर नंबर-1 पर कर रही है ट्रेंड

**नई दिल्ली।** साल 2024 में सिनेमाघरों में एक क्राइम-थ्रिलर फिल्म आई थी। 20 करोड़ रुपए के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर छप्परफाड़ कमाई की थी। इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड 104.84 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार किया था और अब ये फिल्म ओटीटी पर भौकाल काट रही है। जी हां! ओटीटी पर ये फिल्म टॉप 10 ट्रेंडिंग फिल्मों की लिस्ट में पहले नंबर पर है। इस फिल्म का नाम 'महाराजा' है। विजय सेतुपति ने इस फिल्म में लीड रोल प्ले किया है। वहीं, अनुराग कश्यप ने खूंखार विलेन की भूमिका निभाई है। इस फिल्म की खास बात ये है कि इसकी कहानी एकदम यूनीक है और सस्पेंस के साथ-साथ इस फिल्म में एक्शन का तड़का भी लगाया गया है। यदि आप ये फिल्म देखना चाहते हैं तो ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

टीवी मसाला



# सिद्धार्थ शुक्ला को याद कर रो पड़ीं जैस्मिन भसीन...

**नई दिल्ली।** एक्टर सिद्धार्थ शुक्ला का निधन हर किसी के लिए शॉकिंग था। जैस्मिन भसीन उनके साथ दिल से दिल तक में काम कर चुकी हैं। जब यह दुखद खबर आई तो जैस्मिन मुंबई में नहीं थीं। वह कश्मीर गई थीं। उन्होंने इंटरव्यू के दौरान वो वक्त याद किया तो बुरी तरह रो पड़ीं। जैस्मिन ने बताया कि वहां इंटरनेट ना होने की वजह से उन्हें कुछ पता नहीं चल सका था। पर मुंबई एयरपोर्ट पर पहुंचीं तो लोगों की सुगबुगाहट कान में पड़ी। जब सच में खबर मिली तो वह सुन्न पड़ गई थीं। मैं यह सच स्वीकार ही नहीं कर पाई कि वह जा चुके हैं। उनकी मौत ने मुझे जीवन की सबसे बड़ी सीख दी कि कुछ भी परमानेंट नहीं है। तो वक्त रहते सारे गिले-शिकवे दूर कर लेने चाहिए, क्योंकि वक्त का कुछ पता नहीं। इंसान चला जाता है पर आप दर्द और पछतावे के साथ रह जाते हो कि काश बात कर ली होती। जैस्मिन ने बताया कि दिल से दिल तक में सिद्धार्थ ने उनका बहुत सपोर्ट किया था। वह नर्वस हो जाती थीं तो सिद्धार्थ उन्हें मोटिवेट करते थे। वह वैनिटी वैन में ना जाकर उन्हें सपोर्ट करते थे। जैस्मिन बोलीं, सेट पर वह मेरे बेस्ट फ्रेंड थे। हम साथ में खाते थे, पैक-अप के बाद साथ में जाते थे।


## रूही पर टूटेगा दुखों का पहाड़, पौद्दार हाउस में ऐसे होगी रोहित की एंट्री

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में रूही पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ेगा। उसकी आखिरी उम्मीद भी उससे छीन जाएगी। रूही के साथ-साथ बड़े पापा भी निराश हो जाएंगे। लेकिन, सवाल यह उठता है कि ऐसा क्या होगा जिसकी वजह से रूही और बड़े पापा दोनों परेशान हो जाएंगे? दरअसल, 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' के आने वाले एपिसोड में रोहित की वापसी होगी। जब रूही को पता चलेगा कि रोहित जिंदा है तब उसकी अरमान को पाने की आखिरी उम्मीद खत्म हो जाएगी। वहीं बड़े पापा, रूही को पौद्दार हाउस से दूर रखना चाहते हैं, लेकिन रोहित के वापस आने की वजह से वह ऐसा नहीं कर पाएंगे इसलिए वह दुखी हो जाएंगे। आने वाले एपिसोड्स में दिखाया जाएगा कि रोहित का एक्सीडेंट हो जाता।



# लंदन मैडम तुसाद में सजेगा राम चरण का मोम का पुतला!

**नई दिल्ली।** लंदन के मैडम तुसाद में हॉलीवुड और बॉलीवुड के तमाम सुपरस्टार्स के मोम के पुतले अभी तक सजाए जा चुके हैं, जिनमें अमिताभ बच्चन से लेकर करीना कपूर खान, दीपिका पादुकोण, रणवीर सिंह, ऋतिक रोशन और प्रियंका चोपड़ा के अलावा भी कई भारतीय स्टार्स शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बॉलीवुड, हॉलीवुड के बाद अब टॉलीवुड स्टार राम चरण का मोम की प्रतिमा लंदन के मैडम तुसाद में लगाई जाएगी। अभी यह तय नहीं हुआ है कि स्टार के मोम के पुतले को किस तरह का लुक दिया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अमिताभ बच्चन बॉलीवुड के ऐसे पहले मेगास्टार है, जिनका मैडम तुसाद म्यूजियम में सबसे पहले स्टैच्यू लगा था। जब अमिताभ बच्चन का मैडम तुसाद में मोम की प्रतिमा का अनावरण हुआ था, तब बिग बी ने अपने मोम के पुतले के बगल में खड़े होकर शानदार पोज दिए थे। बताया जाता है कि अमिताभ बच्चन की मोम की प्रतिमा को देखने के लिए हर साल संग्रहालय में 25 लाख से ज्यादा संख्या में लोग आते हैं। अमिताभ के ही स्टाइल को ध्यान में रखते हुए उनके मोम के पुतले को बनाया गया था। सलमान खान का भी मैडम तुसाद में स्टैच्यू लगाया जा चुका है। सलमान ने भी अपने मोम के पुतले के साथ कई फोटो क्लिक करवाईं थीं। उनके मोम के पुतले को बिल्कुल उनकी तरह ही स्टाइल में बनाया गया था। सलमान के मोम के पुतले को ब्लैक रंग की सैंडो के साथ ब्लैक जींस का लुक दिया गया था।



# अमिताभ नहीं थे दीवार के लिए पहली पसंद इस सुपरस्टार ने फिल्म करने से किया था इंकार

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन के करियर की कुछ ऐसी फिल्में हैं जिनकी कल्पना उनके बिना तो की ही नहीं जा सकती। उनका एंग्री यंगमैन अवतार और डायलॉग बोलने का अंदाज और स्टाइल सब ही बेमिसाल रहे हैं। लेकिन जैसा फिल्म इंडस्ट्री में अकसर होता है कि एक फिल्म के लिए कई सितारों को अप्रोच किया जाता है और फिर फिल्म किस स्टार की झोली में जाती है ये किसी को पता नहीं होता है। ऐसा ही कुछ अमिताभ बच्चन की फिल्म दीवार के साथ भी हुआ। दीवार में अमिताभ बच्चन के किरदार को इतना प्यार मिला कि उनके डायलॉग आज तक सुने जा सकते हैं। लेकिन ये भी सच है कि इस फिल्म के लिए अमिताभ बच्चन पहली पसंद नहीं थे। अमिताभ बच्चन की दीवार 1975 में रिलीज हुई थी। जिसे यश चोपड़ा ने डायरेक्ट किया था। फिल्म में अमिताभ बच्चन के साथ शशि कपूर, नीतू सिंह, परवीन बाबी, इफ्तिखार, मदन पुरी, सत्येन कप्पू और मनमोहन कृष्ण लीड रोल में थे। फिल्म का बजट लगभग 1.30 करोड़ रुपए था, जबकि फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 7.50 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। इस तरह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही थी।

बताया जाता है कि फिल्म के निर्माताओं ने इस फिल्म के लिए पहले शत्रुघ्न सिन्हा को अप्रोच किया था। लेकिन शत्रुघ्न सिन्हा उन दिनों कुछ दूसरे प्रोजेक्ट में व्यस्त थे, जिस वजह से उन्होंने फिल्म करने से इनकार कर दिया। फिर जब ये फिल्म अमिताभ बच्चन के पास पहुंची तो उन्होंने इसके लिए हां कह दी और बाकी सब इतिहास बन गया। अमिताभ बच्चन की सबसे कामयाब फिल्मों में दीवार का नाम गिना जाता है और इसके डायलॉग तो बेहतरीन रहे हैं। फिल्म की कहानी और संवाद सलीम-जावेद के थे।






## 'हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया' में आलिया ने निभाई हैं अहम भूमिका


# शादी पर आधारित हैं इन फिल्मों की कहानी, गुदगुदाती भी हैं और रुलाती भी

***नई दिल्ली।** बॉलीवुड की कुछ फिल्मों में शादी के विषय पर बढ़िया फिल्में बन चुकी हैं। '2 स्टेट्स', 'हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया', 'तनु वेड्स मनु' और 'बैंड बाजा बारात' शादी पर आधारित अच्छी हिंदी फिल्में हैं, जो दर्शकों को गुदगुदाने के साथ-साथ उन्हें रुलाती भी हैं। चारों फिल्मों का विषय भले ही एक है, लेकिन कहानी एकदम अलग है। '2 स्टेट्स', 'हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया', 'तनु वेड्स मनु' और 'बैंड बाजा बारात' की कहानी शादी के इर्द-गिर्द घूमती है। इन चारों फिल्मों को दर्शकों ने खूब पसंद किया था।*

**2 स्टेट्स :** '2 स्टेट्स' में अलग-अलग संस्कृति से आने वाले एक पंजाबी लड़के और एक तमिल लड़की की कहानी दिखाई गई है, जिनकी शादी में परिवार द्वारा बाधाएं डाली जाती है, लेकिन वे दोनों इससे पार पा लेते हैं। इस फिल्म में अर्जुन कपूर और आलिया भट्ट ने मुख्य किरदार निभाया था। इसका निर्देशन अभिषेक वर्मन ने किया था। यह फिल्म 2014 में रिलीज हुई थी।





**हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया :** 'हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया' में भी आलिया भट्ट ने अहम भूमिका निभाई हैं। इस फिल्म में उन्होंने अंबाला शहर की एक लड़की का किरदार अदा किया है, जो दिल्ली के एक लड़के से मिलती हैं और दोनों एक-दूसरे को दिल दे बैठते हैं। इसके बाद कहानी दोनों की शादी तक पहुंचती है। इसमें आलिया भट्ट के अलावा वरुण धवन और दिवंगत सिद्धार्थ शुक्ला ने भी अभिनय किया था।




**तनु वेड्स मनु :** 'तनु वेड्स मनु' के तो नाम से ही साफ हो जाता है कि यह फिल्म शादी पर आधारित है। फिल्म की कहानी एक एनआरआई डॉक्टर मनु के शादी करने के इर्द-गिर्द घूमती है। मनु विदेश से भारत में दुल्हन ढूंढकर शादी करने आता है, जहां उसकी मुलाकात तनु से होती है। इस फिल्म में आर माधवन, कंगना, स्वरा भास्कर, जिमी शेरगिल और दीपक डोबरियाल ने शानदार अभिनय किया है। यह एक बढ़िया कॉमेडी फिल्म है, जिसका निर्देशन आनंद एल राय ने किया है।




**बैंड बाजा बारात :** 'तनु वेड्स मनु' की ही तरह 'बैंड बाजा बारात' के नाम से भी स्पष्ट है कि यह फिल्म भी शादी पर ही आधारित है। इसकी कहानी दो वेडिंग प्लानर श्रुति कक्कड़ और बिट्टू शर्मा के बारे में हैं। बिजनेस करते-करते दोनों एक-दूजे के प्यार में पड़ जाते हैं। इस वजह से दोनों के पेशवर संबंधों पर भी असर पड़ता है। फिल्म में अनुष्का शर्मा और रणवीर सिंह ने मुख्य किरदार निभाया था। इसका निर्देशन मनीष शर्मा ने किया है।



## खबर संक्षेप



### भारत की जीत के साथ शुरुवात

**ह्यूस्टन।** भारत ने विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप में जीत के साथ शुरुवात की जब लड़के और लड़कियों की टीम ने अपने अपने मुकाबले अच्छे अंतर से जीते। लड़कों ने कुवैत को ग्रुप एफ के मुकाबले में 3-0 से हराया जबकि राष्ट्रीय चैंपियन अनाहत सिंह की अगुवाई में लड़कियों ने ग्रुप डी में चीनी ताइपै को इसी अंतर से मात दी। अब लड़कों का सामना शुक्रवार को ब्राजील से होगा जबकि लड़कियों की टीम को ब्राजील और आस्ट्रेलिया से खेलना है।

### दिल्ली हाफ मैराथन के लिए पंजीकरण शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 20 अक्टूबर को आयोजित होने वाली वेदांत दिल्ली हाफ मैराथन के लिए शुक्रवार को पंजीकरण शुरू हो गया। विश्व



एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रेस की मान्यता प्राप्त इस आयोजन में कुल इनामी राशि 260,000 डॉलर (लगभग 2.17 करोड़) है, जिसमें दुनिया भर के लंबी दूरी की सर्वश्रेष्ठ धावकों के साथ शौकिया दौड़ने वाले लोगों को भी भाग लेने का मौका मिलेगा। मुख्य हाफ मैराथन रेस के साथ शौकिया दौड़ने वाले लोग इसमें ओपन 10के (दस किलोमीटर की दौड़), ग्रेट दिल्ली रन (4.5 किमी), सीनियर सिटिजन रन (2.5 किमी), और चैंपियंस विद डिसेबिलिटी रन (2.5 किमी) श्रेणियों में भाग लेने के लिए 30 सितंबर तक पंजीकरण करा सकते हैं।

### सही घोड़े के बिना, आप कुछ भी नहीं : अनुष

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में चुनौती पेश करने को तैयार घुड़सवार अनुष अग्रवाल को यह समझने में देर नहीं



लगती कि उनका घोड़ा 'सर कारमेलो' घबराया हुआ, उत्साहित या खुश महसूस कर रहा है। अग्रवाल ने कहा कि कोई रिश्ता सद्भाव और विश्वास पर बना है तो भाषा कोई बाधा नहीं है। चौबीस साल के अग्रवाल 26 जुलाई से शुरू होने वाले ओलंपिक खेलों में व्यक्तिगत ड्रेसेज स्पर्धा में क्वालिफाई करने वाले पहले भारतीय घुड़सवार हैं।

### हितेश 'लोन' पर मुंबई सिटी एफसी से जुड़े

**मुंबई।** मुंबई सिटी एफसी ने आगामी 2024-25 इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) सत्र के लिए शुक्रवार को ओडिशा एफसी के मिडफील्डर हितेश शर्मा को 'लोन' पर अपनी टीम में शामिल किया। जालंधर में जन्में हितेश ने अपना सीनियर करियर आई लीग में मुंबई एफसी के साथ शुरू किया था जिसके बाद एटलेटिको डि कोलकाता, हैदराबाद एफसी और ओडिशा एफसी के लिए खेले।

# महिला एशिया कप : नेपाल का जीत से आगाज, यूएई को 6 विकेट से रौंदा

एजेंसी ▶▶ दांबुला

सलामी बल्लेबाज समझाना खड़का के नाबाद अर्धशतक और तेज गेंदबाज इंदु बर्मा के तीन विकेट की मदद से नेपाल ने शुक्रवार को यहां महिला टी20 एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले मैच में संयुक्त अरब अमीरात को 23 गेंद शेष रहते हुए छह विकेट से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। खड़का ने 45 गेंद पर नाबाद 71 रन बनाए, जिसमें 11 चौके शामिल हैं। उनकी इस पारी की मदद से नेपाल ने 116 रन का लक्ष्य 16.1 ओवर में हासिल कर दिया। नेपाल ने 4 विकेट पर 118 रन बनाए।

अमीरात की टीम इससे पहले 8 विकेट पर 115 रन ही बना पाई थी। उसकी तरफ से खुशी शर्मा ने 36 और कविशा एगोडेज ने 22 रन का योगदान दिया। बर्मा नेपाल की सबसे सफल गेंदबाज रही। उन्होंने 19 देकर तीन विकेट लिए। नेपाल को भी कुछ मुश्किल पलों से गुजरना पड़ा। ऑफ स्पिनर एगोडेज (12 रन देकर 3 विकेट) ने अमीरात की वापसी दिलाने का अच्छा प्रयास किया लेकिन खड़का ने एक छोर संभाले रखा और टीम को आसानी से लक्ष्य तक पहुंचाया।




### भारत ने पाकिस्तानी महिला टीम को 108 रन पर समेटा

**दाम्बुला।** गत चैंपियन भारत ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से शुक्रवार को यहां महिला टी20 एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के अपने पहले मुकाबले में पाकिस्तानी टीम को 19.2 ओवर में 108 रन पर समेट दिया। भारतीय गेंदबाजों में पूजा वस्त्राकर और रेणुका सिंह ने शुरुआती झटके देते हुए दो दो विकेट लिये। दीप्ति शर्मा ने 20 रन देकर तीन विकेट हासिल किये। श्रेयंका पाटिल को भी दो विकेट मिले। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला करने वाली पाकिस्तानी महिला टीम की केवल चार खिलाड़ी ही दोहरे अंक के स्कोर तक पहुंच सकीं। सिदरा अमीन 25 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं। उनके अलावा फातिमा सना ने नााबद 22, तुबा हसन ने 22 और मुनीबा अली ने 11 रन बनाए। पारी के दोनों छक्के फातिमा सना ने 19वें ओवर में राधा यादव की गेंदों पर लगाए।

पेरिस पैरालंपिक

# अबकी बार 25 पार, भारत का लक्ष्य : झाझड़िया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष देवेंद्र झाझड़िया ने शुक्रवार को कहा कि पेरिस पैरालंपिक में भारत को न सिर्फ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का यकीन है बल्कि पूरी उम्मीद है कि पदक संख्या 25 पार जाएगी। भारतीय पैरालंपिक दल ने टोक्यो में इतिहास रचते हुए पांच स्वर्ण पदक समेत 19 पदक जीते थे। झाझड़िया ने पेरिस ओलंपिक और पैरालंपिक के लिए भारत की तैयारियों को लेकर एक परिचर्चा में कहा, 'मुझे लगता है कि पेरिस में हमारा प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ होगा। हमारा स्लोगन है अबकी बार 25 पार। मैं खिलाड़ियों के संपर्क में हूं और तैयारियां बहुत अच्छी चल रही है।' तीन बार के पैरालंपिक पदक विजेता झाझड़िया ने 2004 एथेंस ओलंपिक और 2016 रियो ओलंपिक में एफ 46 भालाफेंक में स्वर्ण पदक जीता था जबकि टोक्यो में उन्होंने रजत पदक जीता।

16 अंतरराष्ट्रीय सहित कुल 48 खिलाड़ी भाग लेंगे

# यूटीटी : गोवा चैलेंजर्स के सामने जयपुर पैट्रियट्स की होगी चुनौती

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

गत चैंपियन गोवा चैलेंजर्स 22 अगस्त से सात सितंबर तक यहां होने वाले अल्टीमेट टेबल टेनिस के शुरुआती मैच में नयी टीम जयपुर पैट्रियट्स का सामना करेगा। इस फ्रेंचाइजी-आधारित लीग में दो नई टीमें जुड़ी हैं। आठ टीमों के इस लीग के सभी 23 मैच के जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में खेले जाएंगे। इसमें 16 अंतरराष्ट्रीय सहित कुल 48 खिलाड़ी भाग लेंगे। विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज बर्नाडेट स्जोक्स, विश्व नंबर 16 नीना मितेल्हम, और नाइजीरिया के दिग्गज और वर्तमान विश्व नंबर 19 कादरी अरुणा भाग लेने वाले शीर्ष अंतरराष्ट्रीय




खिलाड़ियों में शामिल हैं। भारत के अचंता शरथ कमल (विश्व रैंकिंग 40), श्रीजा अकुला (विश्व रैंकिंग 25), और मनिका बत्रा (विश्व रैंकिंग 28) भी अपनी-अपनी टीमों के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। नवोदित टीम अहमदाबाद एसजी पाइपर्स दूसरे दिन पुनेरी पल्टन टेबल टेनिस के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। लीग चरण के लिए टीमों को चार-चार के दो ग्रुप में विभाजित किया गया है। हर टीम टीम पांच मुकाबले खेलेगी। प्रत्येक टीम अपने ग्रुप में तीन टीमों जबकि दूसरे ग्रुप से दो टीमों के खिलाफ मैच खेलेगी। शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। हर मैच में पांच मुकाबले होंगे जिसमें दो पुरुष एकल, दो महिला एकल और एक मिश्रित युगल मुकाबला शामिल है।

कैमरन नौरी को 6-4, 6-4 से

# नडाल ने नॉर्डिया ओपन के क्वार्टर में बनाई

एजेंसी ▶▶ बस्ताड

रफेल नडाल ने पांचवीं वरीयता प्राप्त कैमरन नौरी को 6-4, 6-4 से हराकर नॉर्डिया ओपन टेनिस के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दूसरे सेट के पहले गेम में नडाल गिर गए और खून बहने लगा जिससे उन्हें मेडिकल सहायता की जरूरत पड़ी।

उन्होंने मैच के आखिरी पांच गेम जीतकर जनवरी के बाद पहली बार किसी



टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। नडाल ने 2005 में 19 वर्ष की उम्र में यहां खिताब जीता था जिसके बाद वह पहली बार यहां खेल रहे हैं वह पेरिस में रोलां गैरो पर ओलंपिक में खेलने की तैयारी में हैं। उन्होंने पहले दौर में स्वीडन के महान खिलाड़ी ब्योर्न बोर्ग के बेटे लियो बोर्ग को हराया। 38 वर्ष के नडाल ने विम्बलडन में भाग नहीं लिया था। वह पिछले डेढ़ साल से कूल्हे और पेट की चोटों से जूझ रहे हैं।




# ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन की उम्मीद

**नई दिल्ली।** भारतीय हॉकी खिलाड़ी सुखजीत सिंह का दाहिना पैर पीठ की चोट के कारण अस्थायी रूप से लकवाग्रस्त हो गया था लेकिन पंजाब का यह खिलाड़ी छह साल पहले की निराशा को पीछे छोड़कर 26 जुलाई से शुरू होने वाले ओलंपिक में टीम के लिए दमदार प्रदर्शन करने को लेकर प्रतिबद्ध है। इस 28 साल के खिलाड़ी का यह पहला ओलंपिक है। भारत के लिए 2022 में पदार्पण करने वाले अग्रिम पंक्ति के इस खिलाड़ी ने कहा, 'ओलंपिक में खेलना हमेशा से मेरे और मेरे परिवार के लिए एक सपना रहा है। यह किसी भी खिलाड़ी के करियर का शिखर है और मैं इस अवसर को पाकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं।'

कार्यालय संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश जिला कार्यालय, जबलपुर, म.प्र. ब्लॉक-15, सिविक सेंटर, मढ़ाताल, जबलपुर, नरसिंहपुर (म. प्र.)
Email-Id Jabalpur@mptownplan.gov.in Phone No. 0761-2401981
क्रमांक 1024/निग्रानि/JBPLP05062447692 जबलपुर दिनांक 18/07/2024

प्रारूप-ण
(नियम 22 (क) ( 6 ) देखिए )
धारा 30- क के अधीन भूखण्डों के विलयन हेतु सार्वजनिक सूचना

जन सामान्य की जानकारी हेतु एतद द्वारा, यह अधिसूचित किया जाता है कि SHRI (Rohit Kumar Kitha) ROHIT KUMAR KITAHA S/O SHRI KHUMAN SINGH KITAHA जो नगर जबलपुर ग्राम कजरवारा के खसरा क्रमांक 429/2 हेतु प्रकरण क्रमांक JBPLP05062447692 आदेश क्रमांक 846 से 851 दिनांक 25.02.2021 के द्वारा स्वीकृत अभिन्यास में स्थित आवासीय प्रयोजन के भूखण्ड क्रमांक- 129 व 130 के स्वामी हैं, और SHRI (Rohit Kumar Kitha) ROHIT KUMAR KITAHA S/O SHRI KHUMAN SINGH KITAHA जो नगर ग्राम कजरवारा के खसरा क्रमांक 429/2 हेतु प्रकरण क्रमांक JBPLP05062447692 आदेश क्रमांक 846 से 851 दिनांक 25.02.2021 के द्वारा स्वीकृत अभिन्यास में स्थित आवासीय प्रयोजन के भूखण्ड क्रमांक- 129 व 130 के स्वामी हैं, के द्वारा उपरोक्त भूखण्ड / भूखण्डों एवं भूमियों के संविलयन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

कोई भी हितबद्ध व्यक्ति उक्त मर्जर के बारे में अपनी आपति या सुझाव इस सूचना के प्रकाशन वे पन्द्रह दिन के भीतर, अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में को प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अनुज्ञा के ब्यौरे तथा मर्जर की जा रही भूमि / भूखण्ड का हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण उपरोक्त कार्यालय में कार्यालयीन समय के दौरान किया जा सकता है।

संयुक्त संचालक
नगर तथा ग्राम निवेश,जबलपुर

कार्यालय नगर पालिका परिषद् धनपुरी जिला-शहडोल म.प्र.
क्रमांक/ न.पा./लो.नि./2024-25/463 ऑनलाईन द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना धनपुरी दिनांक :-19/07/2024

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक एवं टेण्डर आई.डी. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 439-DATE-16.07.2024 2024_UAD-358230_1 | Supply and Lying of DI pipeline (250mm) RWRM at Nursery Pump house toFilter Plant ward no 20 | 180 दिवस<br>130.10 लाख | 12500.00 एवं 65000.00 | 02.08.2024 05:30 PM |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा,पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् धनपुरी
जिला- शहडोल म.प्र.

बीसीसीआई ने टीम इंडिया के सेलेक्शन से दिए बड़े संकेत

# न पंड्या, न पंत... शुभमन गिल हैं भविष्य के कप्तान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

श्रीलंका दौरे के लिए जिस टीम का ऐलान हुआ है, उसमें भारतीय क्रिकेट के भविष्य की छवि दिख रही है टी20 की कप्तानी को लेकर एक और जहां हार्दिक पंड्या और सूर्यकुमार यादव की चर्चा चल रही थी, वहीं ऋषभ पंत भी दावेदार माने जा रहे थे। लेकिन सूर्यकुमार यादव के नाम पर मुहर लग गई। दूसरी तरफ सेलेक्टर्स ने शुभमन गिल को भी बड़ी जिम्मेदारी देकर चौंका दिया।



नए कोच गौतम गंभीर की देखरेख में गलि का बड़ा प्रमोशन हुआ है। शुभमन अब टी20 और वनडे फॉर्मेट में श्रीलंका दौरे के लिए टीम इंडिया के उपकप्तान हैं। टी20 में वह सूर्यकुमार यादव के डिप्टी होंगे तो वनडे में रोहित शर्मा के बाद टीम में नंबर-2 होंगे। ऐसे में यह माना जा रहा है कि शुभमन गिल भविष्य के कप्तान हैं। गिल ने हालिया जिम्बाब्वे सीरीज के दौरान सीनियर्स की गैरमौजूदगी में टीम इंडिया की कप्तानी संभाली थी। आखिर गिल को क्यों उपकप्तानी सौंपी गई..? तो इसकी एक वजह उनकी उम्र है। वनडे और टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा इस समय 37 साल के हैं। नए टी20 कप्तान सूर्या 33 साल के हैं। वहीं, शुभमन गिल अभी 24 साल के हैं। ऐसे में गिल के पास कप्तानी को देखते हुए और परिपक्व होने का मौका है। चूंकि सूर्या और रोहित के बाद भारत को कोई न कोई खिलाड़ी चाहिए, ऐसे में उनके साथ यह फैक्टर जाता है।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई
E-Procurement Tender Notice
J.P./N.P.N./158/90 Main Portal https://eproc.cgstate.gov.in Bhilai/Dated : 15/07/2024
Online tender are invited on behalf of the Municipal Corporation, Bhilai for the following work in Form "B" for Contract from the contractors registered in unified registration (Single window) in force on GoCe-Procurement System portal (https://eproc.cgstate.gov.in)

| Sr. No. | Tender No. | Name of work | Probable amount of contract (in lacs) | Earnest Money (in lacs) | Completion Period | निविदा जारी दिनांक | निविदा डाऊनलोड की अंतिम दिनांक | Call | Form |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | |
| 1 | 156073 | निगम के जलकार्य विभाग हेतु कुशल, अर्द्धकुशल एवं अकुशल श्रमिक उपलब्ध कराने का कार्य | 152.25Lacs | 115000.00 | 12 month | 13/07/2024 | 03/08/2024 | First Call | Form B |

NOTE :- 1. For other details visit GoC e-Procurement System portal website https://eproc.cgstate.gov.in
2. Corrigendum Amendment if any, will be displayed on above website https://eproc.cgstate.gov.in/ only and it shall be part of tender document 3. For more details please download NIT details.
घर से निकलने वाले गीले एवं सुखा कचरे को अलग कर सफाई मित्र (रिक्शा) को देवें। अपील-समस्त शहर वासियों से निवेदन है कि सफाई व गंदगी/कचरा की फोटो खींचकर स्वच्छता एप में भेजें। प्लास्टिक का उपयोग छोड़ो, पर्यावरण से नाता जोड़ो। Executive Engineer
Municipal Corporation, Bhilai, Chhattisgarh

कार्यालय नगर पालिका परिषद् पाली, जिला-उमरिया म.प्र.
निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत फर्म/ ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक एवं टेण्डर आई.डी. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2024_UAD-358421_1 DATE-18.07.2024 | Construction of CC Drain Aganwadi to Sahu Shop at Ward no 15 Municipal Council Pali | 1 - 90 दिवस<br>2 - 6.19 लाख | 2000.00<br>2- 6198.00 | 05.08.2024 |
| 2. | 2024_UAD-358231_1 DATE-18.07.2024 | Construction of CC Drain and Box Culvert near of Pankaj Gupta House no. 14 Municipal area | 1 - 30 दिवस<br>2 - 2.52 लाख | 2000.00<br>2- 2526.00 | 03.08.2024 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा,पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् पाली
जिला- उमरिया (म.प्र.)

कार्यालय वनमण्डलाधिकारी (सा.) मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़ (छ. ग.)

नीलाम विज्ञापन

सामान्य सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि मनेन्द्रगढ वनमण्डल के काष्ठागार जनकपुर में दिनांक 26-07-2024 को नया पुराना सागौन, साल ईमारती काष्ठ / जलाऊ चट्टा का अधोलिखित विवरण के अनुसार प्रातः 10:00 बजे से नीलाम किया जाना प्रस्तावित है। इच्छुक व्यक्तियों से अनुरोध है कि वे नीलाम में भाग लेवें। नीलाम शर्त एवं जानकारी कार्यालय से अथवा नीलाम स्थान से प्राप्त किया जा सकता है। क्रेताओं को सलाह दी जाती है कि बोली बोलने के पूर्व प्रत्येक लॉट का भली-भांति निरीक्षण कर लेवें तथा संतुष्टि उपरांत ही बोली लगायें। नीलाम के समय घोषित मात्रा सही व अंतिम रूप से मान्य होगी।

| क्र. | प्रजाति | नये अविक्रित काष्ठ | | पुराने अविक्रित काष्ठ | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा | बल्ली | लट्ठा | | बल्ली | |
| | | नग | घ. मी. | नग | घ. मी. | नग | घ. मी. |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सागौन | 0.000 | 0 | 8762 | 628.276 | 7077 | 106.461 |
| 2 | साल | 0.000 | 0 | 6854 | 588.640 | 2776 | 77.747 |
| 3 | बीजा | 0.000 | 0 | 4 | 0.337 | 4 | 0.205 |
| 4 | हल्दू, मूण्डी, बांसा | 0.000 | 0 | 6 | 0.254 | 0 | 0 |
| 5 | सत्कठा | 0.000 | 0 | 0 | 0 | 11 | 0.318 |
| | योग | 0.000 | 0 | 15536 | 1217.507 | 9868 | 184.731 |
| 6 | मिश्रित जलाऊ | - | | 258 चट्टा पुराना | | | |
| 7 | सागौन जलाऊ | - | | 44 चट्टा पुराना | | | |

टीप :- 1 .ईमारती काष्ठ की नीलामी पहले 10.00 बजे प्रातः में की जावेगी तत्पश्चात जलाऊ चट्ठों की नीलामी की जावेगी। 2. छत्तीसगढ़ राज्य के किसी भी वनमंडल का पंजीकृत ठेकेदार ही नीलाम में भाग ले सकेंगे। 3. समस्त क्रेता को आयकर पेन कार्ड, वाणिज्य कर का जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन एवं छ.ग. राज्य के किसी वनमण्डल का वर्ष 2023 के व्यापारी का रजिस्ट्रेशन की प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है। 4. कृपया क्रेता ईमारती एवं जलाऊ का ई. एम. डी. राशि का अलग-अलग चेक देवें

वनमण्डलाधिकारी
G-242501228/2 मनेन्द्रगढ़, वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ / स ) संभाग क्र 1 जबलपुर
निविदा सूचनाक्र 04 वर्ष 2024-25 टेन्डर लिपिक निविदा सूचना जबलपुर दिनांक 28/06/2024

निम्नलिखित कार्यो हेतु ई टेन्डरिंग के माध्यम से निर्मलखित कार्यो की निविदायें आमंत्रित की जाती है। कार्यो का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.Mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईड पर आनलाईन भुगतान कर वेबसाईड के माध्यम से प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. | ई टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | | ठेके की अनु. राशि (रू. लाख में | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मुल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ई एम डी, टेन्डर फीस एवं निविदा से संभदित अन्य अभिलेख जमा करने हेतु |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2024_PWDRB _354155_1 | मु उप संभाग क्र 3 के अंतर्गत सिविल प्रथम लाईन जबलपुर स्थित सर्किट हाउस क्र 1 में व्ही व्ही आई पी एनेक्सी का निर्माण कार्य | प्रथम | 185.88 | 185880.00 | 12500.00 | 18 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल आनलाईन |
| 2 | 2024_PWDRB _354157_1 | मु उप संभाग क्र 3 के अतग्रत एम एम व्ही सेक्शन के तहत आने वाले भवनों में तथा डी एल एन यू में रिपेयरिंग रेनोवेशन एवं डिपाजिट का कार्य | प्रथम | 19.50 | 40000.00 | 2000.00 | 4 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल आनलाईन |
| 3 | 2024_PWDRB _354158_1 | मु उप संभाग क्र 3 के अंतर्गत मु उपखंड के तहत आने वाले जजेस बगलो में प्रोफाई शीट, आयरन फेम लगाने का पेवर ब्लाक लगाने का कार्य | प्रथम | 9.95 | 40000.00 | 2000.00 | 4 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल आनलाईन |
| 4 | 2024_PWDRB _354159_1 | मु उप संभाग क्र 3 के अंतर्गत मु उपखंड के तहत आने वाले आवासीय बगलों में कलर वाशिंग व्हाईट वाशिंग डिस्टेम्परिंग का कार्य | प्रथम | 19.90 | 40000.00 | 2000.00 | 4 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल आनलाईन |
| 5 | 2024_PWDRB _354160_1 | मु उप संभाग क्र 3 के अंतर्गत मु उपखंड के तहत आने वाले बगलों में मरम्मत का कार्य | प्रथम | 19.78 | 40000.00 | 2000.00 | 4 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल आनलाईन |
| 6 | 2024_PWDRB _354161_1 | मु उप संभाग क्र 3 के अंतर्गत एम एम व्ही सेक्शन के तहत आने वाले व्ही व्ही आई पी बगलों में मरम्मत का कार्य | प्रथम | 18.70 | 38000.00 | 2000.00 | 4 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल आनलाईन |
| 7 | 2024_PWDRB _354162_1 | कारीवाह पहुच मार्ग पर परफारमेंस गारटी के अतर्गत मरम्मत कार्य (मेसर्स व्ही पी सिंह के अनुबध क्र 119 डी एल 2018-19 के तहत रिस्क एड कास्ट के तहत कार्य ) | प्रथम | 7.78 | 15000.00 | 2000.00 | 4 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल आनलाईन |
| 8 | 2024_PWDRB _354163_1 | शासकीय इंजीनियरिंग महाविधालय जबलपुर में केमेस्ट्री विभाग, कम्प्यूटर विभाग, साईस एवं इन्फ-रमेशन विभाग गर्ल्स हास्टल क्र 1 एव 2 गेस्ट हाउस एवं वर्कशाप में एल्यूमीनियम का कार्य एवं विभिन्न निर्माण कार्य | प्रथम | 112.34 | 112350.00 | 10000.00 | 12 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल आनलाईन |
| 9 | 2024_PWDRB _354164_1 | शासकीय इंजीनियरिंग महाविधालय जबलपुर के बगला क्र एफ 1 से एफ 12 बी 08 सं 24 जी 05 से जी 11 सीवर लाईन का कार्य एवं एपी 11 से एपी 16 एवं ए टाईप के 16 नम्बर बगलों में मरम्मत का कार्यबी 1 से बी 30 तक कुल 30 बगलो में मरम्मत कार्य | प्रथम | 112.08 | 112350.00 | 10000.00 | 12 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल आनलाईन |
| | | कुल योग | | 505.61 | | | | |

टीप:- (1) निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 22/07/2024 17.30 बजे तक है। अन्य तिथियाँ एवं विस्तृत विवरण व संशोधन आनलाईन वेब साईड www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार के संशोधन का पुनः प्रकाशन नही कराया जावेगा। संशोधन सूचना कार्यालय के सूचना पटन पर देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
G-13657/24 लोक निर्माण विभाग (भ / स ) संभाग नाग क्र 1 जबलपुर




## जबलपुर रीवा हाईवे पर तड़के दर्दनाक दुर्घटना

# खड़े हाईवा से ट्रक टकराया आग लगी, पिता-पुत्र भस्म

हरिभूमि जबलपुर।

गत सप्ताह बरेला रोड पर दो ट्रक टकराए थे, जिनमें आग लगने से एक व्यक्ति की जलकर मौत हो गई थी। अब शुक्रवार को सुबह तड़के जबलपुर सीमा से गुजरने वाले जबलपुर रीवा हाईवे पर दो ट्रक टकरा गये, जिसमें ड्राईवर और उसके बेटे की जलकर मौत हो गई। बताया गया है कि कंडक्टर छुट्टी पर था इसलिए ड्राईवर मदद के लिए अपने बेटे को ट्रक में साथ लेकर चल रहा था। सुबह मार्निंग वॉक पर निकलने वालों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। घटना शुक्रवार की अलसुबह पनागर थाना क्षेत्र में ग्राम बम्हनौदा के पास हुई। हादसा इतना भयावह रहा कि आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड को बुलवाना पड़ा। मौके पर पहुंची पुलिस ने वाहनों के बीच फंसे दोनों शवों को निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक यूपी 70 टीपी 9495 उत्तरप्रदेश के प्रतापगढ़ से नागपुर की ओर जा रहा था। उसमें जेसीबी मशीन लोड थी। तड़के करीब साढ़े चार बजे जैसे ही यह ट्रक बम्हनौदा के पास पहुंचा, तो संभवतः ड्रायवर को नींद को झोंका आया, जिसकी वजह से उसका वाहन सड़क किनारे खड़े एक पंक्चर हाइवा में पीछे से टकरा गया। हादसे के वक्त ट्रक की रफ्तार काफी तेज रही, जिसके चलते ट्रक में आग भी लग गई। इस हादसे में ट्रक ड्रायवर शिवकुमार पटैल (45वर्ष) और उसका 18 वर्षीय बेटा पीयूष पटैल ट्रक के केबिन में ही जिंदा जल गए। दोनों मृतक बैचू के पुरवा थाना गोहरी जिला प्रयागराज उत्तरप्रदेश के निवासी बताए गए हैं। हादसे के बाद ट्रक में लगी आग को बुझाने के लिए फायर ब्रिग्रेड की मदद लेना पड़ी।

### केबिन काटकर शव निकाले

हादसे के बाद ट्रक में भड़की आग को बुझाने के लिए फायर बिग्रेड की 2 गाड़ियां और क्रेन मौके पर पहुंची। गर्म लोहा को ठंडा करने के बाद गैस कटर की मदद से ट्रक के अंदर फसीं जली हुई लाशों को बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला गया है। दोनों लाशों को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल अस्पताल भेजा गया है। गौरतलब है कि 3 दिन पहले बरेला में हुए सड़क हादसे में ट्रक का चालक जिंदा जल गया था। आसपास के लोगों का कहना है कि वाहनों के बीच हुई टक्कर के बाद गैस सिलेण्डर से आग भड़की है। ट्रक में खाना बनाने के लिए एलपीजी का छोटा सिलेण्डर रखा हुआ मिला है।

### कंडक्टर नहीं आया तो बेटे को ले आई मौत

घटना की विवेचना कर रहे एसआई राजकुमार तिवारी ने बताया कि हादसे में मरने वाला पियूष पटैल घर पर रहकर पढ़ाई कर रहा था। वह ड्रायवर शिवकुमार पटैल का बेटा था। गुरुवार को ट्रक के कंडक्टर ने छुट्टी मार दी थी, इसलिए शिवकुमार अपनी मदद के लिए पियूष को भी अपने साथ ले आया था।

*सरकार ने बनाई क्रॉप सर्वे योजना, गांव में युवाओं को मिलेगा रोजगार*

## मप्र में अब फसल का सर्वे पटवारी नहीं, 8वीं पास युवा करेंगे

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश में दो सीजन में किसान खेती करते हैं। इसके सर्वे के लिए प्रदेश सरकार क्रॉप सर्वे योजना शुरु करने जा रही है। इस योजना में खेतों में लगी फसल का वास्तविक रेकॉर्ड दर्ज करने का काम अब पटवारी नहीं बल्कि गांव के आठवीं पास युवा करेंगे। मप्र सरकार ग्रामीण इलाकों के 8वीं पास युवाओं को डिजिटल क्रॉप सर्वे का काम सौंपने जा रही है।

डिजिटल क्रॉप सर्वे के कई फायदे होंगे। गांव का युवा होने से कोई भी किसान फर्जी फसल बताकर प्राकृतिक आपदा पर राहत राशि या बीमा का भी लाभ नहीं ले पाएगा। इतना ही नहीं किसान सम्मान निधि के लिए फर्जी जानकारी देने की संभावना भी कम हो जाएगी। इतना ही नहीं गांव के युवाओं को रोजगार मिलेगा। इस योजना को लागू करने के बाद पटवारी खेतों में फसलों का सर्वे करने नहीं जाएंगे। अब युवाओं को इसका जिम्मा सौंपा जाएगा। इस काम के लिए 8 से 10 हजार रुपए दिए जाएंगे। एक सीजन में कम से कम तीन बार खेती होती है। इस तरीके से युवाओं को 30000 हजार रुपए तक मिलेंगे। इसका भुगतान ऑनलाइन होगा।इस योजना के तहत गांव के ही 8वीं पास युवाओं को चुना जाएगा। इसके बाद भू-अभिलेख पोर्टल पर इनका रजिस्ट्रेशन होगा फिर चुने हुए युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। युवाओं को 25 जुलाई तक ट्रेनिंग दी जाएगी। ट्रेनिंग में युवाओं को मोबाइल ऐप से सर्वे कैसे करना होगा। 1 अगस्त से पटवारी ऐसे युवाओं को खसरा बाटेंगे। जहां जाकर युवा काम करेंगे।

आरटीओ पर 25 हजार का जुर्माना लगाया

## हाई कोर्ट ने जिला पंचायत सदस्य की अनुशंसा पर जारी परमिट पर लगाई रोक

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति गुरुपाल सिंह अहलूवालिया की एकलपीठ ने जिला पंचायत सदस्य की अनुशंसा पर जारी परमिट पर रोक लगा दी। इस अंतरिम आदेश के साथ ही आरटीओ, नर्मदापुरम पर 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगा दिया। जुर्माना राशि आगामी सुनवाई तिथि 22 जुलाई तक जमा करने के निर्देश दिए गए हैं।

याचिकाकर्ता नर्मदापुरम निवासी मोहम्मद इकबाल की ओर से अधिवक्ता ब्रजेश दुबे व सूरज प्रकाश



अग्रवाल ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आरटीए सचिव-आरटीओ, नर्मदापुरम द्वारा जारी अस्थाई परमिट चुनौती के योग्य है। ऐसा इसलिए क्योंकि यह अस्थाई परमिट जिला पंचायत सदस्य की अनुशंसा के आधार पर जारी किया गया है।

### घोर अनियमितताएं, अतः हाई कोर्ट चले आए

अधिवक्त दुबे व अग्रवाल ने तर्क दिया कि इस मामले में परमिट आदेश 30 जून तक के लिए दिया था, किंतु परमिट 31 जुलाई तक जारी कर दिया गया। इस तरह साफ है कि अस्थाई परिमट जारी करने में घोर अनियमितता की गई है। इसीलिए हाई कोर्ट ने समस्त रिकार्ड तलब किया था। चूंकि रिकार्ड प्रस्तुत नहीं किया गया, अतः सख्ती आवश्यक है। हाई कोर्ट ने तर्क से सहमत होकर आरटीओ के आदेश पर अंतरिम रोक लगाते हुए 25 हजार का जुर्माना लगा दिया।

### सुप्रीम कोर्ट मुख्यमंत्री तक पर लगा चुका है एक लाख का जुर्माना

हाई कोर्ट को अवगत कराया गया कि मोटर वीकल एक्ट के विहित प्रविधान अंतर्गत किसी भी जनप्रतिनिधि या राजनीतिक व्यक्ति को परमिट के सिलसिले में अनुशंसा करने का अधिकार नहीं है। इस सिलसिले में सुप्रीम कोर्ट का न्यायदृष्टांत मार्गदर्शी है। सुप्रीम कोर्ट ने पंचम चंद्र विरुद्ध हिमाचल राज्य प्रकरण में पारित आदेश में मुख्यमंत्री की अनुंशसा पर जारी परमिट को अवैधानिक करार दे दिया था। यही नहीं हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पर एक लाख रुपये का जुर्माना तक लगा दिया गया था।

## अनुकंपा नियुक्ति के आवेदन पर उचित निर्णय लें

### हाई कोर्ट ने दो माह की मोहलत दी

**जबलपुर।** हाई कोर्ट ने कलेक्टर को निर्देश दिए हैं कि याचिकाकर्ता की शैक्षिणक योग्यता व पात्रता को ध्यान में रखते हुए उसके द्वारा प्रस्तुत अनुकंपा नियुक्ति के आवेदन पर उचित निर्णय पारित करें। न्यायमूर्ति विवेक जैन की एकलपीठ ने इसके लिए दो माह की मोहलत दी है। हाई कोर्ट ने यह भी कहा कि अंतिम निर्णय लेते समय जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा दिए गए अनापत्ति प्रमाण पत्र पर भी विचार करें।

याचिकाकर्ता छतरपुर निवासी आर्यांश खरे की ओर से अधिवक्ता अक्षांश श्रीवास्तव ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता के पिता स्कूल शिक्षा विभाग में असिस्टेंट ग्रेड-थ्री के पद पर पदस्थ थे। सेवाकाल के दौरान दो दिसंबर, 2022 को उनकी मृत्यु हो गई। याचिकाकर्ता ने अनुकंपा नियुक्ति का आवेदन दिया। शिक्षा विभाग ने इस आशय से अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया कि विभाग में उक्त पद रिक्त नहीं है। लिहाजा, आवेदक को किसी अन्य विभाग में समायोजित कर लिया जाए। याचिकाकर्ता ने इस संबंध में कलेक्टर को आवेदन प्रस्तुत किया। जिला शिक्षा अधिकारी ने भी कलेक्टर को उक्त अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रेषित कर दिया। इसके बावजूद कलेक्टर ने आवेदन पर निर्णय नहीं लिया। इसीलिए हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई।

65 कॉलेजों में बीएड की 5560 सीटें हैं, 1700 से अधिक खाली

## बीएड में तीन राउंड की काउंसलिंग के बाद भी सीटें खाली, 30 जुलाई तक होंगे एडमिशन

हरिभूमि, जबलपुर

प्रदेशभर के बीएड कॉलेजों में अभी भी



बीस से 25 प्रतिशत तक सीटें खाली हैं। कुल करीब 671 बीएड कालेजों में प्रवेश के लिए अतिरिक्त चरण की काउंसलिंग प्रक्रिया चल रही है।

बीएड के करीब 58 हजार सीटों में से 47 हजार सीटों पर प्रवेश हुए हैं। अब भी 11 हजार सीटें खाली रह गई हैं। तीन चरण की काउंसलिंग प्रक्रिया पूरी होने के बाद करीब 20 प्रतिशत सीटें खाली बची हैं। वहीं एनसीटीई के प्रमुख कोर्सेस में एमएड, बीएबीएड, बीएससी बीएड, बीएड एमएड, बीएलएड, बीएड पार्ट टाइम और बीपीएड हैं। एनसीटीई के सभी 10 पाठ्यक्रमों में 71 हजार सीटों पर 54 हजार प्रवेश हो चुके हैं। अब करीब 16 हजार सीटें खाली हैं। अधिकारियों का कहना है कि 25 जुलाई को सीटें आवंटित की जाएगी।

### अतिरिक्त चरण में करीब 17 हजार पंजीयन

अतिरिक्त चरण में एनसीटीई के सभी पाठ्यक्रमों के लिए करीब 17 हजार पंजीयन हुए हैं। दस्तावेजों के सत्यापन की गुरुवार को आखिरी तारीख थी। अब तक 12 हजार सत्यापन हुए हैं। एनसीटीई का सबसे ज्यादा डिमांड वाला कोर्स बीएड का है। इसमें अतिरिक्त चरण में 15 हजार ने पंजीयन कराया है नौ हजार विद्यार्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन हुआ है।

## वोकेशनल ट्रेनर्स की नियुक्ति पर रोक लगाई

**जबलपुर।** हाईकोर्ट ने विभिन्न स्कूलों में वोकेशनल ट्रेनर्स की नियुक्ति पर आगामी सुनवाई तक रोक लगा दी है। जस्टिस संजय यादव की एकलपीठ ने मानव संसाधन मंत्रालय के सचिव और नेशनल स्किल डेवलपमेंट काउंसिल के सचिव से 10 दिन के भीतर जवाब मांगा है। मामले पर अगली सुनवाई 5 अगस्त को होगी। सागर निवासी गोविंद प्रसाद सेन सहित प्रदेश भर के 4 सौ से अधिक संविदा वोकेशनल ट्रेनर्स की ओर से याचिकाएं दायर की गई हैं। याचिकाकर्ताओं की ओर बताया गया कि विगत 2 जुलाई को व्यावसायिक प्रशिक्षकों की नियुक्ति के लिए एक विज्ञापन जारी किया गया है। दलील दी गई कि पूर्व से इस पद पर कार्य कर रहे प्रशिक्षकों को हटाकर नए सिरे से वोकेशनल ट्रेनर्स की नियुक्ति की जा रही है, जोकि अनुचित है। याचिकाकर्ता पिछले 10 वर्षों से भी अधिक समय से काम कर रहे हैं। इस विज्ञापन के चलते कार्यरत ट्रेनर्स को भी नए सिरे से पूरी प्रक्रिया यानी परीक्षा व साक्षात्कार से गुजरना पड़ेगा।

## फैक्ट्री मालिकों को पुलिस ने 1 दिन की रिमांड पर लिया

# जांच में अब तक नहीं पता चला कबाड़खाने में क्या फटा



**जबलपुर।** रजा मैटल के कबाड़खाने में हुये खौफनाक हादसे के बाद जिला एवं निगम प्रशासन हरकत में आया था और कबाड़ से जुड़े हर काम की जांच का अभियान चलाया था। लेकिन गुरुवार को रिछाई इंड्रस्टियल क्षेत्र में हुये ब्लास्ट ने उस पूरे अभियान की पोल खोल दी। अधारताल थाना पुलिस ने सूर्या बायोटेक प्रोडक्ट्स एवं एलाईटइंडस्ट्रियल इंटरप्राईजेज में हुये ब्लास्ट की प्रारंभिक जांच में यह बातें सामने आईं कि कारखाने में सुरक्षा से जुड़े कोई इंतजाम नहीं थे। कबाड़ कहा से आया इसकी कोई व्यवस्थित जानकारी नहीं है। पूरे गोदाम में गैस सिलेंडर से लेकर नुकीले लोहे तक बेतरतीब फैले हुये मिले, काम करने वाले मजदूरों की सुरक्षा के लिये बेसिक उपकरण और इंतजाम भी नहीं थे। अब तक की जांच पड़ताल में पुलिस का कहना है कि बम विस्फोट तो नहीं हुआ, या तो गैस सिलेण्डर फटा है या अग्निशमन यंत्र के ब्लास्ट होने से यह हादसा हुआ है। फिलहाल कारखाना संचालक जैन बंधुओं को पुलिस ने शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने आरोपियों को एक दिन की रिमांड पर पुलिस को सौंप दिया है।

गौरतलब है कि अधारताल थाना पुलिस ने सूर्या बायोटेक प्रोडक्ट्स एवं एलाईट इंडस्ट्रियल इंटरप्राईजेज के स्क्रैप मैटेरियल कारखाना में एलपीजी से संबंधित अग्निशमन यंत्र (एम्युनेशन) में ब्लास्ट होने से एक मजदूर की मौके पर मौत हो गई। हादसे में 2 मजूदर घायल हुए जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल भेजा गया है। गुरुवार को हादसे में मारे गये राजा का अंतिम संस्कार शुक्रवार को किया गया।

### तमाम एंजेसियां जांच में जुटी

शुक्रवार को भी बीडीडीएस, एफएसएल, डॉग स्क्वाड एवं सीओडी के एक्सपर्ट समेत कई टीमें मौके पर पहुंचीं। मामले की गहन जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि अग्निशमन यंत्र के फटने से हादसा हुआ जिसकी चपेट में अन्य संवेदनशील वस्तुएं आती चली गईं। निरीक्षण करने पहुंचे पुलिस अधिकारियों का मानना है कि, फैक्टरी मालिक कपिल जैन और सनिल जैन को उनके कार्य की संपूर्ण जानकारी थी। कारखाना में लापरवाही से किसी व्यक्ति की मौत हो सकती है, इसके बावजूद कोई प्रभावी सुरक्षात्मक इंतजाम नहीं किए गए। प्राथमिक जांच में पुलिस को पता चला है कि, मृतक अभिषेक उर्फ राजा चौधरी कार्य कौशल में दक्ष नहीं था, वह कुशल श्रमिक नहीं था।

### स्क्रैप खरीदने, बेचने का काम फैक्ट्री में होता है

थाना प्रभारी अधारताल राजकुमार खटीक ने बताया कि, सूर्या बायोटेक प्रोडक्ट्रस एण्ड एलाईट इंडस्ट्रियल इंटरप्राईजेज जो कि एक ही स्थान पर 2 भाईयों कपिल जैन एवं सनिल जैन की स्क्रैप मैटेरियल खरीदने बेचने एवं हार्डवेयर का सामान बनाने की फैक्ट्री है। फैक्टरी में विस्फोट से यहां कार्यरत अभिषेक उर्फ राजा चौधरी पिता गेंदालाल चौधरी 24 वर्ष निवासी वर्मा किराना के पीछे चांदमारी तलैया घमापुर की मौत हो गई है। घटनास्थल पर बहुत सारा कबाड़ एवं लोहा स्क्रैप पड़ा हुआ है। मेडिकल कॉलेज पहुंची पुलिस को गेंदालाल चौधरी ने बताया कि, बेटा अभिषेक उर्फ राजा चौधरी लगभग एक सप्ताह से कपिल जैन के कबाड़खाना में कार्य कर रहा था। गुरुवार दोपहर 12 के करीब उसे फोन पर बताया गया कि राजा के साथ कोई दुर्घटना हो गई है, जिसे मेडिकल लेकर गए हैं। अस्पताल पहुंचे तो बेटा अभिषेक मृत अवस्था में मिला।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240